

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 26 मार्च 2023 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष -5 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-354 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 27 मार्च 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### ट्रक पुल से गिरा

**पखांजुर,26 मार्च।** पखांजुर से भानुप्रतापुर जाने वाली मुख्य सड़क पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरा। यह हादसा रात की बताई जा रही है। पखांजुर से भानुप्रतापुर जाने वाली मुख्य सड़क पर पुल पर ट्रक अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिरा और ट्रक पानी में डूब गया। यहां किसी भी प्रकार का कोई भी संकेत बोर्ड या रेलिंग लाइन नही है। इसी कारण यहां आये दिन दुर्घटनाए होती रहती है। यह बीती रात की घटना बताई जा रही है, पखांजुर थाना अंतर्गत प्रेमनगर ग्राम पंचायत की घटना है।

### भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे ने की खुदकुशी

**वाराणसी,26 मार्च।** भोजपुरी इंडस्ट्री से एक बेहद बुरी खबर सामने आई है। भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे ने सुसाइड कर लिया है। इस बात पर किसी को भी विश्वास नहीं हो रहा है। आकांक्षा दुबे का नाम भोजपुरी इंडस्ट्री की खूबसूरत व टैलेंटिड एक्ट्रेसेस में शुमार था। ऐसे में उनके सुसाइड करने की खबर पर विश्वास करना वाकई मुश्किल है। हालांकि इसके पीछे कि क्या वजह रही इस बारे में कुछ भी कहना काफी मुश्किल है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आकांक्षा ने वाराणसी के एक होटल में फांसी लगा ली। जानकारी के मुताबिक बनारस के सारनाथ में स्थित शैलेंद्र होटल में एक्ट्रेस ने फांसी लगाई है। हालांकि इस बारे में भी तक आधिकारिक तौर पर कोई खबर सामने नहीं आई है।

### वित्त मंत्री ने पुरानी पेंशन को लेकर किया बड़ा ऐलान


**नई दिल्ली,26 मार्च।** वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि समिति की अध्यक्षता वित्त सचिव करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है। इसलिए पेंशन के इस मुद्दे को देखने के लिए वित्त सचिव के तहत एक समिति गठित करने का प्रस्ताव किया गया है। हालांकि हाल में ही कुछ राज्यों ने पुरानी पेंशन योजना को अपना लिया है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि समिति की अध्यक्षता वित्त सचिव करेंगे। उन्होंने कहा कि रकारी कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है। इसलिए पेंशन के इस मुद्दे को देखने के लिए वित्त सचिव के तहत एक समिति गठित करने का प्रस्ताव किया गया है। हालांकि हाल में ही कुछ राज्यों ने पुरानी पेंशन योजना को अपना लिया है।

पुरानी पेंशन योजना के तहत सरकारी कर्मचारी को रिटायरमेंट के बाद पूरी पेंशन राशि का भुगतान सरकार के जरिए किया जाता है। रोजगार की अवधि के दौरान कर्मचारी के वेतन से पेंशन की राशि नहीं काटी जाती है। हालांकि 2004 में एनडीए सरकार के जरिए पुरानी पेंशन योजना को बंद कर दिया गया था। तब अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली की शुरुआत की थी।

### बिजली गिरने से 350 भेड़-बकरियों की मौत

**उत्तरकाशी, 26 मार्च।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में शनिवार रात को बिजली गिरने से 350 से ज्यादा भेड़-बकरियां की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भटवाड़ी ब्लॉक के बारसू गांव के तीन लोग अपनी हजार से ज्यादा भेड़-बकरियों को ऋषिकेश से उत्तरकाशी लेकर जा रहे थे। रात को वे डुंडा तहसील के खट्टूखाल के पास पहुंचे थे। इस दौरान लगातार बारिश हो रही थी और तेज आंधी चल रही थी। रात करीब 9 बजे बिजली गिरी और उसकी चपेट में आने से 350 से ज्यादा भेड़-बकरियों की मौत हो गई।

**रायपुर। जतमई-घटारानी स्थित देवी मंदिर में नवरात्रि पर रोज हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए जा रहे हैं।**





# राहुल गांधी की सांसदी जाने के विरोध में कांग्रेस का सत्याग्रह




**नई दिल्ली,26 मार्च।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के विरोध में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता देशव्यापी सत्याग्रह कर रहे हैं। दिल्ली में राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि स्थल के पास भी कांग्रेस सत्याग्रह के लिए जुटे, लेकिन दिल्ली पुलिस ने इसकी इजाजत नहीं दी। कांग्रेस नेता जदगीश टाइटलर भी इस विरोध-प्रदर्शन में शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस के कई अन्य नेता दिल्ली में राजघाट पर आयोजित संकल्प सत्याग्रह में शामिल हुए। कांग्रेस पार्टी के अनुसार राहुल गांधी के प्रति एकजुटता प्रकट करते हुए यह संकल्प सत्याग्रह सभी प्रांतों एवं जिलों में महात्मा गांधी की प्रतिमाओं के समक्ष हो रहा है। सत्ताधारी कांग्रेस ने रविवार को जयपुर के कलेक्ट्रेट सर्किल पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ सत्याग्रह शुरू किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख गोविंद सिंह डोटासरा, राज्य सरकार में मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, महेश जोशी, भजन लाल जाटव समेत कई नेता सत्याग्रह में मौजूद हैं। डोटासरा ने दावा किया कि आंदोलन केंद्र सरकार द्वारा विपक्ष की आवाज दबाने के खिलाफ है। राहुल गांधी ने एक भाषण दिया जिसके चलते उन्हें सजा हुई लेकिन मोदी जी ने तो न जाने कितने भाषण गांधी परिवार और कांग्रेस के खिलाफ दिए उनपर तो कब का मानहानि का केस लगाकर शिक्षा देनी चाहिए थी- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, दिल्ली

### सत्याग्रह के दौरान प्रियंका गांधी का छलका दर्द

**नई दिल्ली,26 मार्च।** सत्याग्रह को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने 32 वर्ष पुरानी बातों का भी जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि 32 साल पुरानी बात है, मेरे पिता की शवयात्रा तीन मूर्ति भवन से निकल रही थी। मैं अपनी मां और भाई के साथ गाड़ी में थी। थोड़ी देर काफिला चला, फिर राहुल ने कहा मैं उतरना चाहता हूं, मां ने सुरक्षा कारणों से मना किया। मगर वो गाड़ी से उतरा और कड़ी धूप में पैदल चलते चलते यहां राजघाट पहुंचा। वो चित्र मेरे दिमाग में अभी भी है कि इस तिरंगे में मेरे शहीद पिता का शव यहां पहुंचा। उसके पीछे चलकर मेरा भाई यहां पहुंचा और मेरे पिता का अंतिम संस्कार किया। आपके एक मंत्री कहते हैं कि राहुल गांधी को पता भी नहीं है कि उनका पिता कौन है? उन्होंने कहा कि जिस संसद में मेरे शहीद पिता का अपमान होता है, शहीद प्रधानमंत्री के बेटे को मीर जाफर बोला जाता है। मेरे पूरे परिवार का अपमान होता है, पूरे कश्मीरी समाज के रिवाज का अपमान होता है, लेकिन इसके बाद भी इनपर कोई मुकदमा नहीं होता। उन्होंने आगे कहा कि एक पूरी सरकार एक आदमी को बचाने में क्यों खड़ी है? उन्होंने कहा कि पीएम कायर है और डरा हुआ है। वो बेहद ही अहंकारी व्यक्ति है। हिंदुस्तान और हिंदू धर्म की पुरानी परंपरा है कि अहंकारी को हमेशा सबक सिखाया गया है। उन्होंने कहा कि लगा दो मुझ पर भी केस, डाल दो जेल में मगर सच्चाई है कि देश का प्रधानमंत्री कायर है।

## प्रदेश कांग्रेस ने किया संकल्प सत्याग्रह

**रायपुर,26 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के विरोध में कांग्रेस प्रदर्शन कर रही है. संसदीय सचिव विकास उपाध्याय के हाथ में एक पोस्टर था जिसमें लिखा था कि अडानी की शेल कंपनियों में 20 हजार करोड़ किसके हैं ?. जेपीसी जांच से क्यों मोदी सरकार भाग रही है?. जब हम अडानी से सवाल कर रहे हैं तो बीजेपी अडानी का बचाव क्यों कर रही है ?दरअसल, पार्टी के नेता और कार्यकर्ता आज महात्मा गांधी की प्रतिमाओं के सामने एक दिवसीय सत्याग्रह कर रहे हैं. पार्टी के अनुसार, राहुल गांधी के प्रति एकजुटता दिखाते हुए यह 'संकल्प सत्याग्रह' सभी राज्यों और जिलों में महात्मा गांधी की प्रतिमाओं के सामने हो रहा है. यह शाम 5 बजे तक चलेगा. छत्तीसगढ़ में आज जिला और ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस प्रदर्शन करेगी. सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक प्रदेश के सभी जिला, नगर, ब्लॉक मुख्यालयों में भजन गाकर कांग्रेस विरोध जताएगी. महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास भजन गाकर अहिंसक प्रदर्शन करेंगे. बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता धरने पर बैठे हैं. धरना प्रदर्शन में महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, कांग्रेस जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे, कुमार मेमन, सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित हैं.बता दें कि संसद सदस्यता खत्म होने के बाद 25 मार्च को पहली बार राहुल गांधी मीडिया के सामने आए थे. जहां राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कई सवालों के जवाब दिए. सूरत कोर्ट मानहानि के मामले में राहुल गांधी को 2 साल की सजा सुना चुका है. इसके बाद लोकसभा सचिवालय ने नोटिफिकेशन जारी करके उनकी संसद सदस्यता खत्म कर दी. इन सबको लेकर राहुल गांधी ने निशाना साधा था. राहुल गांधी ने कहा था कि जैसा कि मैं पहले भी कह चुका हूं कि हमारे देश में लोकतंत्र पर आक्रमण हो रहा है. हमें इसके नए-नए उदाहरण देखने को मिल रहे हैं. आरोप लगाते हुए राहुल ने कहा कि अडानी के शेल कंपनियां हैं. उसमें 20 हजार करोड़ का निवेश है. वो किसके हैं? अडानी और पीएम मोदी का रिश्ता पुराना है.




**रायपुर,26 मार्च। विधायक विकास उपाध्याय ने काली पट्टी बांधकर व मुंह में ताला लगाकर धरना दिया।**

## छह मासूम बालिकाएं डंपर की चपेट में ,दो की मौत



**रायगढ़,26 मार्च।** सारंगढ़ में एक बड़ा सड़क हादसा सुबह के समय हुआ। तेज गति आ रहे डंपर ने छह मासूम बच्चियों को अपने चपेट में ले लिया। इस दिल दहला देने चाली दर्दनाक हादसे में मौके पर ही दो बच्चियों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक एक गंभीर रूप से घायल हुई जिससे तुरंत रायगढ़ रिफर किया गया है। तो वहीं तीन बालिकाओं को चोटें लगी हैं। अभी तीनों बालिका खतरे से बाहर है।

### ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

मिली जानकारी के मुताबिक सारंगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बटाऊपाली (ब) में सिदार मोहल्ले की छह बच्चियां किसी पुजाई कार्यक्रम मे आई थीं, जो आज सुबह करीब 7.30 बजे नहाने के लिए दानसरा से सालर के बीच बटाऊंपाली (ब) में नेशनल हाईवे के किनारे पैदल तालाब जा रही थीं। ठीक इसी समय तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित हो गई और उसने सभी को चपेट में ले लिया।

दुर्घटना को अंजाम देने के पश्चात डंपर चालक फरार हो गया। हृदय विदारक दुर्घटना देख प्रत्यक्षदर्शियों और ग्रामीणों में चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने बच्चियों को आनन-फानन में सारंगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक दो बच्चों की मौत हो गयी है और एक की हालत गंभीर बताई जा रही है जिसे इलाज हेतु रायगढ़ रिफर किया गया है। बाकी तीन बच्चियां घायल हैं लेकिन खतरे से बाहर है।

डंपर की चपेट में आए बच्चियों में राखी सिदार 17 वर्ष, कविता सिदार 10 वर्ष, अंजू सिदार 16 वर्ष,भारती सिदार एक वर्ष, डिंकी सिदार (10 वर्ष) और अंतरा सिदार 13 वर्ष है। सड़क हादसे के पश्चात ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामवासियों और परिजनों ने नेशनल हाईवे में चक्का जाम कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। दुर्घटना और चक्का जाम की सूचना पर प्रशासन की और पुलिस टीम घटनास्थल पहुंची है।

### दो ट्रकों में टक्कर, एक के चालक-परिचालक की मौत

**कवर्धा,26 मार्च।** दो तेज रफ्तार ट्रकों की आपस में भिड़ंत हो गई, जिसमें एक ट्रक में सवार चालक-परिचालक की मौत हो गई, वहीं दूसरे ट्रक का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल किया गया है.

जानकारी के अनुसार, नेशनल हाइवे 30 रायपुर-जबलपुर मार्ग पर पोंडी के बायपास की दुर्घटना हुई, जिसमें रायपुर की ओर से आ रही सीमेंट से लदी ट्रक मध्यप्रदेश की ओर से रायपुर की ओर जा रही पटिया से भरे ट्रक से जा टकराई.

## अतीक अहमद को साबरमती जेल से प्रयागराज लाएगी पुलिस

**लखनऊ,26 मार्च।** उमेशपाल हत्याकांड के मामले में अतीक अहमद और उसका भाई अशरफ आरोपी हैं.अतीक अहमद जहां गुजरात के साबरमती जेल में बंद है तो वहीं, अशरफ बरेली जेल में कैद है. यूपी पुलिस गैंगस्टर अतीक को गुजरात जेल से प्रयागराज लाने की तैयारी कर रही है. इसके लिए पुलिस रविवार को अहमदाबाद की साबरमती जेल पहुंची थी.बताया जा रहा है कि पुलिस अतीक को सड़क के रास्ते से प्रयागराज लाएगी. इसमें करीब 36 घंटे का समय लग सकता है. यूपी पुलिस अतीक को दोपहर 3 बजे साबरमती जेल से लेकर निकलेगी. इससे पहले अतीक का मेडिकल टेस्ट भी किया जाएगा. सूत्रों के मुताबिक अतीक से पुलिस प्रयागराज में उमेशपाल हत्याकांड के मामले में पूछताछ करेगी.अतीक के प्रयागराज लाने के लिए पुलिस शिवपुरी से झांसी का रूट लेगी. वहीं अतीक के भाई अशरफ को भी बरेली जेल से प्रयागराज लाया जा सकता है. इससे पहले शुक्रवार रात को गुजरात की जेलों में करीब 1700 पुलिसकर्मियों और अफसरों ने अचानक सर्च अभियान चलाया था. इनमें से सबसे खास रही साबरमती जेल, जिसमें अतीक अहमद को रखा गया है.

यूपी में पूर्व विधायक राजूपाल हत्याकांड में 18 साल से फरार चल रहे आरोपी और अतीक अहमद का शार्प शूटर अब्दुल कवी पर अब पुलिस ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर दिया है.सीबीआई, एसटीएफ और पुलिस 18 साल से उसकी गिरफ्तारी में लगी हुई है. 24 फरवरी को उमेश पाल हत्याकांड के बाद पुलिस फिर से सक्रिय हो गई. अब्दुल कवी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है. पहले उसके ऊपर 50 हजार का इनाम था जिसे बढ़ाकर एक लाख रुपए कर दिया गया.वहीं, उमेश पाल और उनके दो सरकारी गनर की हत्या को महीनेभर से ज्यादा बीतने के बाद भी शूटरों का कोई सुराग नहीं मिल रहा है. गुजरात के साबरमती जेल में बंद अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन और बेटे असद की तलाश में पुलिस खाक छान रही है. अब दायरा 7 राज्यों तक फैल गया है.

## इसरो ने लॉन्च किया देश का सबसे बड़ा रॉकेट




**श्रीहरिकोटा,26 मार्च।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने एक बड़ी सफल लॉन्चिंग की है। रविवार को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से देश का सबसे बड़ा रॉकेट LVMx लॉन्च किया गया। खास बात यह है कि यह रॉकेट अपने साथ 36 सैटलाइट लेकर गया है। यह रॉकेट रविवार सुबह 9 बजे लॉन्च किया गया। इसके लिए एक दिन पहले ही काउंटडाउन शुरू कर दिया गया था। ढ्ढस्रह्र के मुताबिक यह रॉकेट पृथ्वी की 450 किलोमीटर सर्कुलर ऑर्बिट36 वनवेब जेन-1 सैटलाइट स्थापित करेगा जिनका कुल वजन 5805 किलो है। एमवीएम3 इससे पहले पांच बार सफलतापूर्वक लॉन्च किया जा चुका है। चंद्रयान-2 अभियान में भी इसी का इस्तेमाल किया गया था। इसरो और वनवेब ने 72 सैटलाइट लॉन्च करने को लेकर समझौता किया है। इससे पहले 23 अक्टूबर 2022 को 36 सैटलाइट लॉन्च किए गए थे। बता दें कि इर रॉकेट की लंबाई 43.5 मीटर है। इसरो और वनवेब ने 72 सैटलाइट लॉन्च करने को लेकर समझौता किया है। इससे पहले 23 अक्टूबर 2022 को 36 सैटलाइट लॉन्च किए गए थे। वेबवन ग्रुप कंपनी ब्रिटने की है और इसने इसरो की वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड के साथ करार किया था। इस लॉन्चिंग के साथ ही वेबवन कंपनी के 616 उपग्रह अंतरिक्ष में पहुंच चुके हैं। इसरो ने इस साल यह दूसरी लॉन्चिंग की है।

## एक नजर

### यूथ क्लब के नए अध्यक्ष बलबीर खनूजा ने पदाधिकारी की घोषणा की

**कवर्धा 26 मार्च।** विगत दिनों यूथ क्लब की सामान्य सभा की बैठक हुई थी जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष बलबीर खनूजा के नाम पर मुहर लगी । यूथ क्लब के नए अध्यक्ष बलबीर खनूजा ने नए पदाधिकारी उपाध्यक्ष- अतुल देशलहरा, अमरजीत सिंह छाबड़ा, सचिव- जसवंत सिंह छाबड़ा, सहसचिव- संजय तिवारी कोषाध्यक्ष- प्रमोद लूनिया, कार्यकरणी- प्रमोद नाहटा, संतोष तंबोली, अजय कमल, प्रशांत पारख, प्रीतम चावला, दिलीप नहाटा, अभय जैन, संतोष कोचर, कमलेश मिश्र, महेश जैन, दीपक विश्वकर्मा के नामों की घोषणा की । एक अप्रैल से अध्यक्ष बलबीर खनूजा कार्यभार ग्रहण करेंगे ।



### उतई मंडल के शक्ति केंद्र विस्तार के लि बैठक 25 अप्रैल को

**उतई 26 मार्च।** बूढ़ादेव मंदिर में उतई मंडल के शक्ति केंद्र विस्तारक की आवश्यक बैठक 25 अप्रैल को आयोजित की गई थी ।जिसमे पाऊवारा निवासी कुंवरगढ़ सेलून संचालक सुरेश कुमार सेन ने भाजपा की रीति निति से प्रभावित होकर जिला भाजपा मंत्री रोहित साहू के अनुसंशा से विधानसभा प्रभारी गौरी शंकर श्रीवास जी के द्वारा शाल श्रीफल व भाजपा के गमछा पहनाकर भारतीय जनता पार्टी परिवार में शामिल किया गया ।जिस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर कर बधाई प्रेषित किया है ।इस दौरान नूतन निर्मलकर बिमला कामढे शीतला ठाकुर दानेश्वरी देशमुख चंद्रशेखर बंजारे रामकृष्ण साहू फत्ते लाल वर्मा रूपनारायण शर्मा सोनू राजपूत रूपेश पारख सतीश चंद्राकर योगेश ठाकुर प्रवीण यदु फलेंद राजपूत देवेंद्र भारती थानेश्वर यादव नवाब खान आदि थे।

### नव विवाहिता की मौत मामले में ससुरालियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई, 26 मार्च।** छावनी थाना क्षेत्र में नव विवाहिता की जलकर मौत मामले में छावनी पुलिस ने पति सहित ससुरालियों के खिलाफ धारा 304 बी के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार सरगुजा जिले के अंबिकापुर निवासी अशोक कुमार ने बताया कि उसने सामाजिक रीति रिवाज से अपनी बेटी पूनम गुप्ता का विवाह 17 अप्रैल 2022 को भिलाई निवासी अनिल गुप्ता से की थी। गरीब होने के चलते उसने बेटी का विवाह सम्मेलन में कराया था। शादी के बाद जब उसकी बेटी ससुराल आई तो आते ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। पूनम के साथ ससुराल वाले मारपीट भी करते थे, लेकिन उसने अपनी तकलीफ अपने माता पिता को नहीं बताया। इसी बीच 1 फरवरी 2023 को उसने बेटी को जन्म दिया। बेटी पैदा होने पर ससुराल वाले आग बबूला हो गए। सास शैल कुमारी, ससुर उमा शंकर गुप्ता और पति अनिल, जेठ संजय, जेठानी शामली और ननद ज्योति उसे बेटी पैदा की हो करके प्रताड़ित करने लगे और उसके साथ मारपीट तक की। 15 मार्च 2023 को रात 2.30 बजे पूनम की सास ने अशोक कुमार को बताया कि उनकी बेटी ने खुद के ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा ली है। सूचना मिलते ही पूरा परिवार भिलाई पहुंचा। उसे इलाज के लिए सेक्टर 9 हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां पूनम ने इलाज के दौरान 23 मार्च को दम तोड़ दिया। इस मामले में परिजनों ने आज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पूरे मामले की जानकारी जैसे ही एसपी डॉ अभिषेक पल्लव के पास पहुंची। तत्काल इस मामले में एक्शन लिया गया। इसके बाद छावनी पुलिस ने इस मामले में आरोपी पति अनिल गुप्ता, सास श्रीमती शैल कुमारी गुप्ता, ससुर उमाशंकर गुप्ता जेट संजय कुमार गुप्ता, जेठानी श्रीमती शालिनी गुप्ता, और ननद ज्योति गुप्ता के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।



### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ सम्मान समारोह

**भिलाई, 26 मार्च।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कविता पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में सेक्टर-11, जोन-2, खुर्सीपार, श्री राम चौक, सामाजिक भवन में 112यां महोत्सव आयोजित किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं उपस्थित हुई। महिलाओं द्वारा रक्तदान भी किया गया। महिलाओं के लिये विशेष कैम्प जांच हेतु नि:शुल्क कराया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शमशाद बेगम, गुण्डरदेही पद्मश्री ख्याति प्राप्त उपस्थित थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रज्ञाबोध, प्रदेश अध्यक्ष महिला सशक्तिकरण, मीना नारनवरे, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सशक्तिकरण, सुश्री शांता शर्मा, छ.ग. संस्कृति, श्रीमती वर्षा बंड, वरिष्ठ समाज सेविका, श्रीमती वर्षा बागडे, अध्यक्ष दि बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इंडिया, बुद्ध विहार, सेक्टर-6, डॉ. स्वाति माथुलकर, सिटी केयर हॉस्पिटल मिलाई-3, प्रमिला मानिकपुरी, उपाध्यक्ष कविता पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन छ.ग. उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि व विशिष्ट अतिथि महिलाओं का स्मृति चिन्ह देकर फूल मालाओं से कविता पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा स्वागत किया गया।

### निधन

### शिव कुमारी साहू

**उतई 26 मार्च।** 7 वार्ड क्रमांक 6 नगर पंचायत उतई निवासी मंगल साहू की धर्मपत्नी शिव कुमारी साहू का आकस्मिक निधन हो गया 7 जिनका अंतिम संस्कार नगर पंचायत उतई के स्थानीय मुक्तिधाम में 12:00 बजे किया जाएगा 7 वह उद्घोषक एवम कांग्रेस पार्टी के बुथ प्रभारी मुकेश साहू एवं मिथलेश साहू माता जी थीं ।



---

**प्रधानमंत्री मोदी पिता की तरह करते हैं महिला हितों की रक्षा:सरोज पांडेय**

# स्त्री हर संस्कृति के केंद्र में होकर भी केंद्र से दूर है:रेखा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 मार्च।** भिलाई नगर में महिला जागरूकता सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा उपस्थित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने की। विशेष अतिथि के रूप में पद्मश्री उषा बारले एवं विभा अवस्थी तथा महिला महाविद्यालय की प्रिंसिपल संध्या मदन मोहन उपस्थित रहीं। शुभारंभ माँ सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया, तत्पश्चात राज्य गीत गाया गया। महिला जागरूकता सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज भी महिला को अपने अधिकारों और हितों की लड़ाई लड़नी पड़ती है और यह लड़ाई लड़की के पैदा होने से शुरू हो जाती है। भारत में विभिन्न संस्कृतियों का संगम है। स्त्री हर संस्कृति के केंद्र में होकर भी केंद्र से दूर है। समाज अपनी आवश्यकता के अनुसार स्त्री को ढालता आया है। उसके सोचने से लेकर उसके जीवन जीने के ढंग को पुरुष अभी तक नियंत्रित करता आया है और आज भी करने की कोशिश करता रहता है। पितृसत्तात्मक समाज ने वह सब अपने अनुसार तय किया है। जब-जब सशक्तिकरण का सवाल उठता है तब-तब समाज ही कटघरे में खड़ा होता है । समाज में बदलावों के लिए संघर्ष चलता रहता है । महिला जागरूकता सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं को चैत्र नवरात्र की बधाई देते हुए राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने अपने संबोधन में कहा की हमने छत्तीसगढ़ में कई सम्मेलन किए हैं लेकिन आज का यह महिला जागरूकता सम्मेलन कई मायनों में अलग है। जब हम इस पुरुष प्रधान समाज में काम करने या अपनी पहचान बनाने निकलते हैं तो बहुत सारी तकलीफों के साथ मजबूती के साथ में हमें लड़ना पड़ता है और लड़कर अपना स्थान बनाना पड़ता है लेकिन बिना संघर्ष के आपको कुछ भी नहीं मिलता और जब हम संघर्ष करते हैं तो बहुत सारे आक्षेप भी लगते हैं कई बार हमारी प्रतिभा पर प्रश्न चिन्ह लगता है उस प्रतिभा को बार-बार दबाने की कोशिश होती है। मैं आप सब से कहना चाहूंगी जो चीज आप ने तय किया है ताकत के साथ आगे बढ़ चलिए, कोई भी ताकत आपको रोक नहीं सकती और आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में एक ऐसे व्यक्ति देश का नेतृत्व कर रहे हैं जो अपनी बच्चियों को प्यार से उनका ख्याल रखते हैं जैसे हमारे यहां हमारे पिता चिंता करते हैं वैसे ही चिंता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हम बहनों की भी करते हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा आपने सुना होगा अगर यह नारा किसी देश के प्रधानमंत्री ने दिया है तो पहली बार हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है। कार्यक्रम में समाज में विशेष रूप से अपना योगदान देने वाली मातृशक्तियो को सम्मानित किया गया, बैंक के अधिकारियों द्वारा महिलाओ को बैंक द्वारा मिलने सुविधाओ के बारे में बताया गया। विधि विभाग के अधिकारियों के द्वारा महिलाओं से उनके अधिकारों एवं हितों से जुड़े कानूनों पर उनसे बात की गई ।खादी ग्रामोद्योग के द्वारा स्टाल लगाया गया था। मनमोहक पंथी नृत्य प्रस्तुत किया गया। राखी राय की टीम द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री उषा टावरी, चंद्रिका चंद्राकर, माया बेलचंदन, सरिता मिश्रा, पूनम शुक्ला, मंजूषा साहू, स्वाति साहू, महिला महाविद्यालय की समस्त स्टाफ, भिलाई दुर्ग की समस्त स्व सहायता समूह एवं उनके प्रमुख सहित भिलाई दुर्ग के राजनीति, शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं उपस्थित हुई।



# पुलिस नाकाबंदी को देखकर अंतर्राज्यीय पशु तस्कर मवेशी से भरा वाहन छोड़कर फरार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 26 मार्च।** कबीरधाम जिले के थाना तरेगांव जंगल में दिनांक-25.03.2023 को क्षेत्र के विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि ट्रक क्रमांक यु.पी. 16 ई.टी. 9618 के चालक द्वारा अवैध रूप से मवेशियों को भरकर ग्राम अंधरी कछार तरफ से मवई (म.प्र.) की ओर कत्लखाना ले जा रहा है। की सुचना पर तत्काल थाना प्रभारी के द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुये जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों को उक्त सूचना से अवगत कराया गया। जिस पर कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला श्री जगदीश उइके के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोड़ला निरीक्षक व्यासनारायण चुरेन्द्र एवं हमराह स्टाप व सउनि मुकेश कुमार साहु थाना तरेगांव जंगल के हमराह स्टाप के संयुक्त टीम द्वारा ग्राम तरसिंग में नाकाबंदी पाईट लगाया गया कुछ देर बाद मुखबिर के बताये अनुसार संदिग्ध ट्रक क्रमांक यु.पी. 16 ई.टी. 9618 आते दिखाई दिया जो सामने पुलिस को देखकर नाकाबंदी स्थल से करीबन 200 मीटर पहले ही वाहन को खड़ाकर जंगल व अंधेरा का फायदा उठाकर भग गया खड़ी वाहन का पुलिस स्टाप द्वारा गवाहों के समक्ष तलाशी लिया गया। जिसमें 12 नग भैसा, 07 नग मैसी कुल 19 नग भैसा मैसी पाया गया जिसका तलाशी पंचनामा तैयार किया गया। उक्त मवेशियों को निर्दयता व कुरतापूर्वक गाड़ी में भरकर बिना चारा पानी के ट्रक क्रमांक यु.पी. 16 ई.टी. 9618 में भरकर कत्लखाना ले जाते परिवहन करते पाये जाने से 19 नग भैसा भैसी किमती करीबन 190000/- रू व पुरानी इस्तेमाली ट्रक क्रमांक यु.पी. 16 ई.टी. 9618 किमती करीबन 1000000/- रू कुल जुमला 1190000/- रू. को मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त किया गया व अज्ञात आरोपी ट्रक चालक के विरुद्ध अपराय पंजीबद्ध कर छ.ग. पशु, परि. अधि. 2004 की धारा 4,6, 10 एवं पशु क्रूरता निवा. अधि. 1960 की धारा 11 मोटर यान अधि. 1988 की धारा 66/192 मो. ही एक्ट का पाये जाने से मौके पर देहाती नालसी पर से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### मां महामाया मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने की पूजा , 1210 ज्योति कलश स्थापित



**कवर्धा 26 मार्च।** मां महामाया मंदिर में मां दुर्गा पंचमी में सुबह से ही बच्चे , महिला , यूवा , बुजुर्ग अगरबत्ती और दिया जलाकर नारियल और फूल चढ़ाकर मां महामाया की पूजा करते हुए दिखे । पुजारी अमित दुबे और पंडा ईश्वर मरकाम ने बताया की 1210 ज्योति कलश प्रज्वलित है । उन्होंने बताया की मां महामाया की सच्चे मन से की गई पूजा से मनोकामना पूर्ण होती है ।

### कवर्धा के वार्ड में जल और संपत्ति कर के लिए पहुंच रहे है स्टाफ



**कवर्धा 26 मार्च।** कवर्धा नगर पालिका के वार्ड में कर्मचारी पानी टेक्स, सम्पत्ति टैक्स और विभिन्न करो को जिन्होंने नगर पालिका आफिस में जमा नही किया है उनसे टैक्स लेने के लिए उनके निवास पहुंच रहे है । कवर्धा सीएमओ नरेश वर्मा के मार्गदर्शन में राजस्व स्टाफ और एनयूएलएम. डिपार्टमैन मिशन प्रबंधक सुश्री सुखबाई टोंडे, गोपाल पंडित पीआईयू और अन्य कर्मचारी सुबह से ही वार्डो में पहुंचकर लोगो को बता रहे है की समय पर जल कर , सम्पत्ति कर अवश्य जमा करे । लोगो का विभाग के कर्मचारियों को टैक्स जमा कर सपोर्ट भी कर रहे है।

### एसपीएसबी इंटर स्टील बास्केटबॉल चैंपियनशिप उद्घाटित, 8 टीमें आपस में भिड़ेंगी

**भिलाई, 26 मार्च।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित अंतर स्टील प्लांट बास्केटबॉल चैम्पियनशिप का 25 मार्च को सेक्टर-1 स्थित पंत स्टेडियम में शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) एम एम गद्रे मुख्य अतिथि के रूप में, विशेष अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) संदीप माथुर, महाप्रबंधक (कार्मिक नान वर्क्स) सूरज सोनी, सेफी के चेयरमैन एवं आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एन के बंछोर, आफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव परविंदर सिंह उपस्थित थे। इस चैंम्पियनशिप पर मौजूद अन्य अतिथियों में महाप्रबंधक (जनसंपर्क) प्रशान्त तिवारी, उप महाप्रबंधक (क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं) सहीराम जाखड़ एवं कार्मिक व क्रीड़ा विभाग से सदस्य उपस्थित थे। तीन दिवसीय इस चैंपियनशिप में विभिन्न इस्पात संयंत्रों की कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं। अंतर स्टील प्लांट बास्केटबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली टीमों में बोकारो स्टील प्लांट, दुर्गापुर स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट, टाटा स्टील प्लांट, जेएसडब्ल्यू बेल्लारी, राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड, विशाखापट्टनम, बर्नपुर स्टील प्लांट व मेजबान भिलाई स्टील प्लांट की टीम शामिल है। प्रारंभ में एन के बंछोर ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर मुख्य अतिथि एम एम गद्रे ने अपने संबोधन में भिलाई के गौरवशाली खेल इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि आप सभी का भिलाई में स्वागत है। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेले। हार या जीत महत्वपूर्ण नहीं है। आत्मीयता और भाईचारे की भावना महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। संचालन श्री सुप्रियो सेन ने किया।



# भारतीय जनता पार्टी धमधा मंडल की कार्यकारिणी घोषित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई 26 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी जिला दुर्ग के अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के अनुमोदन एवं जिला संगठन प्रभारी श्री राजीव अग्रवाल की सहमति से धमधा मंडल अध्यक्ष रोहित राजपूत ने अपनी कार्यकारिणी घोषित की। धमधा मंडल की नव घोषित कार्यकारिणी निम्नानुसार है- अध्यक्ष- रोहित राजपूत, उपाध्यक्ष- बहल वर्मा, दीपक चौहान, बृजेंद्र दानी, श्रीमती एकता ताम्रकार, महामंत्री- सुनील गुप्ता, भूषण धीवर, मंत्री- भूपेंद्र द्विवेदी, अमरदास टंडन, तोप सिंह साहू, प्रीतम यादव, रामनरेश चौहान, कोषाध्यक्ष- प्रभाकर शर्मा, सह कोषाध्यक्ष- हुकुमचंद डहरिया, कार्यालय मंत्री- पवन देवांगन, सह- कार्यालय मंत्री- मनहरण यादव मीडिया प्रभारी- मुंगेश वर्मा, सहमीडिया प्रभारी- लक्ष्मीनारायण यादव, सोशल मीडिया प्रभारी- प्रदीप ताम्रकार आईटी सेल मंडल संयोजक- दिनेश यादव कार्यकारिणी सदस्य- मन्ना महोबिया, कोमल जंघेल, कौशल साहू, अशोक यादव, चेतन सोनकर, देवेंद्र गुप्ता, चाणक्य वर्मा, कुमार कश्यप, वीर सिंह पटेल, देव कुमार वर्मा, तेजेश्वर जंघेल, नयन सिंह ठाकुर, यादराम सोनकर, अनिल सोनी, कामता वर्मा, राजकुमार साहू, रोहित साहू, हेमंत दास मानिकपुरी, छबीराम यादव, जबर चंद साहू, विश्वनाथ यादव, रामानंद वर्मा, शत्रुघ्न वर्मा, राधे वर्मा, श्रीमती दुलारी मिश्रा, श्रीमती ज्योति जैन, श्रीमती दुलारी वर्मा, श्रीमती शशि यादव, श्रीमती तारा देवी ताम्रकार श्रीमती पद्मिनी पाण्डेय, श्रीमती माया सिन्हा, गुलाब वर्मा, नैन दास डांगे, रंजीत सिंह वर्मा, संतोष निर्मलकर, मोहित बंजारे, संदीप टोन्ड्रे, नंदी साहू, केशव साहू, आनंद राम साहू, संजय राजपूत, हीरा सिंह राजपूत, गोकुल यादव, पूरन लाल वर्मा, रतिराम, पियूष ताम्रकार, लीलाधर वर्मा, मनमोहन साहू, रुमुक साहू, कामता पटेल।

स्थायी आमंत्रित सदस्य - लाभचंद बाफना, जय सिंह राजपूत, प्रशांत अग्रवाल, रमन यादव, देवी प्रसाद वर्मा, राजेंद्र ताम्रकार, हेमलाल वर्मा, नरेश साहू, नवीन जैन, इंद्रसेन यादव, गिरधर पटेल, चंद्रिका प्रसाद भट्ट, टीकम पटेल, भगत वर्मा, बलदाऊ पाल, बनऊ वर्मा, मलिक मोहम्मद कुरैशी।

विशेष आमंत्रित सदस्य - के.एल. भंडारकर, प्रेमशंकर शर्मा, श्रवण गुप्ता, कल्याण सिंह चौहान, बृजगोपाल, प्रेमचंद जैन, बुधराम यादव, प्रहलाद बनवासी, कौशल ताम्रकार, अवध ताम्रकार, राजेश जैन, भिखारी साहू, रामकुमार यादव, सोहन सिन्हा, भगवानदास, रूप सिंह साहू, दशरथ सिन्हा, मन्नू लाल यादव, मोहन साहू, दीपक सिंह चौहान, बीमन।

### आपसी विवाद में युवक पर कटर से हमला

**भिलाई, 26 मार्च।** आपसी विवाद में युवक पर कटर से हमला करने वाले आरोपी को भिलाई नगर पुलिस ने चंद घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। टीआई राजेश साहू ने बताया कि 24 मार्च की रात भिलाई नगर थाना पुलिस को डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली कि सेंट थामस स्कूल के पास आपसी विवाद में एक लड़के ने दूसरे लड़के को चाकू मार दिया है। सूचना पर भिलाई नगर पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंचकर डायल 112 के माध्यम से घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया और आरोपी हरीश यादव को चंद घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 307 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# चोरी, नकबजनी एवं मोबाईल लूटकर भागने वाला गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे

**पाटन 26 मार्च।** ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी, नकबजनी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव द्वारा आरोपियों की शीघ्र पतासाजी कर माल बरामद करने हेतु निर्देश प्राप्त हुये थे जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनंत साहू, एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा, थाना प्रभारी अम्लेश्वर निरीक्षक राजेंद्र यादव, थाना प्रभारी पाटन निरीक्षक राजकुमार लहरे व थाना प्रभारी रानीतराई उप निरीक्षक एनूराम देवांगन के नेतृत्व में थानों एवं एसीसीयू की संयुक्त टीम गठित कर पतासाजी हेतु लगाया गया था। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर उनका विस्तृत रूप से अवलोकन किया गया। जिसके परिणामस्वरूप आरोपियों के फुटेज प्राप्त हुए जिनकी पहचान सुनिश्चित करने हेतु विशेष सूत्र एवं सोशल मीडिया के माध्यम से फुटेज वायरल किया गया। वाहन का विस्तृत डिटेल निकालकर वाहन स्वामी बजरंगपारा अम्लेश्वर निवासी सागर निर्मलकर को पकड़कर पूछताछ किया गया जो कि प्रारंभिक पूछताछ पर गुमराह करता रहा किंतु सतत रूप से तथ्यात्मक



पूछताछ करने पर अपने साथी दुर्गानगर अम्लेश्वर निवासी शंकर सेठी, आशीष देवांगन, हर्ष शिंदे व विधि के विरूद्ध संघर्षरत एक बालक के साथ मिलकर विगत 08-09 माह से लेकर अभी तक थाना अम्लेश्वर, पाटन तथा रानीतराई क्षेत्रों में अलग-अलग समय पर चोरी व नकबजनी की घटनाओं को अंजाम देना और साथ ही साथ अपने उपरोक्त साथियों के साथ मिलकर उतई, भखारा, अभनपुर, सिमगा, राजनांदगांव, धमतरी, गरियाबंद एवं रायपुर के अलग-अलग क्षेत्रों से राह चलते लोगों से मोबाईल फोन उनके जेब से निकालकर चोरी करने की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया ।

# पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष आशा तंबोली ने मां महामाया की पूजा की

**कवर्धा 26 मार्च।** कवर्धा नगरपालिका की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती आशा श्याम तंबोली ने मां महामाया मंदिर पहुंचकर मां दुर्गा पंचमी में मां महामाया की पूजा की । सभी लोगो के जीवन में सुख समृद्धि और बेहतर स्वास्थ्य की मां महामाया देवी से कामना की । तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा करते हुए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती आशा तंबोली ने कहा की मां महामाया की जो पूजा सच्चे मन से करते है उनकी मनोकामना पूर्ण होती है ।



# महापौर और निगम आयुक्त ने विकास कार्यों का लिया जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 मार्च।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं इसके तहत सिविक सेंटर का अर्जुन रथ परिसर अतिशीघ्र भव्य स्वरूप में नजर आने वाला है, इसका कार्य लगभग अंतिम चरण पर है। महापौर नीरज पाल और निगम आयुक्त रोहित व्यास ने विकास कार्यों को लेकर विभिन्न स्थानों का जायजा लिया और अधिकारियों को मौके पर आवश्यक निर्देश दिए तथा कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने कहा। अर्जुन रथ परिसर में नाली निर्माण, सुरक्षा घेरा के लिए बाउंड्री वॉल, अर्जुन रथ का विकास एवं सौंदर्यीकरण, परिसर के भीतर चलने के लिए पाथवे का निर्माण एवं आकर्षक गार्डनिंग, भव्य प्रवेश द्वार के साथ ही बेहतर प्रकाश व्यवस्था होगी। विधायक देवेंद्र यादव ने भी इसके सौंदर्यीकरण को लेकर कई दफा निरीक्षण किया है। अब यह कार्य फाइनल स्टेज में है और यहां पर आने वाले लोगों को यह आकर्षित करेगा। सुपेला चौक के समीप सात अजूबे के स्थल का भी सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, इसमें भी आकर्षक प्रकाश व्यवस्था तथा लैंडस्कैपिंग सहित अनेकों कार्य किए जाएंगे। जिसके चलते यह स्थल आकर्षक प्रतीत होगा। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए इस पर कार्य किया जा रहा है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल श्री राम चौक के पास निर्मित हो चुका है, कुछ ही कार्य यहां पर शेष रह गए हैं, दो मंजिला भवन के साथ यह स्कूल तैयार हो चुका है। लाइब्रेरी, विभिन्न प्रयोगशाला, प्राचार्य कक्ष, स्टाफ रूम सहित बच्चो के अध्ययन के लिए 11 क्लासरूम यहां पर निर्मित हो चुके हैं। इसके चलते बच्चों को अच्छे माहौल में अध्ययन करने का मौका मिल पाएगा। वैशाली नगर जोन क्षेत्र में वेंडिंग जोन का निर्माण किया जा रहा है, एक अलग ही अवधारणा के साथ यहां ठेले और गुमटियों को व्यवस्थित करने के लिए बेहतर प्लेटफार्म मिलेगा। आकर्षक वॉल पेंटिंग और पेवर ब्लॉक, प्रकाश व्यवस्था तथा लैंडस्कैपिंग युक्त वेंडिंग जोन भिलाई के वैशाली नगर में तैयार हो रहा है। फरीद नगर में स्वामी आत्मानंद स्कूल शीघ्र तैयार हो जाएगा इसके साथ ही यहां पर सामुदायिक भवन एवं छात्रावास का निर्माण भी किया जा रहा है। खमरिया में स्वामी आत्मानंद स्कूल के रिनोवेशन का काम किया गया है जहां पर स्कूली छात्र-छात्राएं अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अच्छे से अध्ययन कर पा रहे हैं। आज के निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, येशा लहरे, पूजा पिल्ले, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, संजय बागड़े एवं कुलदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।



# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत 27 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

## 27 जोड़ों का मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत तुरंत किया गया विवाह पंजीयन,महापौर हेमा देशमुख हुई शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 26 मार्च।** शासन की मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव शहरी एवं ग्रामीण द्वारा सतनाम भवन राजनांदगांव में आयोजित सामुहिक विवाह में 27 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। जिनका मुख्यमंत्री मितान योजनांतर्गत नगर निगम राजनांदगांव की मितान टीम द्वारा मंडप में ही विवाह पंजीयन किया गया।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग राजनांदगांव द्वारा सामूहिक विवाह आयोजित किया गया। जिसमें 27 जोड़ों का निःशुल्क विवाह सम्पन्न हुआ। 27 जोड़ों में 24 हिन्दू के अलावा 2 बौद्ध एवं 1 मुस्लिम अनुयायी थे। जिनका उनके रीति-रिवाज से विवाह संपन्न हुआ और शासन की ही मुख्यमंत्री मितान योजनांतर्गत विवाह उपरांत मंडप में ही सभी जोड़ों का विवाह पंजीयन किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की जनहितकारी शासन की मितान योजना में 14545 पर कॉल करके घर बैठे जन्म मृत्यु, विवाह, जाति, गोमास्ता लायसेंस का लाभ लोगों को मिल रहा है। इसी योजना के तहत आज आयोजित सामूहिक विवाह में वैवाहिक जोड़ों ने विवाह पंजीयन का लाभ लिया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरप्रीत कौर एवं अन्य अतिथि, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत प्रति जोड़े 25 हजार रूपए का प्रावधान किया गया है। जिसमें 5 हजार रूपए भोजन एवं व्यवस्था, 1 हजार रूपए चेके के माध्यम से एवं शेष राशि की उपहार सामग्री प्रदान की जाती है। छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजना के तहत 14545 में फोन करने पर मितान की टीम घर बैठे जन्म, मृत्यु, शादी प्रमाण पत्र के साथ ही जाति प्रमाण पत्र, आय, निवास प्रमाण पत्र, गुमास्ता लाइसेंस, बच्चों का आधार कार्ड, भूमि उपयोग की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। योजना के क्रियान्वयन के तहत राजनांदगांव निगम सीमाक्षेत्र में अब तक 4 हजार से अधिक प्रमाण पत्र बनाकर मितान के माध्यम से हितग्राहियों के घर तक पहुंचाया गया। जिससे लाभ लेकर हितग्राही प्रसन्नता व्यक्त कर रहे हैं। वर्तमान में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार कार्ड बनाने वार्डों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 27 जोड़ों का मितान के माध्यम से मंडप में ही विवाह पंजीयन किया गया।



## एक नजर

### नववर्ष के उपलक्ष्य में अ.भा.ग्राहक पंचायत रायपुर ने किया महिला ग्राहकों को किया जागरूक

**रायपुर 26 मार्च।** उपभोक्ता हित में कार्यरत संस्था अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की रायपुर इकाई के तत्वाधान में महिला ग्राहक जागरण का कार्यक्रम खम्हारडीह स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। जिसमे ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री रविकांत जायसवाल एवं प्रान्त उपाध्यक्ष डॉ शोभा पंडित जी की विशेष उपस्थित रहे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए महानगर अध्यक्ष आशीष अग्रवाल एवं महिला जागरण प्रमुख एडवोकेट मीना तिवारी ने एक संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को खरीदारी करते समय क्या सावधानियां रखनी चाहिए एवं ठगी का शिकार होने से कैसे बचे इसके लिए जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में रसोई गैस लेते समय तौल कर लेना एवं लीकेज भी चेक कर गैस सिलेंडर लेने की भी सलाह दी गई। इस अवसर पर में एडवोकेट मीना तिवारी, श्रीमती भगवती साहा, श्रीमती गायत्री साहू, नीता सपहा, अहिल्या शर्मा, सेवती विश्वकर्मा, मंजू सपहा के साथ भावना नगर, विजय नगर, चंडी नगर खम्हारडीह से महिलाएं उपस्थित रही।

### स्मिता बनी प्रदेश उपाध्यक्ष



**रायपुर 26 मार्च।** प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजना जागरूकता अभियान में अधिवक्ता श्रीमती स्मिता पांडे को छत्तीसगढ़ प्रदेश का उपाध्यक्ष (महिला मोर्चा) मनोनीत किया गया है। उनका मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीत कौशिक के निर्देश पर संगठन महामंत्री विजय कुमार चौबे ने किया है। उन्हें सर्वब्राम्हण समाज महिला मोर्चा का भी उपाध्यक्ष बनाया गया है।

### एपीएल अपोलो फाउंडेशन ने जीवन ज्योति 1.0 का आयोजन किया



**रायपुर, 26 मार्च ।** एपीएल अपोलो ग्रुप की कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) शाखा एपीएल अपोलो फाउंडेशन ने 17 मार्च 2023 को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर केस्डा, विकासखंड सिमगा, जिला में साइटसेवर्स इंडिया के साथ जीवन ज्योति 1.0 मेगा आई केयर कैंप का आयोजन किया। बलौदा बाजार - भाटापारा। नेत्र स्वास्थ्य विभिन्न देशों में वैश्विक स्वास्थ्य और विकास का मुद्दा है, क्योंकि यह मध्यम आयु वर्ग और बुजुर्ग आबादी के बीच जीवन की गुणवत्ता और उत्तरजीविता प्रत्याशा से जुड़ा है। आज विश्व स्तर पर 2.2 अरब लोग या एक तिहाई आबादी दृष्टि दोष और अंधेपन से प्रभावित है। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के लिए 2030 एजेंडा में नेत्र स्वास्थ्य भी एक आवश्यक योगदान देता है।

### एचडीएफसी लाइफ रिटायरमेंट पोर्टफोलियो एचडीएफसी लाइफ स्मार्ट पेंशन प्लस के साथ मजबूत

**रायपुर 26 मार्च।** भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक एचडीएफसी लाइफ ने स्मार्ट पेंशन प्लस लॉन्च किया है - एक ऐसी योजना जो ग्राहकों को सेवानिवृत्ति के बाद नियमित और गारंटीशुदा आय के रूप में वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में सक्षम बनाती है।



एचडीएफसी लाइफ स्मार्ट पेंशन प्लस उन लोगों के लिए डिजाइन किया गया है जो बचत करना चाहते हैं और खुद के लिए एक वित्तीय सुरक्षा जाल बनाना चाहते हैं और अपने स्वर्णिम वर्षों में सेवानिवृत्ति के बाद अपनी वर्तमान जीवन शैली को जारी रखने में सक्षमबनाता हैं। सीधे शब्दों में कहें तो यह वार्षिकी उत्पाद ग्राहकों को सेवानिवृत्ति के बाद उनकी मनचाही जिंदगी जीने में सक्षम बना सकता है।

### फिनो पेमेंट्स बैंक ने सूर्योदय एसएफबी के साथ अपनी पहुंच बढ़ाई

**रायपुर 26 मार्च।** इस वित्तवर्ष आरबीआई का अनुमोदन मिलने के बाद फिनो पेमेंट्स बैंक ने अपने साझेदार बैंक, सूर्योदय स्मॉल फाईनेंस बैंक (एसएसएफबी) की सावधि जमा (एफडी) के लिए रिफरल सेवाएं देना शुरू किया है। पिछले सालों में एफडी बचत और निवेश का सबसे पसंदीदा माध्यम बन गई है। साल 2017 में सेबी द्वारा किए गए एक सर्वे में सामने आया कि 95 प्रतिशत से ज्यादा भारतीय परिवार एफडी में पैसा रखना पसंद करते हैं। हालाँकि ग्रामीण इलाकों में एफडी सेवाओं का विस्तार कम है, और इस संदर्भ में फिनो बैंक और एसएसएफबी का गठबंधन बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। ग्रामीण भारत में डिजिटल सेवाओं का उपयोग बढने के साथ एसएसएफबी की एफडी सेवाएं अब फिनो बैंक के मोबाईल ऐप, फिनोपे और विस्तृत तौर पर फैले फिजिटल नेटवर्क द्वारा प्राप्त की जा सकती हैं।

### एक्सिस बैंक ने आईटीसी लिमिटेड के साथ सहयोग किया

**रायपुर 26 मार्च।** भारत के तीसरे सबसे बड़े प्राइवेट बैंक, एक्सिस बैंक ने आज आईटीसी लिमिटेड के साथ अपने सहयोग की घोषणा की। इस सहयोग का उद्देश आईटीसी के कृषि पारिस्थितिकी तंत्र में शामिल किसानों को बैंक के ऋण उत्पाद और सेवाएं उपलब्ध कराना है। यह साझेदारी एक्सिस बैंक को देश के दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले और अल्प सेवा प्राप्त किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाएगी। बैंक द्वारा परिसंपत्ति और देयता उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराई जाएगी जैसे कि कृषक ऋण, स्वर्ण ऋण आदि।

# महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के शुभारंभ कार्यक्रम में मंत्री मोहम्मद अकबर शामिल हुए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 26 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्राम सरगांव में आयोजित भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम से छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना के अंतर्गत ग्रामीण युवाओं, महिला समूहों में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा का शुभारंभ किया। कबीरधाम जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम कवर्धा विकासखंड के ग्राम मजगांव में स्थापित महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में किया गया। ग्राम मजगांव में आयोजित जिला स्तरीय ÷रीपा÷ के शुभारंभ के अवसर पर प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर शामिल हुए और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री से जुड़े रहे। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बेरोजगारी भत्ता योजना के वेबपोर्टल का लोकार्पण किया साथ ही छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 का एप्लीकेशन लॉन्च किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2021 की चौथी एवं अंतिम किस्त के रूप में जिले के 1 लाख 15 हजार 575 किसानों के खाते में 77 करोड़ 81 लाख 98 हजार रूपए की राशि हस्तनांतरित की। उन्हांने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोबर विक्रेता, पशुपालकों, महिला स्व-सहायता समूहों और गौठान समितियों के खाते राशि का भुगतान किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री बघेल ने नवनिर्मित 278 मल्टीएक्टिविटी सेन्टर का लोकार्पण और राजीव गांधी नगरीय भूमिहीन मजदूर न्याय योजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री के साथ विधानसभा अध्यक्ष श्री चरण दास महंत, पंचायत ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री श्री रविंद्र चौबे, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री शिव डहरिया, खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत उपस्थित थे। ग्राम मजगांव के जिला स्तरीय कार्यक्रम में क्रेडा के सदस्य श्री कन्हैया अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष श्री ऋषि शर्मा, श्री कलीम खान, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष श्री नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष श्री चोवाराम साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री होरी साहू, पार्षद श्री मोहित महेश्वरी, श्री अशोक सिंह, बोड़ला जनपद उपाध्यक्ष श्री सनत जायसवाल, श्री अगम दास अनंत, कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि, महिला स्व-सहायता समूह की दीदीयां, ग्रामीण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि लगातार चार साल के विपरीत परिस्थितियों में भी हमने छत्तीसगढ़ की जनता का भरोसा बनाए रखा है। हमने किसानों, मजदूरों, नौजवानों सभी का भरोसा और विश्वास बनाए रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं से छत्तीसगढ़ में खेती किसानी की प्रगति हुई है। सरकार ने विभिन्न योजनाओं के जरिए लोगों की जेब मे पैसा डाला है। इससे व्यापार और व्यवसाय भी बढ़ा, परिणास्वरूप उद्योग बढ़े, यही कारण है कि छत्तीसगढ़ में किसी मंदी का प्रभाव नहीं पड़ा। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हमारा प्रयास सबको आगे बढ़ाने का है। उन्होंने कहा कि गांवों में उद्योग खोलने के लिए हम सुविधा प्रदान कर रहे हैं, जरूरतमंदों को रोजगार मिले यही हमारा उद्देश्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में परंपरागत उद्योग हैं, इसका लाभ मिले इसलिए हमने महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क ÷रीपा÷ की शुरुआत की है।



# मध्यभारत की पहली हैलसियन रेडियोथेरेपी मशीन रायपुर में

**रायपुर 25 मार्च।** बाल्को मेडिकल सेंटर की चेयरपर्सन श्रीमती ज्योति अग्रवाल नेन्यू हैल्सियॉन रेडिएशन मशीन का उद्घाटन किया।हैलसियन रेडियोथेरेपी मशीन रोगियों को सटीक देखभाल प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी रैखिक त्वरक (रेडियोथेरेपी मशीन) में नवीनतम है। एसआरएस और एसजीआरटी जैसी जटिल रेडियोथेरेपी की पेशकश करने वाला बीएमसी पूरे मध्य भारत में पहला और एकमात्र केंद्र बन जाएगा। श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि ÷बीएमसी में आने वाले प्रत्येक कैंसर रोगी के लिए पिछले 5 वर्षों में हमारी यात्रा सर्वश्रेष्ठ देने की रही है। कैंसर मुक्त समाज के अपने सपने को आगे बढ़ाते हुए- हम आशा करते हैं कि दूसरी रेडियोथेरेपी मशीन न केवल छत्तीसगढ़ के लोगों की सेवा करेगी बल्कि हमारे देश के लिए क्षमता निर्माण में राष्ट्रीय स्तर पर योगदान देगी।

इसके अलावा 5वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर बीएमसी टीम ने कैंसर से बचे लोगों और उनके परिवार के सदस्यों के साथ दिन मनाया, जिन्होंने उनके साहस, दृढ़ता और धैर्य से प्रेरित किया। समर्थ - बीएमसी में रोगी सहायता समूह न केवल रोगियों को उनकी कैंसर यात्रा के माध्यम से समर्थन करने के लिए बल्कि कैंसर जागरूकता बढ़ाने के लिए भी बनाया गया था।



अग्रणी मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट और बाल्को मेडिकल सेंटर की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. भावना सिरोही ने सभा को संबोधित किया - कैंसर पूरी तरह से ठीक हो सकता है, अगर 0 या 1 जैसी प्रारंभिक अवस्था में पता चल जाता है। हमें कैंसर को नष्ट करने और इसके बारे में बात करने की आवश्यकता है ताकि कोई सलाह और इलाज लेने से डरते हैं। बीएमसी कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम के माध्यम से, हम अपने देश के लिए कैंसर के परिणामों को बदलने के लिए शीघ्र निदान और शीघ्र उपचार करने का इरादा रखते हैं। हैल्सियॉन जोड़ का मतलब है कि हम सबसे अच्छी देखभाल ÷घर के करीब लाते हैं बीएमसी में रेडियोथेरेपी के प्रमुख डॉ गौरव गुप्ता ने कहा, ÷सरफेस गाइडेड रेडियोथेरेपी (एसजीआरटी) की मदद से हम किसी भी हिलते हुए क्षेत्र को ट्रैक कर सकते हैं और फेफड़े और लीवर ट्यूमर जैसे ट्यूमर का इलाज कर सकते हैं।

बाल्को मेडिकल सेंटर (बीएमसी), नया रायपुर में 170 बिस्तरों वाली अत्याधुनिक तृतीयक देखभाल ऑन्कोलॉजी सुविधा, वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन (वीएमआरएफ) की पहली प्रमुख पहल है। वीएमआरएफ, एक गैर-लाभकारी संगठन, वेदांता रिसोर्सेज और भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) की एक पहल है, जो कैंसर और इससे संबंधित बीमारियों की रोकथाम में योगदान देती है। वर्तमान में, यह मेडिकल, सर्जिकल, रेडिएशन, हेमेटोलॉजिकल, बीएमटी और प्रशामक देखभाल सहित भारत के ऑन्कोलॉजी स्पेस में एक राष्ट्रीय नेता के रूप में तेजी से उभर रहा है।

# किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी का निर्णय ऐतिहासिक:छन्नी चंदू साहू



**छूरिया 26 मार्च।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसानों एवं खुज्जी विधानसाभ क्षेत्र की सक्रिय विधायक श्रीमती छन्नी साहू ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुवार को विधानसभा में इस साल से किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा कर यह साबित कर दिया कि वह किसानों के सच्चे हितैषी हैं। मुख्यमंत्री द्वारा किसानों को बड़ी सौगात देने का स्वागत करते हुये इसे बड़ी सौगात बताया है। श्रीमती साहू ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश की बागडोर संभालने के बाद से ही किसानों के हित में लगातार नई नई योजनाएं बनाकर उसका बेहतर क्रियान्वयन करा रहे हैं। सत्ता संभालने के बाद सबसे पहले श्री बघेल ने किसानों का कर्ज माफ़ किया। उसके बाद किसानों से 2500 रुपये प्रति क्विंटल में धान खरीदी की शुरुआत कर देश में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। फिर नरवा गरवा घुरवा बाड़ी, गोठान योजना, राजीव गाँधी न्याय योजना सहित तमाम किसान हितैषी योजनाओं को अमलीजामा पहनाया। भूपेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं के सही क्रियान्वयन का प्रतिफल है कि आज शहरों से लोग वापस अपने गाँव की ओर जा रहे है।और खेती कर आर्थिक रूप से मज़बूत हो रहे हैं। श्रीमती साहू ने कहा 15 वर्ष तक छत्तीसगढ़ में भाजपा की रमन सरकार किसानों को कभी बोनस देने के नाम पर तो कभी समर्थन मूल्य देने के नाम पर ठगती रही। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आने के बाद किसानों की आर्थिक स्थिति में जबरदस्त बदलाव आया है और उनकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत हुई है कहा कि इस वर्ष खरीफ सीजन में किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की घोषणा भूपेश सरकार का एक क्रांतिकारी कदम है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति और भी मजबूत होगी। उन्होंने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का क्षेत्र के किसानों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी का निर्णय सराहनीय:वैष्णव



**राजनांदगांव 26 मार्च।** जिला किसान कांग्रेस महामंत्री योगेन्द्र दास वैष्णव एवं रोशनी वैष्णव जनपद सदस्य कृषि समिति सदस्य राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र की सक्रिय वैष्णव ने जारी बयान में कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुवार को विधानसभा में 2023 मे किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा कर यह साबित कर दिया कि वह किसानों के सच्चे हितैषी हैं। मुख्यमंत्री द्वारा किसानों को बड़ी सौगात देने का स्वागत करते हुये इसे बड़ी सौगात बताया है। वैष्णव ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश की बागडोर संभालने के बाद से ही किसानों के हित में लगातार नई नई किसानों के योजनाएं बनाकर उसका बेहतर क्रियान्वयन करा रहे हैं। सत्ता संभालने के बाद सबसे पहले श्री बघेल ने किसानों का कर्ज माफ़ किया। उसके बाद किसानों से 2500 रुपये प्रति क्विंटल में धान खरीदी की शुरुआत कर देश में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। फिर नरवा गरवा घुरवा बाड़ी, गोठान योजना, राजीव गाँधी न्याय योजना सहित तमाम किसान हितैषी योजनाओं को जमीनी हकीकत कर दिखाया भूपेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं के सही क्रियान्वयन का प्रतिफल है कि आज शहरों से लोग वापस अपने गाँव की ओर जा रहे है।और खेती कर आर्थिक रूप से मज़बूत हो रहे हैं। 4 वर्ष में किसानों संख्या में वृद्धि हुआ एवं पडत भूमि किसानी भूमि मे सुधार हुआ छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आने के बाद किसानों की आर्थिक स्थिति में जबरदस्त बदलाव आया है और उनकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत हुई है। सन 2018 में किसान मजदूर से ही छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार बना 2023 पुनः कांग्रेस पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगा वैष्णव ने कहा कि इस वर्ष खरीफ सीजन में किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की घोषणा भूपेश सरकार का एक क्रांतिकारी कदम है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति और भी मजबूत होगी। उन्होंने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का क्षेत्र एवं जिले के किसानों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# भूपेश बघेल के नेतृत्व में खुशहाली की ओर बढ़ रहा है छत्तीसगढ़:राहुल तिवारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छूरिया 26 मार्च।** कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी ने कहा छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी करने का निर्णय लेकर छत्तीसगढ़ एवं किसान हित में बेहतरीन कार्य किया है। छत्तीसगढ़ रूपी बरगद वृक्ष की जड़ किसान है किसानों को मजबूत बनाने से छत्तीसगढ़ निश्चित रूप से मजबूत और खुशहाल बनेगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी का प्रत्येक निर्णय जन हितेषी होता है जिसका लाभ सीधे जनता को मिलता है। छत्तीसगढ़ में इस साल धान खरीदी का रिकॉर्ड टूट गया है। राज्य में पहली बार 100 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा धान खरीदी गई है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों की राजीव गांधी किसान न्याय योजना के लागू होने से किसान खेती की ओर वापस लौटने लगे है। यही वजह है कि वर्ष 2017-2018 की तुलना में राज्य में पंजीकृत नये किसानों की संख्या में 1.19 लाख, वर्ष 2019-2020 में 2.58 लाख, वर्ष 2020-2021 में 1.97 लाख तथा वर्ष 2021-2022 में 2.56 लाख की वृद्धि हुई है। वर्ष 2022-2023 में धान विक्रय के लिए पंजीकृत कृषकों की संख्या 24.96 लाख हो चुकी है, जिसमें 2.30 लाख नए किसान शामिल है। अन्नदाताओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।



इसीलिए अब किसानों से 15 की जगह 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को कर्ज मुक्त करने एवं देश में कृषि उपज का सार्वाधिक मूल्य दिए जाने के अच्छे परिणाम राज्य में दिखने लगे हैं। छत्तीसगढ़ में किसान मजबूर नहीं मजबूत बन रहा है।

## प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी किसानों के लिए वरदान:राजू सोम



**नगरी 26 मार्च।** छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने प्रति एकड़ 20 क्विंटल समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने का ऐतिहासिक फैसला लिया है वह किसानों के लिए वरदान साबित होगा। क्योंकि वे खुद एक किसान पुत्र है देश की अर्थव्यवस्था में किसानों का अहम योगदान है भूपेश बघेल की सरकार ने अपनी चुनावी घोषणापत्र में जो वादा किया था उन सभी वादों को पूरा किया जा रहा है। साथ ही छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने धान खरीदी में इस वर्ष 108 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदी कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप छत्तीसगढ़ में किसानों की धान मोटा 2640 रुपए एवं धान पतला 2660 रुपए के दर पर खरीदी किया गया। धान का इतना कीमत हमारे देश के किसी भी राज्य में किसानों को नहीं मिल रहा है ब्लाक सरपंच संघ के अध्यक्ष एवं कांग्रेसी नेता राजू सोम? ने मुख्यमंत्री के इस फैसले पर आभार जताया है।

## कांग्रेसजनों ने राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता जाने को लेकर केन्द्र की मोदी सरकार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया

# यात्रा के समापन में आएंगे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष मरकाम:अग्रवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 26 मार्च।** केन्द्र की मोदी सरकार के गलत आर्थिक नीतियों के खिलाफ कांग्रेस लगातार विरोध दर्जा करा रही है। इसी के चलते कांग्रेस के शीर्षनेतृत्व राहुल गांधी जी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा निकाली जिसके परिपेक्ष्य में प्रदेश कांग्रेस के निर्देशन पर शहर कांग्रेस द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा निकाली गई जिसके सफल क्रियान्वयन पर शहर कांग्रेस को हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के समापन प्रभारी व प्रदेश कांग्रेस महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने दी बधाई एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किसान न्याय योजना की चौथी किस्त देने व धान खरीदी 15 से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदी की घोषणा पर कांग्रेसजनों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार।



शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि देश में फैली अराजकता, बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई व केन्द्र सरकार की तानाशाही को लेकर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व माननीय राहुल गांधी जी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई। जिसके परिप्रेक्ष्य में प्रदेश कांग्रेस के निर्देशन पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के मार्गदर्शन में शहर के दोनों ब्लाक अध्यक्ष के नेतृत्व में विगत 26 जनवरी से लगातार शहर के हर वार्ड व बूथ तक पहुंचकर केन्द्र की भाजपानीत मोदी सरकार के अकुशल व गलत आर्थिक नीतियों के चलते देश में हालात दयनीय है, अराजकता का माहौल बना हुआ है वहीं राज्य की भूपेश बघेल सरकार की जनहितकारी योजनाओं व कांग्रेस की नीतियों को आमजन मानस से जनसंवाद स्थापित कर कांग्रेसजन हर घर तक पहुंचकर पहुंची। यात्रा के समापन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम जी का आगमन 27 मार्च को राजनांदगांव शहर में हो रहा है। जिसके लिए हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के समापन प्रभारी व प्रदेश कांग्रेस महामंत्री कन्हैया अग्रवाल जी द्वारा 25 मार्च को कांग्रेस भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के आगमन के संबंध में बैठक लेकर कांग्रेसजनों को निर्देशित किया। वहीं केन्द्र की मोदी सरकार के तानाशाही रवैये के कारण कांग्रेस के शीर्षनेतृत्व सम्मानित राहुल गांधी जी को लोकसभा सदस्यता से हटाने के विरोध में कांग्रेसजनों ने निंद्रा प्रस्ताव पारित किया।

हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के समापन प्रभारी व प्रदेश कांग्रेस महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कांग्रेसजनों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो के माध्यम से आप सभी लोगों ने राहुल गांधी जी का संदेश व राज्य सरकार की योजनाओं को पूरी निष्ठा लगन और मेहनत से इस यात्रा के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाई जिसके लिए शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व सभी कांग्रेसजनों को बधाई देता हूं। उन्होंने आगे कहा कि आज राहुल गांधी जी व कांग्रेस पार्टी एवं विपक्षी पाटियों के खिलाफ षडयंत्र हो रहा है। यह आप भी देख रहे हैं कि केन्द्र की भाजपा सरकार तानाशाही रवैये अपना रही है इन बातों को आम जनता तक पहुंचाना है और 27 मार्च को शहर में निवासरत समस्त कांग्रेसजन, पार्षद दल, बूथ अध्यक्ष सहित आम जनता को इस यात्रा शामिल करने पर जोर दिया।

छग अंत्याव्यवसायी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री एवं हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के प्रदेश कांग्रेस कमेटी से नियुक्त राजनांदगांव शहर प्रभारी श्री धनेश पाटिला ने यात्रा के दौरान आम जनता से जनसंवाद के संबंध में एवं हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की जानकारी साझा की।

# यह रिश्ता क्या कहलाता है?

**राजनांदगांव 26 मार्च।** सर्वोच्च न्यायालय और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्था आयोग का यह स्पष्ट कहना है कि जो संस्था यह दावा करती है कि वह अल्पसंख्यक संस्था है, उनके पंजीकृत विधान में यह स्पष्ट उल्लेखित होना चाहिए कि संस्था अल्पसंख्यक समुदाय के उत्थान या अल्पसंख्यक समाज को लाभान्वित करने हेतु पंजीकृत/स्थापित की गई है।

वाइडनर मे. हायर से. स्कूल, लालबाग, जिला राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित संस्था शिक्षा प्रचार एंव प्रसार समिति, रायपुर, छत्तीसगढ़ पजीयंन क्रमांक 5400, पंजीयन दिनांक 30/03/1999 ने अपने आप को अल्पसंख्यक स्कूल बता कर शिक्षा का अधिकार कानून के अंतर्गत गरीब बच्चों को अपने स्कूल में प्रवेश देने से इंकार कर दिया है, जबकि इस संस्था के पंजीकृत विधान में यह कहीं भी नही लिखा है कि यह संस्था किश्चियन् समुदाय के उत्थान या समाज को लाभान्वित करने हेतु पंजीकृत/स्थापित की गई है। ना ही इस संस्था का उदेश्य अपने धर्म तथा भाषा का संरक्षण करना है। इतना ही नही, यह संस्था धर्म तथा भाषा के आधारित पंजीकृत/स्थापित नही की गई है क्योकि संविधानिक संरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए इस स्कूल या इस संस्था को यह प्रमाणित करना होगा, प्रमाण प्रस्तुत करना होगा कि वह धार्मिक/भाषाई अल्पसंख्यक स्कूल/संस्था है क्योंकि संविधान के अनुच्छेद 30(1) में यह स्पष्ट लिखा हुआ है कि धर्म या भाषा पर आधारित सभी अल्पसंख्यक.वर्गो को अपनी रुचि की शिक्षा संस्थाओं की स्थापना और प्रशासन का अधिकार होगा।

जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव श्री राजेश सिंह ने बिना गहन जांच पड़ताल किए इस स्कूल को गरीब बच्चों को आरटीई के अंतर्गत अपने स्कूल में प्रवेश नही लेने की छुट दे दिया, इस स्कूल का नाम आरटीई पोर्टल से हटवाया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी, राजनांदगांव श्री राजेश सिंह ने सर्वोच्च न्यायालय के अनेको आदेशों को बाईपास करते हुए इस स्कूल को अनुचित लाभ पंहुचाया गया और गरीब बच्चों के मौलिक अधिकार का हनन किया गया है, जो उचित नही है।

## अर्को ने जान कुमार शानू के साथ अपने आने वाले नये म्यूजिक वीडियो 'सुट्टा' की घोषणा की


अर्को कहते हैं, सुट्टा मेरे कंफर्ट जोन से बाहर है,यह RnB, क्रिंकीं, और मज़ेदार गाना है लेकिन एक संदेश के साथ उन्होंने जान कुमार सानू के साथ अपने नये म्यूजिक वीडियो के बारे में बात करते हुए कहा जिस्म 2 के साथ बॉलीवुड में पहचान बनाने के बाद गायक और संगीतकार अरको प्रावो मुखर्जी के लिए एक के बाद एक भावपूर्ण चार्टबस्टर गानो की यात्रा रही है। डॉक्टर से संगीतकार बने उनके गानों का संगीत प्रेमियों की प्लेलिस्ट में एक स्थायी स्थान बना चूका है, और अब, उनका फेमस गीत 'पानी वाला डांस' जो एक दशक का मशहूर गीत हिट करने के कई सालों बाद, यह प्रतिभाशाली कलाकार एक नए पेपी RnB (रीदम एण्ड ब्लूज) सिंगल, सुट्टा के साथ वापस आ गये है। नज़्म नज़्म, ओ साथी, दरिया, तेरे संग यारा, तेरी मिट्टी - अरको प्रावो मुखर्जी की आत्मीय रचनाओं ने हमेशा सभी के दिल को छू लिया



है। अब, कई हिट गाने देने के बाद, जान कुमार शानू और अभिनेत्री रवलीन के साथ अरको एक और म्यूजिक सिंगल के साथ वापस आ गये है। उसी पर अपनी उत्तेजना व्यक्त करते हुए, प्रसिद्ध संगीतकार कहते हैं, ÷जिस्म 2 में मेरी शुरुआत के बाद से मुझ पर इतनी कृपा करने के लिए मैं दर्शकों का बहुत आभारी हूं। मेरी अधिकांश फिल्मों, अधिकतम मेरे गीतों, दर्शकों ने इतना प्यार दिया है। , जिस्म 2 और यारियां से लेकर तेरी मिट्टी और ओ देश मेरे और अब कोरा सा चेहरा, और इसमें से अधिकांश भावपूर्ण संगीत है, इसलिए मेरे प्रशंसकों, शुभचिंतकों और दर्शकों ने मुझे भावपूर्ण, रोमांटिक, भावनात्मक और देशभक्ति संगीतो से मुझे जोड़ा है।

## सीरत कपूर की 3 हॉट तस्वीरें चर्चा में

बॉलीवुड की अभिनेत्रीओ को उनके फैशन विकल्पों से सभी के दिलो की धड़कन बढ़ाने के लिए जाना जाता है, और हमारी फैशन गुरु, सीरत कपूर, जिनके सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर अनुयायी हैं, अपने अनुयायियों के साथ अपने स्टाइलिश फैशन को बनाये रखना जारी रखती हैं, चाहे वे वेस्टर्न



ऑउटफिट हो या इंडियन ग्लैमर हो। हाल ही में, अभिनेत्री ने अपने हल ही की इंस्टाग्राम पोस्ट से सभी के दलों की धड़कन बढ़ा दिया है और सभी को अपनी और मन्त्रमुग्ध कर दिया है। सीरत कपूर अपने हर आउटफिट में रॉक करने के लिए जानी जाती हैं। चाहे वह उनका जिम आउटफिट हो या शानदार डेसी लुक, सीरत ने कभी भी कोई कसर नहीं छोड़ी है, जिससे हम सभी वाह-वाह करने से खुद को रोक नहीं पते है! आइए एक नजर डालते हैं एक्ट्रेस के टॉप 3 हालिया लुक्स पर जिसने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है। अपने पूरे सफेद परिधान से शुरुआत करते हुए, अभिनेत्री सफेद पोशाक में मंत्रमुग्ध कर देने वाला लग रही थी। सीरत इस ख़ूबसूरत मिनीड्रेस में सभी की नज़रे चुरा ली है, जिसकी नेकलाइन और पीठ के चारों ओर खुलेपन के कट-आउट हैं जो अभिनेत्री के सुनहरे फिगर को फ्लॉन्ट कर रहा है। हाई पोनीटेल, स्मोकी न्यूड मेकअप और ब्राउन पंप्स हील्स ने पूरे लुक को एक साथ धमाकेदार बना दिया है।

## सीरत कपूर के पिता विनीत कपूर और अभिषेक बच्चन के बीच हुई जबरदस्त लड़ाई

सीरत कपूर ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपना नाम कमाया है। साउथ की फिल्मों में काम करने से लेकर बॉलीवुड तक, अभिनेत्री का सफर उल्लेखनीय रहा है। इतना ही नहीं, एक्ट्रेस पिछले कुछ समय से टॉक ऑफ द टाउन भी बनी हुई हैं। अब, अभिनेत्री ने एक बार फिर अपने स्वर्गीय पिता, विनीत कपूर और अभिषेक बच्चन के साथ एक तीव्र लड़ाई के एक वीडियो को अपने सोशल मीडिया पर साझा किए जिसने सभी दर्शकों का ध्यान आकर्षित



किया। सीरत कपूर महान एक्टिंग गुरु रोशन तनेजा की पोती हैं, जिन्होंने बॉलीवुड के कई सितारों को कोचिंग दी थी। एक मजबूत फिल्मी परिवार से आने के बाद भी, सीरत ने अपना रास्ता खुद चुना है और अपनी कड़ी मेहनत और लगन के सात अपने लिए सभी के दिलो में एक अलग जगह बनाई है। कई दक्षिण भारतीय फिल्मों में अभिनय करने से लेकर मारीच के साथ अपने बॉलीवुड डेब्यू तक, सीरत ने एक लंबा सफर तय किया है। हाल ही में, अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर अपने दिवंगत पिता विनीत कपूर और अभिषेक बच्चन की फिल्म शूटआउट एट लोखंडवाला का एक वीडियो साझा किया।

## अभिनेत्री उर्वशी रौतेला का यह एयरपोर्ट लुक

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला जो भारत की सबसे यंगेस्ट सुपरस्टार है, ने हमेशा सभी को अपनी फैशन चोइसस और उनके अपियरेन्स से सभी को उनकी



और दीवाना किया है, यह कहना में कोई हर्ज़ नहीं होगा की जब भी अभिनेत्री कही पर भी अपनी उपस्तिति देती है तो वे सभी का ध्यान अपनी और आकर्षित कर ही लेती है। वे बॉलीवुड की उन अभिनेत्रीओ में से एक है जो हर एक लुक में कमाल कर सकती है और हाल ही में अभिनेत्री ने एयरपोर्ट पे अपने कातिलाना लुक्स से सभी को दीवाना कर दिया। उर्वशी रौतेला फैशन पुलिस को प्रभावित करने में कभी असफल नहीं होती हैं। अभिनेत्री ने एक भव्य पोशाक पहनी हुई थी जिसमे अभिनेत्री की लॉन्ग टोंड लेग्स फ्लॉन्ट हो रहे थे। उर्वशी काफी स्टनिंग लग रही थीं और इस आउटफिट की कीमत ₹672.00 यानी 58,992.19 रुपये थी। उन्होंने अपने लुक को फेंडी सनशाइन मीडियम मेटैलिक लेदर टोट बैग के साथ पेयर किया, जो लगभग 3290 यानी 2,71,419,744 भारतीय रुपये का है। अपनी आंखों को यूवी किरणों से बचाने के लिए, उन्होंने काला धूप का चश्मा पहने थे जो ब्रांड संत लॉरेंट के थे जिसकी कीमत लगभग 36,000 थी , और अभिनेत्री के जुटे ब्रांड बलेनसिए के थे जिसकी कीमत लगभग 1,77,645 थी और अभिनेत्री का यह पूरा एयरपोर्ट लुक जो उन्होंने इप्रोट पर पहना था उसकी कीमत काम से हम 6 लाख रुपए जितनी थी। अभिनेत्री का यह लुक ने हम सभी को उनकी खूबसूरती पर मदहोश कर दिया है उर्वशी ने सभी को अपनी प्यारी मुस्करात से प्यार बरसाया और सभी फोटोग्रफर्स को पोज़ देते हुए फोटोज दी7 हमे ज़रूर बताये की आपको अभिनेत्री का यह लुक कैसा लगा।

## अभिनेता वरुण भगत कहता है, 'ओटीटी प्लेटफार्म्स ने मुझ जैसे एक्टर्स को काम दिया '

वरुण भगत, जो बॉलीवुड उद्योग में बेहतरीन प्रतिभाओं में से एक हैं, ने अपने असाधारण अभिनय कौशल के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। वरुण भगत ने ओटीटी प्लेटफॉर्म जैसे अनदेखी 2, आर या पार, उड़ान पटोलस और कई अन्य हिट सीरीज में काम किया हैं। हाल ही में राजनेता अनुराज ठाकुर द्वारा ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की सेंसरशिप को लेकर हो रहे विवाद पर ह्ल्ल्र के अभिनेता वरुण भगत का कहना है, 'देखिए, मैं कहूंगा कि अनुराग ठाकुर के ऊपर बहुत जिम्मेदारी है। कुछ ऐप जो आपत्तिजनक कंटेंट बना रहे हैं। सिर्फ इसलिए कि सेक्स बिकता है, उनकी धारणा है- 'सेक्स डालो भरके। कहानी का ना सर है ना पर है।' मैं उनकी बात समझता हूं। उनके पास एक काम है जहां उन्हें प्रतिनिधित्व करना है हमें, सेंसरशिप के बारे में बात कर रहे




है, यह उल्लेख करते हुए कि रचनात्मकता की आड़ में कोई कुछ नहीं कर सकता। उसने जो कहा, मैं उसका विरोध नहीं करना चाहता। हालाँकि, गुल्लक या रॉकेट बॉयज़ जैसे कई शो हैं, जो सभी मान्यता के पात्र हैं और कहानी कहने के माध्यम से समाज के लिए महत्व लाए हैं। इस तरह के शो में एक अच्छा अहसास होता है। रॉकेट बॉयज़ न केवल एक महान शो है बल्कि भारत के इतिहास को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण शो है। लोगों के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि कहां हम आग में खड़े रहे आजादी से पहले और बाद में विज्ञान की एलडी अभिनेता ने यह भी कहा, ÷मेरे पास ओटीटी के बारे में वास्तव में बहुत अच्छे विचार हैं, क्योंकि ओटीटी ने मुझे काम दिया है।

## कलाकारों ने थिएटर से लेकर टेलीविजन तक के अपने सफर के बारे में बताया

वर्ल्ड थिएटर डे हर साल 27 मार्च को मनाया जाता है। इस मौके पर एण्डटीवी के शोज के कलाकारों ने थिएटर के लिये अपने प्यार और थिएटर से टेलीविजन तक के अपने सफर के बारे में बात की। इन कलाकारों में शामिल हैं अथर्व ('एक महानायक- डॉ. बी. आर. आम्बेडकर' के भीमराव), नेहा जोशी ('दूसरी माँ' की यशोदा), कामना पाठक ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश) और आसिफ शेख ('भाबीजी घर पर हैं' के विभूति नारायण मिश्रा)। 'एक महानायक- डॉ. बी. आर. आम्बेडकर' में भीमराव की भूमिका निभा रहे अथर्व ने कहा, '' मेरे अभिनय कौशल को निखारने थिएटर का बहुत बड़ा योगदान है। थिएटर से मिली सीख ने एण्डटीवी के 'एक महानायक- डॉ. बी. आर. आम्बेडकर' में भीमराव की भूमिका निभाने जैसा जिन्दगी में एक बार मिलने वाला मौका पाने में मेरी मदद की है। मैं साढ़े तीन साल का था, जब मैंने पहली बार मंच पर प्रस्तुति दी थी। मंच पर होने का अनुभव बेहतरीन था और उसने मेरे एक्टिंग कॅरियर की नींव रखी। इससे मेरा मौखिक संवाद बेहतर हुआ, मुझे कई लोगों के सामने बोलने का आत्मविश्वास मिला, मैंने अपने भीतर की घबराहट नहीं दिखाते हुए परफॉर्म करना सीखा और एक्टिंग के लिये मेरे जुनून को आगे बढ़ाने का भरोसा भी मुझे थिएटर से ही मिला।''

'दूसरी माँ' की यशोदा, यानि नेहा जोशी ने



कहा, ''मेरे माता-पिता थिएटर कलाकार हैं। बचपन के दिनों से ही, मैंने न सिर्फ उन्हें मंच पर परफॉर्म करते देखा, बल्कि एक्टिंग के बारे में उनसे बहुत कुछ सीखा भी। मैंने मराठी स्टेज ड्रामा 'क्षण एक पुरे' के साथ अपना कॅरियर शुरू किया था और बाद में मुझे एक टेलीविजन शो और फिर फिल्में मिलीं। थिएटर ने अच्छा एक्टर बनने के लिये मुझे बहुत कुछ सिखाया। मैं अब भी थिएटर वर्कशॉप्स करती हूँ, क्योंकि मेरा मानना है कि अगर आप एक्टर के तौर पर बढ़ना चाहते हो, तो आपको थिएटर से जुड़े रहना चाहिये। यह अभिनय कौशल को सीखने और उन्हें एक्सप्लोर करने का सबसे बढ़िया माध्यम है।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश, यानि कामना पाठक ने कहा, ''मैंने स्टेज पर पहली बार तब परफॉर्म किया था, जब मैं पाँच साल की थी। थिएटर से मैंने जो सबक सीखे हैं, वह हमेशा मेरे साथ रहेंगे। थिएटर में रीटेक नहीं होते हैं। चाहे आप छोटी गलतियाँ करें, तब भी आपको घबराहट से उभरकर शो जारी रखना होता है। मेरी राय में, थिएटर में महारथ हासिल करना मुश्किल होता है। इसमें दर्शकों के साथ सीधे जुड़ाव बनता है और तुरंत प्रतिक्रिया मिलती है। और इस तरह एक्टर के रूप में आपमें आत्मविश्वास आता है।'' 'भाबीजी घर पर हैं' के विभूति नारायण मिश्रा, यानि आसिफ शेख ने कहा, ''थिएटर हमेशा से मेरा पहला प्यार रहा है। एक्टिंग के लिये मेरे जुनून को जगाने में इसका बड़ा योगदान रहा है और इस तरह मुझे एक मजबूत आधार भी मिला। थिएटर के अपने शुरूआती दिनों में, मैंने कई नाटकों में काम किया और बड़ी-बड़ी हस्तियों से सीखा। मैं बॉलीवुड और टेलीविजन में व्यस्त हो गया, लेकिन मैंने थिएटर को नहीं छोड़ा। कुछ महीने पहले मुझे अपने सबसे पुराने नाटकों में से एक, 'हम दीवाने हम परवाने' में काम करने का मौका मिला था। मैंने सात साल बाद थिएटर में परफॉर्म करने के लिये वापसी की थी। मुझे सपोर्ट करने के लिये मेरा परिवार वहाँ था और मुझे खुशी हुई कि मेरे बच्चे दर्शकों के बीच बैठकर मुझे देख रहे थे। वह मेरे लिये वाकई गर्व का पल था।''

## 'अलीबाबा- एक अंदाज़ अनदेखा

सोनी सब का शो 'अलीबाबा- एक अंदाज़ अनदेखा- चैप्टर 2' एक पारिवारिक मनोरंजक शो है, जिसमें रखवाले अली (अभिषेक निगम) के कई एडवेंचर दिखाए जाते हैं। इस शो को दर्शक काफी पसंद करते हैं और यह अपने दिलचस्प किरदारों और दमदार कहानी के कारण प्रशंसकों का चहेता है। मरजीना (मानुल चुडासमा) को एक खतरनाक जानवर से बचाने के बाद अली अपने घर परवाज़ की ओर बढ़ता है। रास्ते में वे एक शादी देखते हैं, जो वैसी नहीं है, जैसी दिख रही है।



'अलीबाबा- एक अंदाज़ अनदेखा' में इस हफ्ते एक शादी के रुकने और दूल्हे की जिन्दगी खतरे में पड़ने के बाद अली और मरजीना दूल्हे को बिना सिर वाली औरत से बचाने की योजना बनाते हैं। वे बिना सिर वाली औरत को लुभाने के लिये एक 'नकली शादी' का फैसला करते हैं। हालांकि अली और मरजीना को जल्दी ही पता चल जाता है कि हालात उनकी उम्मीद से ज्यादा खराब हैं। और बिना सिर वाली औरत अली को शादी की जगह से खींच लेती है। क्या मरजीना अब अपनी तलवार उठाकर लड़ाई लड़ेगी मरजीना की भूमिका निभा रहीं मनुल चूडासमा ने कहा, ÷जब बिना सिर वाली औरत अली को दूर ले जाती है, तब मरजीना उसे बचाने के लिये लड़ेगी। यह मेरे लिये एक रोमांचक वक्त है, क्योंकि मैं पहली बार एक एक्शन सीक्वेंस करूंगी और तलवार उठाऊंगी। मुझे कभी लड़ने या किसी को बचाने का मौका नहीं मिला है। मरजीना का आगे बढ़कर अली के लिये लड़ना मुझे सशक्त करने वाला पल है, क्योंकि इसमें मरजीना के भीतर की ताकत और हिम्मत दिखती है। तलवारबाज़ी सीखने का अनुभव मेरे लिये मजेदार था और मुझे उम्मीद है कि दर्शक एक योद्धा के इस नये अवतार में मरजीना को देखना पसंद करेंगे।

## किरदारों के नये कारनामें

एण्डटीवी के शोज 'दूसरी माँ', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' की इस सप्ताह की कहानी आपको जरूर देखनी चाहिये। एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' की कहानी के बारे में बताते हुये अशोक ने कहा, ''कृष्णा (आयुध भानुशाली) को निर्दोष साबित करने के लिये, यशोदा (नेहा जोशी) उस ऑटो ड्राइवर को ढूंढना शुरू करती है, जो इकलौता गवाह है। लेकिन कामिनी (प्रीति सहाय) एक योजना बनाती है और ड्राइवर को उनकी मदद करने से रोकने के लिये ढेर सारे पैसे देती है। वे जैसे ही ऑटो ड्राइवर के पास पहुंचते हैं, वह उन्हें किडनैप कर लेता है। मनोज (आरजे मोहित) कृष्णा का बचाव करता है और अदालत कृष्णा को बेगुनाह साबित कर देती है। हालांकि, उस समय हालात थोड़े मुश्किल हो जाते हैं, जब यशोदा परिवार वालों को बताती है कि कृष्णा असल में अशोक और माला का बेटा है। एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में बात करते हुये बिमलेश ने कहा, ''राजेश (कामना पाठक) जब हप्पू (योगेश त्रिपाठी) को बताती है कि बिमलेश (सपना सिकरवार) एक क्लेप्टोमेनिएक है, तो वह चौंक जाता है। अगले दिन, ज्वेलर आता है और कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) का खानदानी हार लौटाता है, जिसे उन्होंने पॉलिश करने के लिये दिया था। इस बीच राजेश की सहेली करिश्मा उन्हें अपनी बहन की शादी के लिये आमंत्रित करती है। राजेश हप्पू से कटोरी अम्मा का खानदानी हार दिलवाने के लिये कहती है। सभी लोग शादी के लिये तैयार होकर घर से निकलते हैं। बिमलेश की चोरी करने की आदत को लेकर बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) चिंतित है। जब सभी लोग शादी से वापस लौटते हैं, तो उन्हें पता चलता है कि खानदानी हार खो गया है।'' एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की कहानी के बारे में बताते हुये अनोखे लाल सक्सेना ने कहा, ''सक्सेना (सानंद वर्मा) की सलाह पर विभूति एक ब्लॉगर बन जाता है। इस बीच अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) तिवारी के ब्रांड का मॉडल बनने के उसके ऑफर को ठुकरा देती है और उसे सुझाव देती है कि इसके लिये किसी दूसरी लड़की को लिया जाना चाहिये।


## चैत्र नवरात्रि की कलाकारों ने दी शुभकामनाएं

चैत्र के महीने में मनाया जाने वाला चैत्र नवरात्रि एक नौ-दिवसीय उत्सव है, जिसे वसंत नवरात्रि के रूप में भी मनाया जाता है और माँ दुर्गा के नौ अवतारों की पूजा की जाती है। इस दौरान लोग उपवास रखते हैं और माता की अराधना करते हैं। आत्मचिंतन, पूजा और उपवास के इस त्योहार के शुरू होने से पहले एण्डटीवी के कलाकारों ने बताया कि इस उत्सव को कितने उत्साह और जोश के साथ मनाया जाता है। इन कलाकारों में शामिल हैं - 'दूसरी माँ' से प्रीति सहाय (कामिनी), 'हप्पू की उलटन पलटन' से हिमानी शिवपुरी (कटोरी अम्मा) और 'भाबीजी घर पर हैं' से रोहिताश्व गौड़ (मनमोहन तिवारी)। कामिनी का किरदार निभा रहीं प्रीति सहाय ने कहा, ''मैं दुर्गा माता को बहुत ज्यादा मानती हूं। हर दिन मैं उनके सामने हाथ जोड़कर अपने लोगों की भलाई के लिये प्रार्थना करती हूं। चैत्र नवरात्रि के दौरान मैं नौ दिनों तक उपवास रखती हूं। यह सर्वोच्च दैवीय अनुभूति है। मैंने अपनी दादी मां से इस त्योहार के बारे में जाना था और तभी से ही मैं इससे जुड़े रीति-रिवाजों का पूरी श्रद्धा से पालन कर रही हूं। मैंने बहुत छोटी उम्र से ही व्रत रखना और पूजा करना शुरू कर दिया था, जो मेरे लिये अब हर साल मनाया जाने वाला एक त्योहार बन गया है। इन पावन दिनों में, मैं कुट्टु का आटा, सिंघाड़ा आटा, ताजे फल, दूध और ड्राई फ्रूट्स खाती हूं। हालांकि, साबूदाना खीर मुझे सबसे ज्यादा पसंद है और मैं दिन में एक बार उसे जरूर खाती हूं। मेरी तरफ से सभी लोगों को नवरात्रि की



शुभकामनायें।'' कटोरी अम्मा की भूमिका अदा कर रहीं हिमानी शिवपुरी ने कहा, ''उत्तर और पश्चिम भारत में कई लोग चैत्र नवरात्रि के दौरान उपवास रखते हैं। मेरी मां और दादी मां नवरात्रि के नौ दिनों तक लगातार व्रत रखती थीं, क्योंकि यह अपने आध्यात्मिक कार्यों को आगे बढ़ाने और मां दुर्गा की भक्ति में खो जाने या अपने शरीर एवं मन को शुद्ध करने का समय होता है। इन नौ दिनों में नमक, दालों, प्याज एवं लहसुन से परहेज किया जाता था। मेरी मां सारा सात्विक खाना पकाती थीं। मैं अब नवरात्रि के दौरान अपनी मां और दादा मां की सिखाई उन्हीं रीतियों का पालन कर रही हूं। इतने सालों में, मैंने यही सीखा है कि उपवास रखना अपने शरीर को भीतर से स्वच्छ करने का एक प्रभावी उपचार है। जब शरीर साफ रहता है, तो मन शांत हो जाता है और बहुत ज्यादा सुकून मिलता है, क्योंकि शरीर और मन के बीच एक गहरा संबंध है। इसके साथ हीं, नौ दिनों तक एक दिया भी लगातार जलाया जाता है और इस बात का ख्याल रखा जाता है कि दिये में हमेशा घी या तेल है। मेरी तरफ से सभी लोगों को नवरात्रि की ढेरों शुभकामनायें।'' रोहिताश्व गौड़ जोकि मनमोहन तिवारी का किरदार निभा रहे हैं, ने कहा, ''चैत्र नवरात्रि के दिनों में मैं सुबह जल्दी उठता हूं और स्नान करने के बाद प्रातः आरती करता हूं। पूजा के बाद हम देवी को मां सूखे मेवों, दूध, केला, मिश्री या दूसरे फलों का भोग लगाते हैं और उन्हें ताजे फूल अर्पित करते हैं। मैं और मेरी पत्नी नौ दिनों का उपवास रखते हैं और इस धार्मिक उपवास की सबसे महत्वपूर्ण बात है सच्चे मन से माता के लिये हमारी भक्ति। इस उपवास के जरिये हमें ईश्वर के प्रति आभार जताने में मदद मिलती है, जो शक्ति, दृढ़-निश्चय, ज्ञान, ताकत और पवित्रता का प्रतीक है। अपने उपवास के दिनों में मैं ताजे फल, ड्राई फ्रूट्स, और कुट्टु, सिंघाड़ा एवं साबूदाना के आटे से बने व्यंजनों का सेवन करता हूं। इस नवरात्रि अपने लिये, अपने परिवार वालों के लिये और अपने दोस्तों के लिये प्रार्थना करें। आप सभी को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनायें!

## जब तक 'भाबीजी घर पर हैं ' रहेगा, तब तक मैं इस शो क हिस्सा रहूंगा



एण्डटीवी के कल्ट- कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' ने हाल ही में आठ साल पूरे किये हैं और इसके 2000 एपिसोड्स प्रसारित हो चुके हैं। इस खास मौके पर हमने शो में मनमोहन तिवारी का किरदार निभा रहे रोहिताश्व गौड़ से बात की और उनके इस असाधारण सफर के बारे में पूछा। प्रस्तुत है उनसे हुई बातचीत के प्रमुख अंश-

**शो के 8 साल और 2000 एपिसोड्स एक साथ पूरे होने पर कैसा लग रहा है?**

यह हम सभी के लिये एक बेहद खास पल है, क्योंकि यह एक डबल सेलिब्रेशन है। टेलीविजन इंडस्ट्री बहुत प्रतिस्पर्धी है, जहां ऐसे शोज कम ही हैं, जो अपनी सफलता को बरकरार रख पाते हैं और 'भाबीजी घर पर हैं' ने इस मामले में महारत हासिल की है। मैं चैनल और हमारे प्रोड्यूसर्स संजय कोहली एवं बिनेफर कोहली का आभारी हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे यह मौका दिया। आठ साल गुजर चुके हैं और हमारा रिश्ता अभी भी मजबूत हो रहा है। मेरे कॅरियर को बनाने और मुझे ढेरों भरोसेमंद प्रशंसक दिलाने में इस शो की बहुत बड़ी भूमिका रही है।

**मनमोहन तिवारी के अपने किरदार के नाम से पहचाने जाने पर आपको कैसा लगता है?**

तिवारी के रूप में मेरा सफर कमाल का रहा है। यह किरदार घर-घर में लोकप्रिय हो गया है। इस किरदार ने इतनी खूबसूरती से जुड़ाव बनाया है कि लोग अक्सर मुझे रोहिताश्व के बजाय तिवारी जी कहकर बुलाते हैं। कई बार तो लोग मुझसे यह भी पूछ बैठते हैं कि 'आपकी कच्छे बनियान की दुकान कैसी चल रही है?''(हंसते हैं)। यह हमारे शो और इसके किरदारों की कामयाबी को दर्शाता है। मेरा मानना है कि सिर्फ तिवारी ही नहीं, बल्कि इस शो के हर किरदार ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। कई मौकों पर हमारे प्रशंसकों ने बताया है कि इस शो को देखकर कैसे उनका जीवन खुशियों से भर गया है। हमें कई मरीजों के भी खत मिलते रहे हैं, जिनमें उन्होंने बताया कि यह शो देखकर उन्हें अपना दर्द भूलने में मदद मिली और इसके हास्य की वजह से ही वह अपने मुश्किल दिनों को आसानी से गुजार पाये। मैं इसके लिये खुद को खुशकिस्मत मानता हूं और दर्शकों का आभारी हूं।

**टेलीविजन पर आपको इस तरह का दिलफेंक किरदार निभाते हुए देखकर आपके परिवार की क्या प्रतिक्रिया होती है?**

सच कहूं, तो भारतीय टेलीविजन पर ऐसा दिलफेंक किरदार निभाने को लेकर मैं असमंजस में था। शुरूआत में मैं दर्शकों की प्रतिक्रिया को लेकर चिंतित था। लेकिन मेरी पत्नी रेखा ने मुझे यह रोल करने के लिये मनाया और आज हम इस जगह पर हैं। हम आठ सालों के बाद दो बड़ी उपलब्धियों का जश्न मना रहे हैं। मेरे परिवार वालों को टेलीविजन पर मुझे देखकर उतना ही मजा आता है, जितना हमारे शो के प्रशंसकों को आता है। मेरी पत्नी मेरे काम एवं भूमिकाओं को समझती है और उसने हमेशा ही मेरा साथ दिया है। उसने मुझे हमेशा प्रेरित किया है। मेरे पूरे कॅरियर में मेरे बच्चे मेरे सबसे बड़े समर्थक और आलोचक रहे हैं। उनकी सलाह और परामर्श से मुझे बेहतर परफॉर्म करने में मदद मिलती है।

**आपका अब तक का सबसे पसंदीदा एपिसोड कौन सा है?**

इस शो की हर कहानी अनूठी एवं हास्यप्रद है, इसलिये इनमें से किसी एक को चुनना बेहद मुश्किल है। हालांकि, एक कहानी जो मुझे याद आ रही है, वह है मदन मोहन तिवारी के किरदार वाली, जोकि मनमोहन तिवारी का छोटा हिप्पी भाई है। वह मनमोहन तिवारी के किरदार से बिल्कुल उलट था। मदन मोहन तिवारी की कैजुअल क्लॉदिंग, लंबे उलझे बाल और एक अनूठे अंदाज में उसका अजीबो-गरीब इंग्लिश बोलना बेहद मनोरंजक था। मनमोहन तिवारी की गैरमौजूदगी में वह अंगूरी के साथ फ्लर्ट करके विभूति को जलाता रहता था। मुझे दर्शकों से काफी पॉजिटिव फीडबैक मिले थे। विचित्र और मजेदार किरदारों में ढलना और अपने दर्शकों का मनोरंजन करना हमेशा ही मजेदार होता है।

## निर्माता-निर्देशक,एक्टर शेखर चौहान विदेशी निर्माता के साथ मेगा बजट की हिंदी फिल्म बनाएंगे

### बॉलीवुड के नामचीन कलाकरो के संग बेटे भूपेश की अहम भूमिका होगी

रायपुर... छत्तीसगढ़ी फिल्मो के शोमेन, ग्लैमर प्रोड्यूसर एक्टर ,चर्चित फिल्म बेर्रा,किरिया, त्रिवेणी माया होगे रे ,आगामी फिल्म मिस यू मोर स्वीट हार्ट, जैसी नामी फिल्मो के निर्माता,अभिनेता अक्सर टाइम निकल कर दोनों बेटो के संग देश-विदेश में घूमने एवं सैर सपाटे के लिए निकल जाते है और साथ मे अपने अभिन्य मित्रों को भी ले जाने से नही चूकते है ,इसी कड़ी मे विगत 20 दिनों की थाईलैंड यात्रा कर कल ही रायपुर पहुँचे है .. ज्ञात सूत्रों से पता चला है कि थाईलैंड में एक विदेशी निर्माता के संग बड़े बजट की हिंदी फिल्म की मेकिंग



के साथतैयारी में जुट गए जिसमे अपने बड़े बेटे भूपेश को एक बड़ी भूमिका देने की प्लानिग में जोर शोर से जुटे गए है। हिंदी फिल्म में बॉलीवुड के नामी कलाकरो को भी लेंगे। अगले माह अप्रैल में कंबोडिया दौरे में अपने नए बिज़नेस को लेकर रवाना होने वाले है।

## जज्बातों को लेकर ज्यादा जागरुक हो गई हूं

क्याा कला जीवन का प्रतिबिम्बो है या जीवन कला का प्रतिबिम्बह है सोनी सब के शो 'दिल दियां गल्लां ' की अमृता के लिये तो जीवन यकीनन कला का प्रतिबिम्ब लगता है। गलत समझी गई परिस्थितियों, आहत भावनाओं और अपने-अपने मतों के चलते टूटे हुए एक परिवार की कहानी दिखाने वाले 'दिल दियां गल्लां ' जैसे शो में काम करने से कावेरी प्रियम को



अपने रिश्तों का महत्वे और यह समझने में मदद मिली है कि बातचीत कितना मायने रखती है। कावेरी प्रियम ने बताया कि 'दिल दियां गल्लां ' में अमृता का किरदार निभाने के बाद उनके जीवन में रिश्तोंय ने उन पर कैसा असर डाला, अमृता का किरदार निभाते हुए मुझे कुछ वक्ता हो गया है और मुझे कहना ही होगा कि इस शो ने जिन्द गी की पेचीदगियों और बातचीत के अभाव में लोगों का एक-दूसरे से दूर होना जिस तरह दिखाया है, वह तारीफ के काबिल है। मैं सोचती हूँ कि 'दिल दियां गल्लां ' में काम करने से मुझे अपने पैरेंट्स की भावनाओं और जज्बादतों का ज्यादा ख्याल रहने लगा है। अब मैं अपने लोगों को खास होने का एहसास देती हूँ और उन्हें प्यारर और वक्तर भी देती हूँ, जो उन्हों चाहिये। परिवार से दूर एक अलग शहर में रहना आसान नहीं होता है। समय के साथ आप सीखते हैं; हालांकि खालीपन फिर भी बना रहता है, जिसे आपके पैरेंट्स ही भर सकते हैं। अच्छी बात यह है कि मेरा परिवार और पैरेंट्स बहुत प्यानर करने वाले हैं, जिन्होंतने मेरे सफर के हर हिस्सै में हमेशा मेरा साथ दिया है और इसलिये मैं बहुत आभारी हूँ।÷ उन्होंने आगे कहा, मेरा मानना है कि अपनी निजी और कामकाजी जिन्दहगी के बीच संतुलन के लिये बातचीत सबसे बढ़िया तरीका है। अगर आप अपने करीबी लोगों से बातचीत जारी रखते हैं, तो गलतफ्हकमियों की कोई जगह नहीं रहेगी। व्यगस्त शेड्यूल के कारण मैं अक्स र अपने पैरेंट्स से बात नहीं कर पाती हूँ, लेकिन ब्रेक के दौरान उनसे बात करने की कोशिश करती हूँ, ताकि उन्हें भी मेरे दिन की जानकारी रहे। और मुझे लगता है कि 'दिल दियां गल्लां ' में एक नया परिवार और अमृता जैसा किरदार मिलना मेरी अच्छी किस्म त है, क्यों कि यह थोड़े ही वक्त में मेरे लिये काफी महत्व पूर्ण हो गया है।

## क्या 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में पुष्पा अपने परिवार को बचाने और दिलीप पटेल के गेम प्लान को मात देने में कामयाब होगी

सोनी सब का शो 'पुष्पा इम्पॉसिबल' पुष्पा की कहानी है, जिसने अपने उत्साही स्वभाव, आशावादी सोच और जिन्दगी को लेकर अलग नजरिये के कारण हमारे दिलों को जीता है। दर्शकों ने इस शो में हाल ही में एक रोमांचक मोड़ देखा था, जिसमें पुष्पा (करूणा पांडे) और देवी (उर्वशी ढोलकिया) ने अपहरणकर्ताओं के चंगुल से अपनी बेटियों को छुड़ाने के लिये अपनी सबसे अच्छी कोशिश की थी। दूसरी ओर, इस अपहरण का मास्टरमाइंड दिलीप पटेल (जयेश मोरे), जोकि पुष्पा का पूर्व-पति भी है, पुष्पा के खिलाफ एक और बुरी योजना बनाने लगा है, जिसके लिये वह अपनी और पुष्पा की बेटी राशि का इस्तेमाल कर रहा है। हर कोई रंगों का त्यौहार मनाने में लगा है और



दिलीप भेष बदलकर राशि से मिलने जाता है।चॉल में हर कोई बहुत खुश है और होली खेल रहा है, क्योंकि देवी की मदद से पुष्पा, राशि और रोशनी को अपहरणकर्ताओं से छुड़ा लिया गया है। दूसरी ओर दिलीप अपनी ही बेटी राशि का इस्तेमाल अपने एक बुरे प्लान में करना चाहता है, ताकि पुष्पा से बदला ले सके।क्या पुष्पा को दिलीप के बुरे प्लान का पता लग जाएगापुष्पा पटेल की भूमिका निभा रहीं करूणा पांडे ने कहा, ÷एक किरदार के तौर पर पुष्पा कभी हार नहीं मानती है, चाहे जिन्दगी उसके सामने कैसे भी हालात लेकर आए। पुष्पा ने अभी-अभी अपनी जिन्दगी की एक बड़ी घटना का सामना किया है, लेकिन उसका पूर्व-पति उसके खिलाफ बुरी प्लानिंग करने से रूक ही नहीं रहा है। यह देखना दिलचस्प होगा कि दिलीप का प्लान क्या है और पुष्पा अपने और अपने परिवार के रास्ते में आने वाली हर स्थिति से निपटने के लिये तैयार है।

## क्या तारा टाइम ट्रैवेल करने में कामयाब होगी और ध्रुव को अपने साथ अपनी दुनिया में लेकर जा पाएगी

अपनी तरह के अनूठे शो 'ध्रुव तारा- समय सदी से परे' के साथ सोनी सब दो लोगों की एक अनोखी प्रेम कहानी लेकर आया है, जिसमें ध्रुव (ईशान धवन) और ताराप्रिया (रिया शर्मा) हैं, जो दो अलग-अलग युगों से आते हैं। इस शो ने अपनी रोचक कहानी, दमदार पार्श्व-संगीत और ध्रुव और तारा के बीच की प्यारी नोक-झोक से दर्शकों का ध्यान खींचा है। तारा धीरे-धीरे ध्रुव का भरोसा जीतने की कोशिश कर रही है, ताकि वह समय की यात्रा की उसकी कहानी पर यकीन करे। तारा अनजाने में ही ध्रुव के करीब आने लगती है, क्योंकि वह एक बेहतर बेटा बनने और जिन्दगी में बेहतर फैसले करने में उसकी मदद कर रही है। इस हफ्ते तारा अपने लक्ष्य की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाती है और ध्रुव को सम्मोहित कर लेती है। वह उसे वहीं ले जाती है, जहाँ नवरंग वैन से 21वीं सदी में आकर वह पहली बार उतरी थी। हालांकि उसे आश्चर्य होता है,



क्योंकि वह द्वार को ढूंढ नहीं पाती है। तारा की योजना विफल हो जाती है और भरे मन से वह ध्रुव को वापस उसके घर ले जाती है। हालांकि तारा की स्वीकारोक्ति का पत्र स्थिति को और भी खराब कर देता है। सुशीला (नीलिमा सिंह) को तारा पर बहुत गुस्सा आता है। हालांकि ध्रुव उसका बचाव करता है और माहौल को ठीक कर देता है। ध्रुव की भूमिका निभा रहे ईशान धवन ने कहा, ÷टेलीविजन पर 'ध्रुव तारा' के सफर को करीब एक महीना होने जा रहा है और ऐसा बेहतरीन मौका पाने के लिये मैं अपनी किस्मत का जितना भी शुक्रिया करूं, कम होगा। मुझे लगता है कि हर एपिसोड में कहानी एक खूबसूरत रिश्ता दिखा रही है, जो समय और परिस्थितियों से परे है। ऐसी दमदार कहानी के साथ, मेरा मानना है कि यह शो दर्शकों से अच्छी तरह जुड़ गया है और यह सफर बेहतर ही होता जाएगा। ध्रुव को तारा पर भरोसा है, लेकिन ध्रुव की माँ का शक बढ़ता जा रहा है और इस तरह यह शो यकीनन एक दिलचस्प मोड़ पर पहुँच चुका है। अब देखना दिलचस्प होगा कि ध्रुव और तारा इस चुनौती से कैसे उभरते हैं।

## एक नजर

### अधिकारी-कर्मचारियों ने ली टीबी मुक्त जिला बनाने की शपथ



**सुकमा, 26 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डिप्टी कलेक्टर प्रवेश पैकरा ने विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय के सभा कक्ष में अधिकारी कर्मचारियों को जिला को टीबी मुक्त बनाने के लिए ''जानकारी की रोशनी से टीबी के डर को मिटाऊंगा/मिटाऊंगी, सर्तकता की ताकत से टीबी के भेदभाव को खत्म करूंगा/करूंगी, पूर्ण सर्म्पण की भावना से भारत को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के यज्ञ में अपना योगदान दूंगा/दूंगी। टीबी हारेगा, देश जितेगा ङ्घद्गह्य 2द्ग ष्ड्डठ्ठ द्गठ्ठस्रञ्जक्च' की शपथ दिलाई। वहीं जिला अस्पताल में भी विश्व क्षय दिवस के अवसर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महेश शांडिया व जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही 2025 तक टीबी मुक्त करने के लिए सामूहिक शपथ ली।

### कोंटा में मनाया गया पोषण पखवाड़ा



**सुकमा, 26 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कोंटा में पोषण पखवाड़ा मार्च 2023 के थीम अनुरूप मोटे अनाज पर विस्तृत चर्चा किया गया। साथ ही प्रशिक्षण भी दिया गया। जिसमें पोषण के लिए मोटे अनाज का महत्व उपयोगिता प्रोत्साहन आदि के संबंध में जानकारियां दी गई। इसके साथ ही पोषण रथ घुमाया गया और पोषण संबंधी जागरूकता अभियान का प्रचार प्रसार किया गया।पीरामल फाउंडेशन द्वारा उक्त कार्यक्रम में निपुण भारत मिशन को प्रोत्साहित करने रीड एलांग एप्प पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी दीक्षा वैद्य, सेक्टर सुपरवाइजर बी मंजुलता, सीता ठाकुर, डॉली बघेल तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व पीरामल फाउंडेशन के स्टेट कॉर्डिनेटर एवं अन्य उपस्थित थे।

### मड़ई संचालन समिति की बैठक में लिए गए कई निर्णय



**सुकमा, 26 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मंडई संचालन समिति के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि माता रामारामी की असीम कृपा से 12 वर्षीय राज मंडई संचालन समिति की चतुर्थ बैठक 26 मार्च दिन रविवार को स्थान राजवाडा सुकमा माता गुडी श्री शीतला माता मंदिर मे संचालन ट्रस्ट मंडई संचालन समिति की संयुक्त बैठक 3 से 4 बजे तक रखी गई है। विभाग समितियों की पृथकत : 4 से 5 बजे मंडई भाटा मेला स्थल मौका निरीक्षण 5 :00 से 6 :00 तक आप सभी आदरणीय मंडई संचालन समिति के संयुक्त पदाधिकारी गण बुद्धिजीवी स्वच्छ जल शक्ति मातृशक्ति युवा शक्ति सभी से निवेदन है कि कल संयुक्त बैठक में उपस्थित होकर अपने विचार अपने अपने ग्राम वार्ड का स्थिति संयुक्त बैठक में रखें। कल अलग से महिला टोलि की भी गठन किया जावेगा।

### जलवायु की अनुकूलता को देखते हुए नारियल की खेती को दें बढ़ावा: कलेक्टर

**जगदलपुर, 26 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहीद गुण्डाधूर कृषि महाविद्यालय कुम्हरावंड में अखिल भारतीय समन्वित ताड़ फसल अनुसंधान जगदलपुर एवं नारियल विकास बोर्ड द्वारा 20 मार्च से 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर कलेक्टर श्री चंदन कुमार ने बस्तर में नारियल की खेती के लिए बस्तर की जलवायु को अनुकूल बताते हुए यहां इसकी खेती को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता बताई, जिससे किसानों की आर्थिक समृद्धि का मार्ग खुल सके। समापन के अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र तथा नारियल पेड़ पर चढ़ने का उपकरण प्रदान किया गया। इस अवसर पर शहीद गुण्डाधूर कृषि महाविद्यालय कुम्हरावंड की अधिष्ठाता डॉ. जयालक्ष्मी गांगुली, नारियल बोर्ड के सहायक संचालक श्री आईसी कटियार, अखिल भारतीय समन्वित ताड़ फसल अनुसंधान की वैज्ञानिक डॉ वीणा सिंह, अनुसंधान सहयोगी किट विज्ञानी श्री राजेश पटेल, आदि उपस्थित थे।

# मुख्यालय में एकल अभियान के सदस्यों ने पदयात्रा कर मनाया तिलक उत्सव

## सनातनियों को तिलक लगाकर दी हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 26 मार्च।** जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में एकल अभियान बैलाडिला अंचल समिति के सदस्यों एवं सेवाव्रती भाई बहनों द्वारा नवरात्र के चतुर्थी को नव वर्ष के उपलक्ष्य में तिलक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान लोगों ने भी बढ़चढ़कर तिलक उत्सव में भाग लिया और उत्साह के साथ एकल सदस्यों को तिलकोत्सव अभियान के लिए साधुवाद दिया।

एकल अभियान के सदस्यों द्वारा शनिवार को नव वर्ष के उपलक्ष्य में तिलक उत्सव कार्यक्रम की शुरूआत मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर से की गई। एकल अभियान से जुड़े सेवाव्रती माता बहनें एवं ग्रामीण अंचलों से आए अभियान के सदस्यों ने सर्वप्रथम दंतेश्वरी मंदिर से पदयात्रा की शुरूआत की मुख्य मार्ग से होते हुए नगर भ्रमण कर पदयात्रा बैंक चौक होते हुए शीतलामाता मंदिर पहुंची। इस दौरान रास्ते भर में मिलने वाले समस्त हिन्दु भाई बहनों एवं वृद्धजनों को तिलक लगाकर नव वर्ष मंगलमय होने की बधाई दी। प्रतिष्ठानों एवं घरों में भी जाकर एकल के सदस्यों ने सभी के माथे पर तिलक लगाकर सभी सनातनी भाई बहनों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। एकल अभियान के सदस्यों द्वारा तिलक उत्सव मनाये जाने के पीछे उद्देश्य यह है कि भारत की प्राचीन परंपरानुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा अर्थात हिन्दू नववर्ष पर प्राचीन समय में नव वर्ष की शुभकामनाएं लोग इसी तरह एक दूसरे के घर जाकर तिलक लगाकर बड़ों के चरण स्पर्श कर दिया करते थे। आज आधुनिक काल में मनुष्य फोन करके, व्हाट्सअप पे, फेसबुक पे, मैसेज में, मैसेंजर में, टयूटर पे बधाई संदेश देता है। लोगों को एक दूसरे से मिलने बात करने का समय भी नहीं रह गया है। प्राचीन भारतीय परंपरा को लोग भुलते जा रहे हैं। लोगों ने दूरियां व मनभेद बढ़ती जा रही है। प्राचीन हिन्दू सनातन परंपरा को जीवित रखने एवं इसे फिर से उपर उठाने नई पीढ़ी को तिलक उत्सव के माध्यम से संदेश देने का प्रयास एकल अभियान की ओर से किया गया है जिसकी चहुंओर भूरि भूरि प्रशंसा हो रही है। तिलक उत्सव कार्यक्रम में एकल अभियान अंचल बैलाडिला समिति के सदस्य, एकल के सेवाव्रती भाई बहिन एवं गांव गांव से आए ग्रामीण भाई बंधुजन उपस्थित थे।

# बाढ़ में फंसे व्यक्ति को सुरक्षित निकालने का रेस्क्यू आपरेशन हुआ आधुनिक

## जांजगीर में राहुल को निकालने वाली टीम के सदस्यों ने तुंगल डैम में किया माकड्रिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 26 मार्च।** जांजगीर में राहुल को निकालने वाली टीम के कौशल को पूरे देश ने देखा। इस टीम के सदस्यों ने और नगर सेना के जवानों ने बाढ़ में फंसे व्यक्ति को बचाने के लिए मॉकड्रील किया। माकड्रिल में गांव के ग्रामीणों ने बाढ़ में फंसे व्यक्ति की सूचना नगर सेना के जवानों को दी। ग्रामीणों की सूचना मिलते ही मौके पर आधुनिक संसाधनों के साथ पहुंची एनडीआरएफ और नगर सेना ने बाढ़ में फंसे व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं लाइफ सेविंग ड्रग और अन्य तैयारियों के साथ तट पर तैनात दस्ता और स्वास्थ्य विभाग के दल ने पीड़ित व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस की सहायता से बेहतर उपचार के लिए रवाना किया गया। डायविंग, मेडिकल और प्रशासनिक टीम के समन्वय से मॉकड्रिल का सफल संचालन किया गया। उल्लेखनीय है कि बाढ़ आपदा से पीड़ित को निकालने के इस माकड्रिल को देखने बड़ी संख्या में जुटे हुए लोगों ने देखा कि किस तरह व्यावहारिक रणनीति ऐसी आपदा की स्थिति में निकाली जा सकती है।




रेस्क्यू टीम के सदस्यों ने बताया कि रेस्क्यू आपरेशन काफी आधुनिक हो रहा। विभिन्न आपदाओं में फंसे व्यक्तियों को बचाने के लिए आधुनिक संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है। आपरेशन पूरा करने के लिए हाइटेक संसाधनों का उपयोग किया गया। वहीं बाढ़ में फंसा व्यक्ति रेस्क्यू के दौरान काफी पानी पी चुका होता है, जिसे निकालने की विधि मॉकड्रील में बताई गई।

डिप्टी कलेक्टर दुलीचंद बंजारे ने रेस्क्यू टीम को रेस्क्यू की शानदार कौशल प्रदर्शन पर बधाई देते हुए कहा कि बाढ़ में फंसे व्यक्ति को बिना विलम्ब किए सूझबूझ और तत्परता से आधे घंटे के भीतर बाहर निकाला और पीड़ित को प्राथमिक उपचार के साथ बेहतर उपचार के लिए रवाना किया। संकट के समय घंटों तक सहायता के लिए उपलब्ध रहना और तेजी से रणनीति से काम करना काबिलेतारीफ है।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर प्रवेश पैकरा, डिप्टी कलेक्टर अजय मोड़ियाम, डिप्टी कलेक्टर मधु तेता, जिला नगर सेना प्रभारी एएस नेताम प्रभारी, एनडीआरएफ के अस्सिटेंट कमाडेंट गौरव जागटे, इंस्पेक्टर महाबीर मोहन्ती, सब इंस्पेक्टर एसके सिन्हा और आपदा मित्र सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीण उपस्थित थे।

### ईमानदारी, लगन व एकजुटता से किसी भी लक्ष्य को पाय जा सकता है : छविंद्र कर्मा

**दंतेवाड़ा, 26 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बालपेट क्रिकेट प्रतियोगिता में पीसीसी मेम्बर छविंद्र कर्मा बतौर मुख्यातिथि बालपेट पहुंचे। छह दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट का शुभारंभ छविंद्र कर्मा व जिला महामंत्री रितेश जैन ने मां दंतेश्वरी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया। खिलाड़ियों को सम्बोधित करते छविंद्र कर्मा ने स्थानीय हल्बी बोली में कहा कि किसी भी लक्ष्य को टीम के प्रति ईमानदारी व लगन के साथ ही जीता जा सकता है। खिलाड़ियों को खेलभावना से खेलने की बात कहते कहा कि टीम के प्रति ईमानदार रहकर अनुशासित व एकजुटता से मेहनत करना है, तभी हम लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। छविंद्र कर्मा ने कहा कि अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन करें और गांव से जिले, जिले से प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएँ। इसके बाद छविंद्र कर्मा ने चितालंका व तुमनार के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दी। बालपेट क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले दिन तुमनार और चितालंका के मध्य मैच खेला गया। इस स्पर्धा में आसपास गांवों की कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया है। इस दौरान कांग्रेस के जिला महामंत्री रितेश जैन, जोगी नाग, वार्ड पंच कविता नाग, सोमारी, कमेटी अध्यक्ष रामेश्वर नाग, दिनेश नागवंशी समेत खिलाड़ी व खेलप्रेमी मौजूद थे।



## भरोसे का सम्मेलन: मुख्यमंत्री बघेल ने किया 278 मल्टी एक्टिविटी सेंटर (रीपा) का लोकार्पण

# जिले के 6 मल्टी एक्टिविटी सेंटर का भी हुआ लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 26 मार्च।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज मुंगेली जिले के सरगांव में आयोजित भरोसे का सम्मेलन में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना के तहत ग्रामीण युवाओं एवं महिला समूहों में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न स्थानों में नवनिर्मित 278 मल्टी एक्टिविटी सेंटर का लोकार्पण किया। इसमें सुकमा जिले के 6 मल्टी एक्टिविटी सेंटर भी शामिल है।

सम्मेलन में मुख्यमंत्री बघेल ने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के हितग्राहियों को 149.92 करोड़ रूपए, गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को 6.34 करोड़ रूपए, राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत किसानों के खाते में अंतिम किस्त का अंतरण किया। 23.23 लाख




किसानों के खाते में 1793 करोड़ रुपए डाले गए। उन्होंने साथ ही राजीव गांधी नगरीय भूमिहीन मजदूर न्याय योजना का शुभारंभ और बेरोजगारी भत्ता योजना के वेबपोर्टल का लोकार्पण किया। अब शहरीय भूमिहीन मजदूरों को भी सालाना 7 हजार रुपए की सहायता राशि मिलेगी। साथ ही छत्तीसगढ़ आर्थिक सामाजिक सर्वेक्षण 2023 का एप्लीकेशन लांच किया। सुकमा जिला के ग्राम बिरसठपाल के मल्टी एक्टिविटी सेंटर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी - कर्मचारी एवं लोगों ने एल.डी. स्क्रीन पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मेलन से जुड़े। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने कहा कि प्रदेश सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनों के माध्यम से महिलाओं के सशक्तीकरण का काम कर रही है। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक रीपा जिले के 6 गौठान में संचालित है। जिसके माध्यम से जिले के महिलाओं को आर्थिक विकास के साथ ही उन्हें आर्थिक रूप से स्वालंबी बना रही है। हाल ही में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के किसानों के हित में की बड़ी घोषणा की है जिससे समर्थन मूल्य पर अब प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी होगी, जिससे हमारे प्रदेश के किसानों की आय में वृद्धि होगी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और डी एन कश्यप जिला पंचायत सीईओ सुकमा, डिप्टी कलेक्टर प्रवेश पैकरा, डिप्टी कलेक्टर अजय मोड़ियाम सहित अन्य अधिकारी एवम् कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## अनूठी पहल विकास की ओर: एक वरदान की तरह साबित हो रही है फिजियोथेरेपी यूनिट

# जिला सरकारी अस्पताल में असाध्य रोगियों को दी जा रही निःशुल्क थेरेपी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 26 मार्च।** जिला सरकारी अस्पताल सुकमा में वर्ष 2022-23 में डीएमएफ के अंतर्गत दिसम्बर 2022 से फिजियोथेरेपी यूनिट की अनूठी पहल की गई जिसका उद्घाटन कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा से कराया यगा। उद्घाटन के पश्चात मात्र 2 महीने में थेरेपी लेने वालों की संख्या 2000 तक पहुंच गई है। विजयवाड़ा, जगदलपुर, विशाखापटनम एवं मलकानगिरी चारों दिशों में जाने वाले मरीज अब सुविधा प्राप्त कर रहे हैं। जिला अस्पताल के यूनिट में डॉ. राजेश के निर्देशन में फिजियोथेरेपिस्अ जो इंदौर महारानी अस्पताल में सेवा दे चुके हैं, लकवा के विशेषज्ञ डॉ. हेमंत वर्मा व डॉ. सुरेश कुमार बंगलुरू से शिक्षा प्राप्त जैसे युवा चिकित्सकों की टीम अपनी सेवाएं दे रही है। जिला असस्ताल में बड़ी संख्या में लोग अतिसंवेदनशील इलाकों के होते हैं जिसमें सुकमा जिले के फौजी जवान भी शामिल हैं। आपरेशन एवं उपचार के बाद मरीजों को फिजियोथेरेपी की सलाह दी जाती है। निजी सेंट में 500-800 का प्रतिदिन फीस चुकानी होती है। ऐसे में यह सुविधा सरकारी तौर पर मिलने से पहले गरीब वर्ग के मरीज इससे वंचित थे।

लकवे से ग्रसित मरीज ठीक हो रहे- सुकमा निवासी नरेश जी. (42) दो महीने से लकवे के शिकार हैं। रोजाना चलकर आते हैं और व्यायाम करके खुद को बेहतर महसूस कर रहे हैं।

फ्रोजेन सोल्डर की मरीज चंचल गांधी (42) एक कामकाजी महिला होने के बावजूद रोजाना ओपीडी पहुंचकर व्यायाम करने वाली श्रीमती चंचल गांधी पिछले 3 महीने से आ रही है अब जाके हाथों की जकड़न 95 प्रतिशत कम हो चुकी है इसका श्रेय वे फिजियोथेरपी विभाग के विशेषज्ञों को देती हैं।

इन रोगों का होता है उपचार- अस्पताल में जोड़ों का दर्द, सूजन, गठिया, वात, कमर, पीठ व घुटने का दर्द, सियाटिका, सर्वाइकल पेन तथा मांसपेशियों में चोट का इलाज किया जा रहा है।

अस्पताल के फिजियोथेरेपी यूनिट में जरूरी आधुनिक उपकरण उपलब्ध है। किसी प्रकार की जटिल समस्या के लिए और भी उपकरण दिए जाएंगे।

**-डॉ. अभय प्रताप तोमर**
**सीएस जिला अस्पताल सुकमा**

फिजियोथेरेपी में समय के अनुसार और भी आवश्यक सुधार एवं सुविधा उपलब्ध करवाई जाएंगी।

**-डॉ. शांडिल्य,**
**सीएमएचओ सुकमा**

## समाचार संक्षेप

### जनजातीय किशोरों और छात्रों के लिए किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम का उद्घाटन



**सुकमा, 26 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में 15 वर्ष से 29 वर्ष तक के किशोरों के बीच जनजातीय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए पिरामल स्वास्थ्य के अनामया कार्यक्रम (ट्राइबल हेल्थ कोलैबोरेटिव)अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया ने किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम का उद्धाटन किया। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में छिंदगढ़ विकासखंड के विभिन्न पंचायतों के किशोर व छात्र शामिल हुए। इस अवसर पर पिरामल स्वास्थ्य के सम्भागीय कार्यक्रम प्रबंधक बालमुकुंद शर्मा ने कार्यक्रम के उद्देश्यों को बताया, जिनमें मुख्य उद्देश्य किशोरों और छात्रों के साथ मानसिक स्वास्थ्य, पोषण एवं किशोर प्रजनन लैंगिक स्वास्थ्य, मादक द्रव्यों के सेवन का दुष्प्रभाव, सड़क दुर्घटना, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग आदि विषयों पर प्रशिक्षण देना है जिससे समुदाय स्तर पर प्रशिक्षित युवा गांव के लोगों को जागरूक करेंगे। उन्होंने बताया कि आजकल गर्भवती महिलाएं एनीमिया जैसी गंभीर बिमारी का शिकार हो जाती हैं, बच्चो व गर्भवती महिलाओं में कुपोषण की बीमारी आम बात सी हो गई है जो आगे चलकर बहुत सारी बीमारियां जैसे मानसिक स्वास्थ्य, बच्चों में नाटापन, दुबलापन आदि का सामना करना पड़ता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महेश सांडिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि पिरामल फाउंडेशन संस्था के द्वारा बहुत ही सराहनीय पहल है। जिसके लिए युवाओं को आगे आकर सरकार के उद्देश्यों, योजनाओं का लाभ, गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने महिलाओं में कम उम्र में गर्भधारण कर लेने की बात कही और टीबी जैसी गंभीर बिमारी के बारे में जानकारी न होने की वजह से कई लोगों की मृत्यु हो जाती है और उन्होंने कहा कि समुदाय में लोगों को जागरूकता की आवश्यकता है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों सहित आदिवासी समुदाय में कुपोषण और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों और कोरोना से आई समस्यों के बारे में भी बताया। आमजनों को जागरूक करने के लिए किशोरों और छात्रों को आगे आने के लिए प्रेरित भी किया।

### स्वयंसेवकों ने समता, दंड, व्यायाम योग, नियुध्द का किया प्रदर्शन



**गीदम, 26 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गीदम नगर के द्वारा सभी शाखाओं का वार्षिकोत्सव नगर के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय प्रांगण में मनाया गया। इस वार्षिकोत्सव में नगर की सभी शाखाओं के 135 स्वयंसेवक शामिल हुए। इस दौरान शाखा के द्वारा वर्ष भर जो बाते बताई व सिखाई उसका प्रदर्शन किया जाता है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला संघचालक दंतेवाड़ा मायादीन गुप्ता, खंड संघचालक अमर चंदवानी, शिशु मंदिर के प्राचार्य विजय दुबे, व मुख्य वक्ता के रूप में नारायण नामदेव सहप्रांतप्रचारक छत्तीसगढ़ उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता नारायण नामदेव सहप्रांतप्रचारक छत्तीसगढ़ ने संघ की स्थापना, संघ की शाखा से होने वाले व्यक्ति निर्माण की बात बताई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार संघ संस्थापक हेडगेवार ने किन परिस्थितियों में संघ की स्थापना की। साथ की उनकी जीवनी पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ की शाखा से ही निकलकर देश के बड़े बड़े पदों पर नियुक्त होकर समाज के लिए हमारे स्वयंसेवक कार्य कर रहे हैं। संघ के 2025 में पूर्ण होने वाले 100वे वर्ष में सभी गांवों तक हम पहुंचे, उसके लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके बाद सभी स्वयंसेवको ने समता, दंड, व्यायाम योग, नियुद्ध, खेल का प्रदर्शन किया।

### 75 जोड़ों को संसदीय सचिव ने दिया आशीर्वाद



**उत्तर बस्तर/कांकेर, 26 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना अंतर्गत आज ब्लॉक मुख्यालय नरहरपुर के उन्मुक्त खेल मैदान में आयोजित सामूहिक विवाह में 75 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं स्थानीय विधायक शिशुपाल शोरी ने वर-वधु को सुखमय जीवन का आर्शीवाद दिया। उन्होंने सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सामुहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक माता-पिता की इच्छा होती है कि वह अपने संतान का विवाह धूमधाम के साथ संपन्न कराये, छत्तीसगढ़ सरकार इसमें मदद करते हुए पूरे रीति-रिवाज एवं परंपरा का पालन करते हुए धूमधाम से बेटियों का विवाह संपन्न करा रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना गरीब परिवारों के वरदान साबित हुआ है, इस योजना के तहत पहले सरकार द्वारा 15 हजार रूपये की मदद दी जाती थी, जिसे बढ़ाकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 25 हजार रूपये किया गया, जिसे मुख्यमंत्री द्वारा पुनः बढ़ाकर 50 हजार रूपये कर दी गई है। विकासखंड नरहरपुर के खेल मैदान में आज आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 75 जोड़ों की शादी कराई गई है, भानुप्रतापपुर से 28, कांकेर से 16, चारामा से 15 एवं नरहरपुर से 16 जुड़े परिणय सूत्र में बंधे। सामूहिक विवाह में शामिल जोड़ों को उपहार सामग्री एवं 01 हजार रूपये नकद प्रदाय किया गया।

### क्षय नियंत्रण के लिए बस्तर को मिला कांस्य पदक



**जगदलपुर, 26 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** क्षय नियंत्रण के लिए बस्तर जिले को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाए छत्तीसगढ़ शासन राज्य क्षय उन्मूलन कार्यालय के द्वारा छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों के कार्य उपलब्धियों की समीक्षा किया गया। प्रत्येक वर्ष स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय सेंट्रल टीबी डिवीजन के एनटीइपी गाइडलाइन अनुसार छत्तीसगढ़ स्टेट टीबी सेल के द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में निर्धारित 9 इंडिकेटर के 100 नंबर में सभी जिलों का वार्षिक रेंकिंग जारी किया जाता है। वर्ष 2022 के मूल्यांकन में जिला बस्तर 9 इंडिकेटर के 100 नंबर में से 85.1 नंबर प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान पर रहा। वर्ष 2022 के कार्य उपलब्धियों के लिए जिला बस्तर को बेस्ट परफॉर्मिंग डिस्ट्रिक्ट 2022 अवार्ड प्रदाय किया गया है। 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस सम्मेलन 2023 को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में जिला बस्तर को सब नेशनल सर्टीफिकेशन फार टीबी ईलीमीनेशन अवार्ड का ब्रॉज मेंडल प्रदाय किया गया है। प्रत्येक वर्ष 24 मार्च को टीबी रोग के संबंध में जन जागरूकता हेतु विश्व क्षय रोग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस उपलक्ष्य में राज्य से प्राप्त दिशानिर्देशानुसार जिला बस्तर में 24 मार्च 2023 को निर्धारित कार्यक्रम अनुसार श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में वर्ल्ड टीबी डे के थीम वी कैन ईन्ड टीबी पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

## एक नजर

### भूपेश सरकार का आदिवासी विरोधी चेहरा उजागरः सकनी



**बीजापुर 26 मार्च।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़(जे.) संयुक्त महासचिव तथा बस्तर सम्भाग कोरकमेटी सदस्य चन्द्रैया सकनी ने आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार आदिवासियों के मांगों पर असंवेदनशील है।आदिवासी जब भी अपनी मांगों को लेकर जिला या ब्लाक मुख्यालय आना चाहते हैं तो उन्हें आधे रास्ते ही वापिस लौटा दिया जाता है।एक ओर सरकार के वादाखिलाफी के विरुद्ध संविदा, अनियमित, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, रसोई संघ, सचिव संघ आदि कर्मचारी प्रदेश में आंदोलित हैं।दूसरी तरफ सिलगेर, बुर्जी, बेचापाल, इन्द्रावती तट आदि जगहों पर ग्रामीण गांधीवादी तरीका से प्रर्दशन कर रहे हैं।उन आंदोलनकारियों से भी सरकार अब तक कोई सकारात्मक चर्चा हेतु कदम नहीं उठाया।जब ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर शासन प्रशासन तक पहुंचाने के लिए जिला या ब्लाक मुख्यालय आने लगते हैं तो उनसे देशद्रोहियों जैसा बर्ताव किया जाता है और रास्ते से ही मांगों का ज्ञापन लेकर लौटा दिया जाता है।जो सीधा-सीधा लोकतंत्र का अपमान है।जिन आदिवासी के दम पर कांग्रेस सत्ता में आयी आज उन्हें ही अपनी बात रखने नहीं दिया जा रहा है।इसकी खामयाजा भूपेश सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

### आकांक्षी और नक्सल प्रभावित जिला बीजापुर को नीति आयोग की रैंकिंग में प्रशंसनीय बढ़त

**बीजापुर 26 मार्च।** नीति आयोग के चैंपियन्स ऑफ चेंज पोर्टल पर होने वाली मासिक आंकड़ों की समीक्षा में बीजापुर जिला स्वास्थ्य एवं पोषण के अंतर्गत राष्ट्रीय रैंकिंग में टॉप टेन में रहते हुए छठवें पायदान पर आ चुका है। यह रैंकिंग जिले के मुख्य 13 स्वास्थ्य एवं पोषण बिंदुओं की समीक्षा करता है, साथ ही ओवरऑल रैंकिंग में बीजापुर जिला सोलहवें पायदान पर बढ़त बनाए हुए हैं। जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के साथ ही बैंकिंग,कृषि और मूलभूत अवसंरचना के विकास के लिए जिला कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा की अभिसरण नीतियों और संबंधित विभागाध्यक्षों के प्रयासों की महती भूमिका है।

### भाजयुमो ने प्रदेश कॉंग्रेस सरकार का पुतला फूंका

**महासमुंद 26 मार्च।** भाजयुमो प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजयुमो शहर मण्डल महासमुंद के द्वारा प्रदेश कॉंग्रेस सरकार का पुतला फूंका। उल्लेखनीय है माननीय न्यायालय सूरत के द्वारा पूर्व सांसद राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई गई है,सजा के साथ ही कानूनन सांसद राहुल गांधी अयोग्य घोषित हुवे है ,देश की जनता कानून एवं भारत के लोकतंत्र मे अटूट विश्वास रखती है। कांग्रेस पार्टी परिवार वाद से ग्रषित चाटुकारिता की हद पार कर अपने आका को खुश करने के लिए छत्तीसगढ़ में कांग्रेस जनों द्वारा जिस प्रकार बीजेपी कार्यालय में जाकर गुंडागर्दी किया है एवं हंगामा किया जो अक्षम्य है। भारतीय जनता युवा मोर्चा चुप नही बैठने वाला है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी



**महासमुंद 26 मार्च।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मन की बात के 99वें एपिसोड को संबोधित कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने इसी बात से की। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं कि 99 का फेर कठिन है, क्रिकेट में 90 को मुश्किल का पड़ाव माना जाता है। मोदी ने कहा कि यह मन की बात 99वां एपिसोड है। मुझे बहुत फोन आ रहे हैं, लोग अपने विचार साझा कर रहे हैं। इसी तारतम्य में आज वार्ड 16 में पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर के साथ व वरिष्ठ भाजपा नेता माधव राव टांकसाले, राकेश श्रीवास्तव, जनक साहू, जागेश्वर साहू, जीतू चंद्राकर सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा नेताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात में पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश में परमार्थ को सर्वोपरि रखा गया है। इसलिए हमें दधिचि जैसे दानियों की गाथाएं सुनाई जाती हैं। मेडिकल साइंस की बदौलत हम ऑर्गन डोनेशन किसी को जीवन देने का एक बहुत बड़ा माध्यम बन चुका है। एक व्यक्ति जब ऑग्रर्न डोनेट करता है तो उससे 8 से 10 लोगों को नई जिंदगी मिलती है। साल 2013 में हमारे देश में ऑर्गन डोनेशन के 5 हजार से भी कम केस थे, लेकिन 2022 में ये संख्या बढ़कर 15 हजार से ज्यादा हो गई है। ऑर्गन डोनेशन करने वाले व्यक्तियों ने, उनके परिवार ने वाकई बहुत पुण्य का काम किया है। जो लोग ऑर्गन डोनेशन का इंतजार करते हैं, वो जानते हैं कि इंतजार का एक-एक पल गुजरना, कितना मुश्किल होता है। ऐसे में जब कोई अंगदान या देहदान करने वाला मिल जाता है, तो उसमें ईश्वर का स्वरूप ही नजर आता है।

# गरीब बच्चों का जीवन सुधारने किया जाएगा पुनर्वास

## घुमंतू बच्चों के चिन्हांकन के लिए 31 मार्च तक विशेष अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर 26 मार्च।** राज्य शासन के निर्देश और कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा के मार्गदर्शन में जिले में स्ट्रीट चिल्ड्रन, बाल श्रमिक, अपशिष्ट संग्राहक, भिक्षावृति में लिप्त बच्चों के रेस्क्यू एवं पुर्नवास हेतु अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री लुपेन्द्र महिनाग द्वारा इस अभियान की क्रियान्वयन की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई इस अभियान के तहत ऐसे बच्चे जो बिना किसी सहारे सड़को पर रहते है और रात में निकट के झुग्गी झोपड़ी बस्तियों में रहने वाले अपने परिवारो के पास वापस आ जाते है, ऐसे श्रेणी के बच्चे अपनी उत्तर जीविका भोजन, वस्त्र, आश्रय एवं संरक्षण हेतु प्रतिदिन विभिन्न प्रकार संघर्षो एवं चुनौतियो का सामना करते है उन बच्चों का चिन्हांकन कर उनका संरक्षण प्रदान करने शिक्षा एवं अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने उनके परिवारो को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाते हुए उनके प्रशिक्षण एवं उनके रोजगार की व्यवस्था हेतु विभिन्न विभाग के समन्वय से कार्य योजना अनुसार 28 फरवरी से 31 मार्च 2023 तक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत सड़क में रहने/अपशिष्ट संग्राहक/बाल भिक्षावृति/भटके हुए बच्चों के चिन्हांकन हेतु रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। इस पर रेस्क्यू टीम द्वारा जिले में सतत रूप से निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि कोई भी ऐसे बच्चों का चिन्हांकन होने की दशा पर तत्काल उस पर पुर्नवास की प्रक्रिया किया जाए। सड़क में रहने वाले बच्चो के रेस्क्यू हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई एवं श्रम विभाग के संयुक्त टीम द्वारा सभी विकासखण्डो में सर्वेक्षण का काम कर रहे है। एवं पंचायत स्तर पर भी सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा, जिससे की जिले में किसी भी स्थिति में ऐसे बच्चों के चिन्हांकन होने पर तत्काल कार्यवाही कर बच्चों के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए बालक कल्याण समिति को प्रस्तुत कर, पुर्नवास की कार्यवाही एवं शिक्षा से जोड़ने का कार्य भी किया जाएगा। अभियान अंतर्गत स्कूल एंड वेयरनेस प्रोग्राम अंतर्गत बाल संरक्षण तंत्र के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक प्रावधान एवं किशोरी सशक्तिकरण को लेकर प्रधान पाठको, शिक्षको , भैरमगढ़ एवं उसूर विकास खण्ड में मिडिल स्कूल तथा हायर सेंकडरी स्कूलो में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में दिया गया। उक्त कार्यक्रम अंतर्गत यूनिसेफ के समन्वयक सुश्री लेखिका साहू एवं जिला बाल संरक्षण इकाई से कुमारी नगीना लेखाम एवं श्रीमती सत्या लाटकर उपस्थित थे।

## श्री मारूति महायज्ञ के सफल आयोजन के लिए जिम्मेदारी तय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद 26 मार्च।** शहर के दादाबाड़ा में 6 अप्रेल से श्री मारूति महायज्ञ आयोजित है। कलश व जलयात्रा में साथ महायज्ञ की शुरूआत होगी। इसी सिलसिले में नगर पुरोहित पं पंकज महराज व यजमान विनोद सेवनलाल चंद्राकर की मौजूदगी में श्री मारूति महायज्ञ को सफल बनाने समिति के सदस्यों व नागरिकों की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान कलश यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी को लेकर जिम्मेदारी तय की गई। शनिवार की शाम शहर के दादाबाड़ा में श्री मारूति महायज्ञ की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें बताया गया कि शहर के दादाबाड़ा में 6 अप्रेल से 10 अप्रैल तक श्री मारूति महायज्ञ आयोजित है। कलश व जलयात्रा के साथ महायज्ञ की शुरूआत होगी। श्री मारूति महायज्ञ में मप्र जावरा के बालयोगी श्री विष्णु अरोड़ा मुख्य प्रवचनकर्ता होंगे। कलश यात्रा/ जल यात्रा तीन बजे प्रारंभ होगी। कलश व जलयात्रा में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित किए जाने के लिए महिलाओं को जिम्मेदारी दी गई है। कलश सजाने के साथ वार्डों में आमंत्रण देने के साथ ही पाम्पलेट वितरण के लिए जिम्मेदारी तय की गई। वहीं प्रतिदिन सुबह सात से 9 बजे तक पूजन, दस बजे से 12 बजे तक यज्ञ, दोपहर 12 बजे मध्यान्ह आरती, दोपहर दो बजे से चार बजे तक भजन कीर्तन, सात अप्रैल से 9 अप्रैल तक शाम चार बजे से साढ़े छह बजे तक प्रवचन व शाम सात बजे आरती का कार्यक्रम होगा। बैठक में प्रमुख रूप से सेवनलाल चंद्राकर, दाउलाल चंद्राकर, संजय शर्मा, बाबूलाल साहू, चमन चंद्राकर, दिलीप जैन, राजेश नायक, भरत लड्ढा, प्रकाश साकरकर, रिखीराम साहू, बोधराम साहू, कैलाश साहू, बद्रीनारायण माहेश्वरी, मूलचंद लड्ढा, सुरेंद्र मानिकपुरी, गुप्तेश आचार्य, सती साहू, निरंजना शर्मा, ललिता चंद्राकर, मगन चंद्राकर, मोहनलाल सोनी, यशवंत चंद्राकर, मृत्युंजय बोस, विपिन बिहारी महंती, गिरीश कुमार बोस, अजय कुमार विश्वास, राजेश डडसेना, रोहित चंद्राकर, हेमंत चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, रेवाराम सेन, रामगोपाल तिवारी, शारदा प्रसाद, जीवनलाल वर्मा, रवि सिंह ठाकुर, तारिणी चंद्राकर, उत्तरा विदानी, भारती साहू, रेखा आचार्य, लक्ष्मी साहू, मीना वर्मा, कामिनी चंद्राकर, रमा चंद्राकर, रेवती चंद्राकर, मीना चंद्राकर, शुभ्रा शर्मा, सुषमा शर्मा, आशा चंद्राकर, शशिकला चंद्राकर, प्रेमशीला बघेल, कविता चंद्राकर, भारती सोनी, राखी ठाकुर, पिंकी चंद्राकर, शशि चंद्राकर, सरला सोनी, जयश्री सोनी, मंजू शर्मा, गायत्री निषाद, श्वेता गुप्ता, लक्ष्मी सोनी, राजश्री ठाकुर, सुलेखा शर्मा, सुधा रात्रे, ललिता नंदे, मीनाक्षी शर्मा, शोभा शर्मा, शारदा साहू, दक्षा जोशी, दमयंती पटेल, मेघा नासरे, अमिता नासरे, दशोदा सोनवानी, सोनिया महानंद, मनीषा कुलदीप सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरूष मौजूद थे।

### कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री का फूंका पुतला

**महासमुंद 26 मार्च।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को दो साल की सजा और संसद की सदस्यता समाप्त होने से कांग्रेस पार्टी में जमकर आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेस पार्टी इस मामले को जन आंदोलन का रूप देने जी जान लगा रहीं है। इसी कड़ी में शुक्रवार को मौन धरना प्रदर्शन किया था। वही शनिवार को प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर कांग्रेसियों ने विरोध दर्ज कराया। एक के बाद एक लगातार राहुल गांधी पर आ रही आफत से नाराज़ संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर, नपाध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग, दाऊलाल चंद्राकर, संजय शर्मा, खिलावन बघेल, विरेन्द्र चंद्राकर, डॉ. तरुण साहू, गौरव चंद्राकर, जसबीर ढिल्लो अमन चंद्राकर, अरिश अनवर सहित सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने शनिवार को अंबेडकर चौक पर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा कार्यालय के लिए नारेबाजी करते हुए निकले, लेकिन पुलिस ने सिटी कोतवाली के सामने ही कांग्रेसियों को रोक दिया गया। जिस से नाराज़ कांग्रेसियों ने कोतवाली के सामने ही प्रधानमंत्री का पुतला फूंक दिया। पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झूमा झटकी होती रही।

### देश मे छत्तीसगढ़ अकेला राज्य,जहाँ कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केन्द्र के समान महँगाई भत्ता नहीं

**रायपुर 26 मार्च।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामन्त्री,छत्तीसगढ़ राज्य सँयुक्त पेन्शनर फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ राज्य कर्मचारी संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने आरोप लगाया है कि देश में सम्भवतः छत्तीसगढ़ ऐसा अकेला राज्य है जहां पर राज्य सेवा के अधिकारियों व कर्मचारियों और पेंशनरों को छ ग सरकार द्वारा केन्द्र के समान महंगाई भत्ता का लाभ नहीं दिया जा रहा है।हद तो यह है कि इस बारे में सरकार के साथ साथ विपक्ष भी चुप्पी साधे हुए हैं, जबकि कर्मचारी/पेंशनर संगठनों द्वारा लगातार चर्चा,पर्चा और धरना व अन्य कई आन्दोलनात्मत तरीकों के दिनचर्या से भूपेश बघेल सरकार को जगाने का हर सम्भव प्रयास कर रहे हैं। जारी विज्ञप्ति में उन्होंने आगे बताया है कि देश में भारतीय जनता पार्टी समर्थित सभी राज्य सरकारें तथा कांग्रेस समर्थित सभी राज्य सरकारों ने अपने अपने राज्यों में केन्द्र द्वारा देय तिथि से अधिकारियों-कर्मचारियों व पेंशनरों को केन्द्र के समान कुल 38न्न प्रतिशत महँगाई भत्ता के आदेश जारी कर लाभ दे रहें है जबकि छत्तीसगढ़ राज्य में 33? प्रतिशत ही दे रहे हैं बकाया 5न्न प्रतिशत की किस्त को दबाए बैठे हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि हाल ही में मध्यप्रदेश सरकार ने केन्द्र के बराबर कुल 38न्न महंगाई भत्ता देने के आदेश जारी करने के बाद केन्द्र के समान 42? महंगाई भत्ता राज्य के कर्मचारियों और पेंशनरों देने सम्बन्धी निर्णय कैबिनेट से अग्रिम में ही पारित कर दिया है।

## जिले में 20 मार्च से 3 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन

**बीजापुर 26 मार्च।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देशानुसार जिले में 20 मार्च 2023 से 03 अप्रैल 2023 तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है कुपोषण एवं एनीमिया के स्तर में उल्लेखनीय कमी लाने के उददेश्य से वर्ष 2018 से पोषण अभियान का संचालन किया जा रहा है। व्यक्तिगत एवं समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधित व्यवहार परिवर्तन पोषण अभियान एक मुख्य उददेश्य है। स्वच्छता संबंधित व्यापक प्रचार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु जन आंदोलन के रूप मे ''पोषण पखवाड़ा'' का आयोजन इस वर्ष भी 20 मार्च से 03 अप्रैल 2023 तक का आयोजन किया जा रहा है। पोषण माह आयोजन अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। जिसके अंतर्गत जिले के विभिन्न सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधियों, स्व सहायता समूहों एवं स्कूल शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,स्वास्थ्य विभाग,आयुष विभाग, आदिम जाति विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग, महा विद्यालय, एवं यूनिसेफ व वर्ड विजन से समन्वय कर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन जैसे की वजन त्यौहार में छूटे हुए बच्चों का वजन, ग्राम पंचायतों पर व्यापक प्रचार प्रसार, नारा, स्लोगन, गंभीर कुपोषित, मध्यम कुपोषित बच्चों का चिंहाकन, गृहभेंट ऑगनबाड़ी एवं स्कूलों में विभिन्न प्रकार के फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन, शालाओं में चित्रकला का आयोजन,शालाओं में पोषण प्रतिज्ञा, ग्राम स्तर पर पंजीयन जागरूकता रैली, स्थानीय स्तर पर उत्पादित होने वाले पौष्टिक सब्जी/अनाज से बनाएं गए व्यंजनों का प्रदर्शन,पंचायत प्रतिनिधि, स्व सहायता समूहों का उन्मुखीकरण, राष्ट्रीय कृमि दिवस अंतर्गत कृमि नाशक गोलियों का वितरण, आंगनबाडी केन्द्र एवं शालाओं में पोषण वाटिका का विकास, एनीमिया कैंप का आयोजन,आईएफए वितरण, पोषण आहार विविधिता के विषय में जागरूकता, पोषण प्रश्नोत्तरी, मासिक धर्म एवं स्वच्छता प्रबंधन पर चर्चा, कॉलेजों एवं स्कूलों में पोषण पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाना है।

## हर्षोल्लास से मनाई जाएगी संविधान निर्माता बाबा साहेब की जयंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 26 मार्च ।** महान समाज सुधारक संविधान निर्माता अनुसूचित जाति,जनजाति एवं पिछड़े वर्गों वा अल्पसंख्यकों के मसीहा बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती को हर्षोल्लास पूर्वक और धूमधाम से मनाने के लिए स्थानीय गोंडवाना भवन में बैठक कर सभी समाज के प्रमुखों द्वारा रोडमैप तैयार किया गया। बैठक में आयोजन को सुव्यवस्थित करने आयोजन समिति के गठन सहित अन्य उप समितियों का गठन कर जवाबदेही सौंपी गई।

प्रेस को जारी बयान में आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी कैलाश रामटेके ने कहा कि शुक्रवार को गोंडवाना भवन मे सर्व समाज प्रमुखों की बैठक आहूत की गई थी जिसमे विचार विमर्श कर आयोजन समिति का गठन किया है।

सर्व सम्मति से इम्तियाज खान को आयोजन समिति का अध्यक्ष चुना गया, महासचिव मनीष सोनवानी व कोषाध्यक्ष बीएल पुजारी चुने गए।

इसके अलावा सहकोषाध्यक्ष बसंत मामड़ीकर, इग्नेश तिर्की, जितेन्द्र कोण्ड्रा, पोचेराम भगत, उपाध्यक्ष आदिनारायण पुजारी, आंगनपल्ली बसमैया, मनोज कावटी, श्रीमति इतवारी साय पैकरा , सुकलसाय तेलम, सुरेश चंद्रकार को बनाया गया।

सह सचिव की जिम्मेदारी सुभाष कुड़ीयम, मोगली गटैया, नागेश्वर निषाद, राकेश गिरी को दी गई है।

आयोजन समिति में प्रवक्ता कमलेश पैकरा व मीडिया प्रभारी कैलाश रामटेके बनाए गए। इसके साथ ही उप समितियों में स्वागत, धन संग्रहण, भोजन व्यवस्था ,जल व्यवस्था, मंच एवं टेंट व्यवस्था, प्रचार प्रसार आदि उप समितियाँ बनायी गई हैं। बैठक मे सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष अशोक तलाण्डी, हल्बा समाज से बीएल पुजारी, जगबंधु माँझी, गुज्जा राम पवार,गोंड समाज से अमित कोरसा, दासू राम कोरसा, लक्ष्मण मिच्चा, सुभाष कुड़ीयम, महार समाज से केडी झाड़ी,अजय दुर्गम, प्रकाश कावरे, बसंत मामड़ीकर,जगदीश झाड़ी, पुरुषोत्तम चंद्रकार,

तेलंगा समाज से आदिनारायण पुजारी, तिरुपति लिंगम, मंगल रोटेल,उराँव समाज से आरके कुजूर, परधान समाज से रामप्रसाद गोरला, मुरिया समाज से लक्ष्मण कड़ती, दोरला समाज से धनीराम यालम ,यादव समाज से सतीश केशाबोईना सहित निषाद समाज, मरार समाज व कंवर समाज के प्रतिनिधि मौजूद थे।

समाज प्रमुखों ने निर्णय लिया कि माननीय विधायक विक्रम मण्डावी मुख्य अतिथि होंगे व जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। नगरपालिका अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि एवं पूर्व जनप्रतिनिधि, कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी विशेष अतिथि होंगे।

## समाचार संक्षेप

### दुगईगुडा मे महात्मा गांधी रूलर इंडस्ट्रीयल पार्क योजना का लोकार्पण जनपद अध्यक्ष ने किया



**बीजापुर 26 मार्च।** उसूर विकास खण्ड के दुगईगुडा ग्राम में आज महात्मा गांधी रूलर इंडस्ट्री यल पार्क योजना का लोकार्पण जनपद अध्यक्ष सुश्री अनिता. तेलम जी के द्वारा फीता. काटकर शुभारंभ किया गया। इस.दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव वीरेंद्र वासम आवापल्ली सरपंच श्रीमती मीनाक्षी नोलली सहित एसडीएम उसूर जनपद के अधिकारी कर्मचारी तथा ग्राम के सभी प्रमुख ग्रामीण जन महिलाएं काफी संख्या मे मौजूद रही।

### धूमधाम से मनाई गई झूलेलाल जयंती



**खरसिया 26 मार्च।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिंधी समाज के इष्ट देवता झूलेलाल जी की जयंती बड़े ही धूमधाम से में मनाई गयी। जैसा कि सिंधी समाज खरसिया के द्वारा सभी त्यौहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाए जाते है उनमें से एक झूलेलाल जयंती भी है। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष श्रीचंद रावलानी ने बताया कि झूलेलाल पर्व को उत्साह के साथ मनाने के लिए नई कार्यसमिति बनाई गई थी। जिसमे मनोज नथानी (मन्नू) को अध्यक्ष बनाया गया था। रावलानी ने आगे बताया कि प्रातः 9ञ्00 बजे सिंधी युवा मंडल के द्वारा आकाश मेघानी व मिथलेश नथानी के नेतृत्व में सुभाष चौक में थादल और प्रसाद वितरण भी किया गया एवं प्रातः 11 बजे झूलेलाल मंदिर सिंधी कॉलोनी खरसिया में झुलेलाल जी की महाआरती की गई तथा दोपहर 1ञ्00 बजे सिंधी समाज के सभी प्रतिष्ठान बंद करके दोपहर 3ञ्00 बजे मनोज नथानी एवं हितेश रावलानी (सोनू ) के नेतृत्व में भव्य बाइक रैली निकाली गई। जिसमे महिला-पुरुष व बच्चे सभी बड़ी संख्या में उपस्थित रहें। जो खरसिया के प्रमुख मार्गों से होते हुए हेमू कालाणी चौक में हेमू कालाणी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए सिंधी कॉलोनी में संपन्न हुई। माल्यार्पण के दौरान खरसिया नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील शर्मा, सिंधी पंचायत के उपाध्यक्ष अशोक भगतानी (पप्पू), पंचायत के कोषाध्यक्ष विजय मेघानी (वाटू), कार्यसमिति अध्यक्ष मनोज नथानी, युवा मंडल खरसिया के हितेश रावलानी, (सोनू), जिला भाजपा युवा मोर्चा के कार्यसमिति सदस्य मनीष रावलानी, युवा अधिवक्ता सुमित रावलानी, युवा मंडल के दिनेश अम्बवानी, जय अम्बवानी, अमित मंछानी, अमन नथानी एवं साथ ही समाज के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। भव्य शोभा यात्रा (बहारानो साहेब) निकाली गयी थी, जो प्रमुख मार्गों से होते हुए मछली तालाब में सम्पन हुई। जिसके बाद समाज के द्वारा रात्रि 9ञ्00 बजे भव्य भंडारा करवाया गया। रावलानी ने कहा की सिंधी समाज के द्वारा प्रतिवर्ष अमृतवेला महोत्सव करवाया जाता है और इस वर्ष भी अमृतवेला 11 फरवरी 2023 से प्रारम्भ हुआ था, जिसका समापन 22 मार्च 2023 को हुआ था और इस वर्ष भी अमृतवेला देवानंद धमवानी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ और अमृतवेला समापन के उपलक्ष्य में सिंधी पंचायत के द्वारा रात्रि को लंगर करवाया गया और साथ ही भोपाल की प्रसिद्ध गायिका निकिता ज्ञानचनदानी को बुलाया गया था। जो सिंधी कॉलोनी के सत्संग भवन में रात्रि 10ञ्00 बजे से निकिता ज्ञानचंदानी के भजनों से पूरा सिंधी समाज झूम उठा और समाज के सभी लोगों में उत्साह देखने को मिला। खरसिया सिंधी युवा मंडल के द्वारा एवं ब्राह्मण समाज के द्वारा शोभायात्रा का भव्य रूप से स्वागत किया गया तथा जलपान की व्यवस्था की गई, जिसके लिए रावलानी ने सिंधी समाज की तरफ से ब्राह्मण समाज का और सिंधी युवा मंडल का आभार व्यक्त किया और इन सभी कार्यक्रमो को सफल बनाने में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जिसने भी सहयोग किया उनका धन्यवाद ज्ञापित किया।

### संसदीय सचिव व विधायक ने दीप प्रज्वलित कर बिरकोनी में रिपा का किया लोकार्पण



**महासमुंद 26 मार्च ।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज मुंगेली जिले के सरगांव में आयोजित भरोसे का सम्मेलन में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना (रिपा) के तहत ग्रामीण युवाओं एवं महिला समूहों में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न स्थानों में नवनिर्मित 278 मल्टी एक्टिविटी सेंटर का लोकार्पण किया। इनमें महासमुंद विकासखण्ड के बिरकोनी एवं कांपा, सहित बागबाहरा के एम.के. बाहरा एवं तिलाईदादर, पिथौरा के बगारपाली एवं गोड़बहाल, बसना के नवागांव एवं चिमरकेल तथा सरायपाली के चिरको एवं भुथिया भी शामिल है। इन चयनित गौठानों को इससे पहले रिपा अंतर्गत राशि स्वीकृत की गयी है। जिससे वे आजीविका संबंधित गतिविधियों का संचालन कर सकेंगे। संसदीय सचिव व विधायक श्री विनोद चंद्राकर ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत बिरकोनी में रिपा का लोकार्पण किया। वही बसना विकासखंड के ग्राम नवागांव एवं चिमरकेल में रिपा का शुभारंभ बसना विधायक श्री देवेन्द्र बहादुर सिंह, गोडबहाल में संसदीय सचिव एवं खल्लारी विधायक श्री द्वारिकाधीश यादव एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल तथा भुथिया एवं सिरपुर गौठान में सरायपाली विधायक श्री किस्मत लाल नंद के द्वारा किया गया। बिरकोनी में आयोजित रिपा के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री विनोद चंद्राकर ने महिला समूह के दीदियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार गांव के लोगों के हित के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रहे हैं। रिपा योजना गांव की महिलाओं के आर्थिक उन्नति के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इसके लिए उन्हें आगे बढ़कर कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए रिपा योजना लागू किया है। राज्य सरकार द्वारा प्रथम चरण में प्रत्येक विकासखण्ड के दो गौठानों को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया गया है। इन रिपा में ग्रामीण गरीब परिवारों के लिए रोजगार और आय के साधन उपलब्ध कराये जाएँगे। चयनित गांव के गौठानों को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। आज से इसमें विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियां संचालित की जायेंगी। बता दें कि बिरकोनी में 4 आजीविका मूलक गतिविधियों का शुभारम्भ किया गया। इनमें गोबर पेंट इकाई, मसाला यूनिट, वर्मी बैग सिलाई एवं दोना पत्तल निर्माण शामिल है। जो कि महिला समूहों एवं निजी उद्यमी द्वारा संचालित है।

## एक नजर

### पंचमी पर देवी मंदिरों में चढ़ाया कलश



**तिल्दा-नेवरा, 26 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शक्ति आराधना का महापर्व चल रहा है। आज पंचमी तिथि है। इस तिथि को विशेष तिथि मानी जाती है। क्योंकि यह तिथि पूरे नवरात्रि पर्व की मध्य तिथि है। 4 दिन निकल चुका है, 4 दिन शेष है। भगवान कृष्ण का प्राकट्य मध्य रात्रि में, भगवान राम का प्राकट्य मध्य दिवस में। उसी तरह आज नवरात्रि महापर्व का मध्य दिवस है। आज के दिन प्रधान ज्योति कलश के ऊपर एक और कलश चढ़ाया जाता है। जिसे कलशा सिंगार कहा जाता है। आज के दिन से ही जस मंडली वाले पचरा सिंगार के रूप में भार जस गीत का गायन आरम्भ करते है। जिस तरह से आज पंचमी के दिन से माता रानी को 16 सिंगार किया गया। मावली माता मंदिर भैरव गढ़ माता मंदिर बगदाई मंदिर बंजारी मंदिर इस वक्त भक्तो के लिय श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है।



**तिल्दा-नेवरा, 26 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राहुल गांधी की सांसदी जाने के बाद कांग्रेस ने हल्ला बोल दिया है. पार्टी के कार्यकर्ता देशभर में सरकार के खिलाफप्रदर्शन कर रहे हैं. वहीं, वही पूर्व विधायक जनक राम वर्मा ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा, तो आज कांग्रेस ब्लाक कमेटी ब्लाक अध्यक्ष देव दास टंडन के नेतृत्व में गांधी चौक नेवरा में एक दिन का सत्याग्रह धरना किया जा रहा हैं।



**तिल्दा-नेवरा, 26 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हण पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार केंद्र की मोदी सरकार के तानाशाही रवैये के खिलाफ ब्लाक कांग्रेस कमेटी तिल्दा शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष देवादास टण्डन एवं बलदाऊ साहू के नेतत्व में 26 मार्च को गांधी चौक नेवरा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के प्रतिमा स्थल पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं सत्याग्रह का कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं।

### होली मिलन समारोह आयोजित

**तिल्दा-नेवरा, 26 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** किसान कांग्रेस रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष पप्पू नामदेव व अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनू मारकंडे के तत्वधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं का सम्मान एल्डरमैन स्वेजा परवीन ने किया। उक्त समारोह में फूलों की जमकर होली खेली गई। इस समारोह में डीजे नगाड़े की धुन में कांग्रेसी नेता थिरकते नजर आए। इस कार्यक्रम में रायपुर जिला, तिल्दा नेवरा में आयोजित होली मिलन समारोह में प्रदेश से लेकर जिला स्तर के पदाधिकारी गण शरीक हुए। हिंदू संस्कृति की पारंपरिक भाईचारा एवं आपसी सौहार्द के प्रतीक होली पर्व के अवसर पर होली मिलन समारोह में किसान कांग्रेश के अलावा कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण मौजूद थे।

### करनपुर स्थित कोबरा कैंप में मनाया गया 84वां सीआरपीएफ स्थापना समारोह

# केन्द्रीय गृह मंत्री ने ली परेड की सलामी, उत्कृष्ट योगदान देने वाले जवानों को किया सम्मानित

- आकाशवाणी में प्रति सप्ताह प्रसारित होने वाले हल्बी बोली में समाचार का किया शुभारंभ
- सुकमा में शहीद कनई मांझी की पत्नी को किया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 26 मार्च।** जगदलपुर के निकट करनपुर स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 201 कोबरा कैंप में 84वां सीआरपीएफ समारोह मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यहां शहीद स्मारक पर माल्यार्पण किया। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान सीआरपीएफ की विभिन्न टुकड़ियों ने आकर्षक मार्चपास्ट कर सलामी दी। गृह मंत्री ने भारत देश में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सीआरपीएफ के जवानों को सम्मानित किया। इनमें सुकमा जिले में 18 फरवरी 2020 में वामपंथी उग्रवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में चार उग्रवादियों को ढेर करते हुए प्राणोत्सर्ग करने वाले 208 कोबरा बटालियन के जवान कनई मांझी की पत्नी पापिया मांझी भी शामिल हैं। इसके



साथ ही उन्होंने 13 अन्य जवानों तथा अधिकारियों को तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली बटालियनों को भी सम्मानित किया। उन्होंने 174 करोड़ रुपए के लागत से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के लिए निर्मित विभिन्न विकास एवं अधोसंरचनामूलक कार्यों का ई-लोकार्पण किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने जगदलपुर आकाशवाणी द्वारा हल्बी भाषा में साप्ताहिक समाचार बुलेटिन का भी शुभारंभ किया।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 84वें समारोह की शुभकामनाएं देते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि पहली बार छत्तीसगढ़ के बस्तर में स्थापना दिवस का समारोह आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफने देश की शांति और सुरक्षा में अपना सर्वोच्च योगदान दिया है और इस कार्य के लिए हमारे 2249 जवानों ने बलिदानी हुए हैं। वामपंथी उग्रवाद से लोहा लेते हुए हमारे 763 जवानों ने अपनी आहुति दी है। सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस के जवानों के हौसलों के कारण वामपंथी उग्रवाद अब समाप्ति की ओर है। सीआरपीएफ ने सभी क्षेत्रों में अपनी जान को जोखिम में डालकर दूरस्थ अंचलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, शांति की स्थापना का कार्य किया है। उन्होंने इस अवसर पर सीआरपीएफ की स्थापना और उसके इतिहास के संबंध में भी उल्लेख किया। शाह ने हल्बी बोली में साप्ताहिक समाचार बुलेटिन के प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे स्थानीय बोली के संरक्षण का उद्देश्य पूरा होगा। उन्होंने नारी शक्ति थीम पर आयोजित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की महिला मोटरसाइकिल एक्सपीडिशन के लिए महिला जवानों के साहस और उत्साह की सराहना की। इस अवसर पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की महिला मोटरसाइकिल एक्सपीडिशन का फ्लैग इन, बस्तर के धुरवा जनजाति द्वारा धुरवा नृत्य, फ्यूजन ऑफ मार्शल आर्ट और के-9 का साहसिक प्रदर्शन किया गया। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कार्यक्रम के उपरांत जवानों एवं अधिकारियों के साथ स्वल्पाहार किया।

# बिना हेलमेट सड़क पर 'मौत' का सफर..

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**देवभोग, 26 मार्च।** पुलिस के तमाम प्रयासों के बाद भी यातायात के नियमों का पालन करने के लिए वाहन चालक तैयार नहीं हैं, या यूं कहा जाए कि रूल्स में बंधकर चलना युवा पीढ़ी तौहीन समझती है । नतीजा यह है कि वाहनों की अनियंत्रित दौड़ में बिना हेलमेट फर्राटा भरने वाले सड़क हादसों का शिकार होकर जान गंवा रहे हैं। वह खुद की जान तो गंवाते ही है। साथ में परिवार को भी जीवन भर का दर्द दे जाते है । चार साल के आंकड़ों पर नजर डाले तो देवभोग थाना अंतर्गत 39 ऐसे लोग हैं जो हेलमेट न पहनने से मौत की आगोश में समा गए। जबकि 98 लोग घायल होकर स्वास्थ्य लाभ भी ले चुके है। आमजनों को जागरूक करने के लिए पुलिस सड़क सुरक्षा सप्ताह चलाकर वाहन चालकों को हेलमेट के साथ ही सीट बेल्ट बाँधने के लिए जागरूक भी करती है। वहीं पुलिस की जागरूकता अभियान का असर वाहन चालकों के अंदर कुछ ही दिनों में ना के बराबर दिखाई देता है। यातायात के नियमों को ठेंगा दिखाकर लापरवाह लोग ना ही हेलमेट का उपयोग करते है और ना ही सीट बेल्ट का। इतना ही नहीं हेलमेट रूपी सुरक्षा कवच नहीं होने से अकालरूपी मौत के आगोश में समा जाते है।

**आप ही बताइये एक हजार अनमोल है कि आपकी जान:** एक हेलमेट की कीमत अधिकतम एक हजार से 12 सौ रुपये तक है, मगर इस एक हजार बचाने के चक्कर में बाइक सवार अपनी अनमोल जिंदगी को दांव पर लगा रहे हैं। जिले की सड़कों पर आए दिन हादसों में बाइक सवारों की जान जा रही है। हादसों में जान गंवाने वाले दस में से आठ बाइक सवारों के मौत की वजह सिर में गंभीर चोट ही बन रही है। बावजूद लोग हेलमेट पहनने में कोताही बरत रहे हैं। यह लापरवाही भी तब है, जबकि हेलमेट न लगाने पर कड़े जुर्माने का भी प्रावधान है। उन्हें न तो जुर्माने का भय है और न ही अपनी जिंदगी व परिवार के भविष्य की चिंता।

### हेलमेट लगाइये और सुरक्षित घर जाइये



देवभोग थाना प्रभारी गौतम चंद्र गावड़े ने भी वाहन चालकों से अपील किया है कि जान है तो जहान है। जीवन जैसे अनमोल रत्न को लापरवाही में खोने का काम मत कीजिये। श्री गावड़े ने कहा कि आप ज़ब भी घर से बाहर निकलते है, तो घर से निकलते ही आपके सिर में हेलमेट होना चाहिए। यह सुरक्षा रूपी कवच का काम करते हुए आपकी रक्षा करेगा। थाना प्रभारी ने कहा कि चार पहिया वाहन चालक भी वाहन में बैठते ही सबसे पहले सीट बेल्ट बांधे। सीट बेल्ट लगाने के बाद ही वे अपना सफर शुरू करे। थाना प्रभारी के मुताबिक सीट बेल्ट बाँधने से आप बड़े से बड़े दुर्घटना में बच सकते है।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 6 अप्रैल तक आवेदन

**बलौदाबाजार, 26 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर रजत बंसल के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिमगा आशीष कर्मा द्वारा छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के कंडिका 9(4) के प्रावधानो के तहत प्राथमिक कृषि साख समिति जांगड़ा अंतर्गत दावनबोड़ एवं बुचीपार, सकलोर अंतर्गत बुड़गहन, मोहरा अंतर्गत भालेसुर, फुलवारी अंतर्गत नेवारी, शिकारी केशली अंतर्गत गोरदी, हथबंद अंतर्गत उड़ेला, सिमगा अंतर्गत ढाबाडीह, विश्रामपुर अंतर्गत मर्राकोना, विश्रामपुर, लिमतरा शासकीय उचित मूल्य दुकानों का आबंटन किया जाएगा। इसी प्रकार सिमगा विकासखंड अंतर्गत नवीन ग्राम पंचायत कुलीपोटा का गठन फलस्वरूप उक्त पंचायत में शासकीय उचित मूल्य दुकानों का आबंटन किया जाएगा।

# पुत्री की हत्या करने वाले दंपती को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- पति-पत्नी ने मिलकर रचा अपनी पुत्री की हत्या का षडयंत्र, हत्या कर शव फेंक दिया था तालाब में
- आरोपियों ने हत्या को तालाब में डूबने से हुई मौत का रूप देने की रची थी साजिश
- पुलिस की जांच एवं पीएम रिपोर्ट से हत्याकांड का हुआ पर्दाफाश
- दूसरी पत्नी के उकसावे व भड़काने पर आरोपी ने सगी पुत्री की कर दी हत्या

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 मार्च।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा गंभीर अपराध के त्वारित निकाल करने हेतु निर्देश दिये गये थे, जिसके पालन मे श्रीमान अति.पु.अ सचिन्द्र चौबे एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष अरोरा के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी थाना भाटापारा ग्रामीण विनोद मंडावी के कुशल नेतृत्व में अपनी सगी पुत्री की हत्या के आरोपी पति-पत्नी नीलमचंद वर्मा पिता हीरालाल वर्मा उम्र 38 वर्ष, प्रीति वर्मा पति नीलमचंद वर्मा उम्र 30 वर्ष दोनों निवासी ग्राम



कोदवा थाना भाटापारा ग्रामीण को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मामले का विवरण इस प्रकार है कि घटना 24.02.2023 को सूचक चिंताराम वर्मा निवासी ग्राम कोदवा थाना भाटापारा ग्रामीण का पुलिस सहायता केन्द्र निपनिया आकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराया कि कु. मोक्ष वर्मा पिता नीलमचंद वर्मा उम्र 10 वर्ष साकिन कोदवा थाना भाटापारा ग्रामीण की तालाब पानी मे नहाते समय डूबने से मृत्यू हो गई है, कि रिपोर्ट पर धारा 174 जाफौ के तहत मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही मे लिया गया। मृतिका की शव पंचनामा कार्यवाही के दौरान मृतिका के गले मे चोट के निशान पाया गया था, जिसे गवाहो/पंचो ने भी देखकर हत्या होने का संदेह व्यक्त किया है। बाद पंचनामा कार्यवाही के मृतिका के शव को सीएचसी भाटापारा भेजकर पीएम कराया गया। पोस्टमार्डम रिपोर्ट मे डा. तौसिफखान ने भी मृतिका की मृत्यू गला दबाने से स्वास गति अवरूद्ध होने से होना लेख किये है, तथा मृत्यू की प्रकृति हत्या होना लेख किये है, जो धारा 302, 201 भादवि का घटित होना पाये जाने से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र. 166/2023 धारा 302, 201 भादवि कायम कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना गवाहो के कथन के आधार पर पता चला की जबसे आरोपी नीलमचंद, प्रीति को चूडी पहना कर पत्नी बनाकर रखा तब से बच्चो को लेकर पति-पत्नी के मध्य अक्सर विवाद होता रहता था जिसे के0के0वार्ड भाटापारा व ग्राम कोदवा के ग्रामीणों द्वारा भी बाल-बच्चो को देख जान कर आई हो कहकर आरोपी पत्नी प्रीति को कई बार समझाया गया था।

## समाचार संक्षेप

### शक्ति माता की शोभायात्रा का माहेश्वरी ने पूजा-अर्चना कर किया स्वागत



**सिमगा, 26 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** समस्त सोनकर समाज सिमगा द्वारा सिमगा में अपनी कुल देवी शक्ति माता की स्थापना पूर्व शोभा यात्रा निकाली गई। प्रदेश कांग्रेस? प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने अपने निवास कार्यालय के पास स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने समाज के वरिष्ठ जनों को साल, श्रीफल और फूल माला से सम्मानित कर मां शक्ति की पूजा अर्चना कर भाटापारा विधानसभा के रहवासियों के सुख, समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। इस मौके पर श्री माहेश्वरी ने कहा कि सिमगा में माता शक्ति की पूजा अर्चना बड़े धूमधाम से होती है। यह हमारा सौभाग्य है कि यहां हर धार्मिक कार्यक्रम आपसी सौहार्द के बीच होता है। समस्त सोनकर समाज ने भव्य शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया। इस दौरान मुझे माता शक्ति की पूजा करने और शोभायात्रा का स्वागत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। समाज के लोगों से मिलने और सुख दुख बांटने का अवसर मिला। सोनकर समाज बहुत ही मेहनतकश और इमानदार समाज है। वह अपने मेहनत से सब्जी भाजी उगाकर पूरे छत्तीसगढ़ और देशभर में सिमगा का नाम रोशन कर रहा है। सोनकर समाज का हर एक व्यक्ति बहुत ही? मेहनत से फसल उगाता है उसे बहुत ही इमानदारी से बेचता है। समाज की महिला हो या बुजुर्ग और बच्चे तक बहुत ही? मेहनती हैं। यह समाज अपनी कुल देवी माता शक्ति की स्थापना करने और पूजा अर्चना के लिए आज शोभायात्रा निकाली। माता शक्ति की कृपा ?हमेशा इस समाज पर बनी रहे हम यही कामना करते हैं। इस दौराम पार्षद लखन देवांगन, तिलक देवांगन, राहुल? शर्मा, अंकुश भाटिया, विक्रम पांडेय आदि ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सोनकर समाज की ओर से? नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर, मुकेश सोनकर, हरिश्चंद्र सोनकर, सूरज सोनकर, राधे सोनकर गुरुजी, संतु सोनकर, भरत सोनकर, रामाधार सोनकर, लखन सोनकर, संतोष सोनकर, नारद सोनकर, दुर्गेश सोनकर, विष्णु सोनकर, गणेश सोनकर, मनहरण सोनकर, संतोष सोनकर आदि मौजूद थे।

### ओवर रेटिंग से मदिरा प्रेमी परेशान




**सिमगा, 26 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिमगा में अंग्रेजी व देशी मदिरा दुकान के सेल्समैन ओं के द्वारा आए दिन ओवर रेट लेकर मदिरा प्रेमियों की जेब हल्की की जा रही है शिकायत करने पर सेल्स मैनो के द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है इसके चलते कई बार मारपीट की नौबत भी आ चुकी है सिमगा के स्थानीय नेताओं व आबकारी विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत करने पर या तो सेल्समैन को हटाया जाता है या तो खानापूर्ति कर 1 या 2 दिनों के लिए सही रेट लगाया जाता है फिर बाद वही ढाक के तीन पात वाली स्थिति आ जाती है मदिरा प्रेमियों से मिली जानकारी के अनुसार सिमगा में अंग्रेजी व देशी मदिरा दुकानों के सेल्समैन ओ के द्वारा गोवा का पव्वा जो कि ?120 में मिलता है उसे ?140 में दिया जा रहा है मसाला का पव्वा जो कि ?110 में मिलता है उसे 120 या ?130 में दिया जा रहा है प्लेन का प्रवाह ?90 की जगह ?110 में दिया जा रहा है मदिरा प्रेमियों से मिली यह जानकारी है।

### फोर्टिफाइड चावल को न समझें नकली चावल

**बलौदाबाजार, 26 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाटापारा नगर में लगातार मिल रही नकली चावल शिकायत पर औषधि प्रशासन ने कार्रवाई करतें हुए भाटापारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम टेहका स्थित फर्म सर्वोदय इंडस्ट्री में फोर्टिफाइड चावल की गुणवत्ता के संदेह पर 4.5 क्विंटल सीज चावल को कर जाँच के लिए रायपुर लैब भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा केनेतृत्व में टीम ने दबिश देकर जांच की कार्यवाही की। जांच दौरान फैक्ट्री में 12 बोरी लगभग 420 किलोग्राम फोर्टिफाइड राइस करनैल एफआरके व कुछ मात्रा मे प्रिमिक्स (विटामिंस) भी मिले। रख -रखाव अच्छा न होने से गुणवत्ता में संदेह होने पर एफआरके खाद्य नमूना ज़ब्त कर लैब जांच हेतु भेजा गया और उक्त एफआरके के 12 बोरी को आगामी आदेश तक सीज किया गया। जांच दौरान टीम मे नायब तहसीलदार कावेरी मुखर्जी, रश्मि उपाध्याय पटवारी, पुष्पा कुर्रे शामिल थे। जांच उपरांत उपरोक्त खाद्य पदार्थ एफआरके सैम्पल के लैब रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात् आगामी कार्यवाही की गई।



### मुख्यमंत्री ने किया प्रदेश के ग्रामीण औद्योगिक पार्कों का शुभारंभ, बस्तर जिले को आज मिली 13 रीपा इकाइयों की सौगात

# राष्ट्रपिता के ग्राम स्वराज की कल्पना को किया जा रहा साकार: रेखचंद जैन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 26 मार्च।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्चुअल माध्यम से रीपा (महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क) योजना के क्रियान्वयन का शुभारंभ मुंगेली जिला के सरगांव से किया। इस कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण किया। नानगुर में निर्मित ग्रामीण औद्योगिक पार्क का शुभारंभ इस अवसर पर संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव रेखचन्द जैन ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ग्राम सुराज का सपना साकार करना चाहते थे। उनका सपना था, कि ग्रामीण आत्मनिर्भर बनें। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महात्मा गांधी के इस सपने को साकार करने का बीड़ा उठाया है। आज इसी कड़ी में पूरे प्रदेश में 300 ग्रामीण औद्योगिक पार्कों का उद्घाटन किया जा रहा है। आज से लगभग दो माह पहले तुरेनार में देश के पहले रीपा का लोकार्पण भी मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था। नानगुर में रीपा में युवाओं और महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न इकाइयों की स्थापना की जाएगी। लोगों को प्रशिक्षण के साथ ही उत्पादन के विक्रय के लिए बाजार भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल की कृपादृष्टि हमेशा नानगुर क्षेत्र पर रही है। इस क्षेत्र के लोगों की मांग पर उन्होंने नानगुर को तहसील के दर्जा दिया। यहां स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम और कॉलेज खोलने की घोषणा की। स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए अस्पताल की सौगात दी।कलेक्टर चंदन कुमार ने इस अवसर पर कहा कि हर व्यक्ति की इच्छा पैसा कमाने की होती है। इसके लिए अपने कौशल को बढ़ाना जरूरी है। बस्तर में प्राकृतिक संसाधनों की कमी नहीं है। यहां उपलब्ध संसाधनों को प्रसंस्कृत करें और अपनी आय बढ़ाएं। हम छोटे छोटे कामों से रोजगार का सृजन कर सकते हैं। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष कविता साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष अनिता पोयाम, जनपद पंचायत सदस्य नीरू राम बघेल, स्थानीय सरपंच शांति बघेल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गौतम पाटिल सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में हितग्राही और ग्रामीण उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का वर्चुअल लोकार्पण

**उत्तर बस्तर कांकेर, 26 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज कांकेर जिले के गौठानों में स्थापित महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का लोकार्पण वर्चुअल माध्यम से किया। विकासखण्ड कांकेर के गांधी ग्राम कुलगांव में वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था, जिसके मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं स्थानीय विधायक शिशुपाल शोरी थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से गांवों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में कदम उठाए गए हैं। गांव के बेरोजगार युवा, महिलाओं को ग्रामीण इंडस्ट्रियल पार्क के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा, यहाँ विभिन्न प्रकार के लघु



स्थापित किये जा रहें हैं साथ ही प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गई है, जिसमें स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। ग्राम कुलगांव के गौठान में पहले से ही कुछ इकाईयां स्थापित हैं, रूरल इंडस्ट्रियल पार्क स्वीकृत होने से इसमें और इजाफा हुआ है। आप सब इसे अच्छे ढंग से संचालित कर लाभ कमाएं और आत्मनिर्भर बनें। गांव के संसाधनों का उपयोग गांव में ही हो तथा लोगों को रोजगार मिले। सरकार द्वारा आप को मदद दी जा रही है, उसका भूरपूर लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि कोई भी काम शुरू में मेहनत मांगता है, इसलिए शुरू में ही बहुत ज्यादा लाभ की इच्छा न करते हुए कड़ी मेहनत करे, सफलता जरूर मिलेगी। कलेक्टर डॉ. प्रियंका श ुक्ला ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले के 14 गौठानो को महात्मागांधी रूलर इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.202301092100040
अ/6 वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक शिवप्रसाद तिवारी आ. रघुनाथ प्रसाद तिवारी निवासी जेलरोड डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा अपने अधिवक्ता श्री अशोक तिवारी के माध्यम से धारा 110 भू. रा.सं. के तहत आवेदन पेश किया है कि आवेदक द्वारा शीट क्रमांक 1 भूखण्ड क्रमांक 351/2 में से रकबा 15.8922 वर्गमीटर भूमि राज्य शासन से भूमि स्वामी हक के व्यवस्थापन की मांग की गई है। उक्त भूखण्ड नजूल शासन जरे इंतजाम के नाम पर दर्ज है। उक्त प्लाट 87×20 = 171 वर्गफुट भूमि को क्रय हेतु रा.प्र.क्र. 202006092100002-02 अ/20 (3) वर्ष 2019-20 के तहत प्रदान किया गया है। अतः आवेदक द्वारा उक्त भूमि को शासन से क्रय करने के बाद अपने नाम से नामांतरण करवाने तथा भूमि को अपने नाम से राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त करवाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 05/04/2023 तक स्वयं उपस्थित होकर अपना दावा उजर या आपत्ति न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम. (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ई.पंजी./202303082200022/
अ 20(1), वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामशरण पाली आ. लतेलराम साकिन कवर्धा द्वारा नजल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रमांक- 20बी भूखंड क्रमांक- 17 क्षेत्रफल -103.00 वर्गमीटर भूखंड जो नजूल अभिलेख नजूल जांच रजिस्टर वर्ष 1974-75 में लतेलराम आ. मंगताराम साकिन कवर्धा के नाम पर दर्ज है। मूल धारक लतेलराम आ. मंगताराम की मृत्यु हो जाने के कारण आवेदक द्वारा उनके वैध वारिसों के नाम पर निर्धारण/भू-स्वामी हक करवाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 12/4/2023 को नियत की गई है।

अतएव निर्धारण/भू-स्वामी के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 12/4/2023 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 15/3/2023 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**जारी दिनांक:- 15/3/2023**
**पेशी दिनांक:- 12/4/2023**

मुहर

**नजूल अधिकारी कबीरधाम**

# तेरे वजूद में गुरुर है तो मेरे वजूद में खुद्दारी है, किस्मत और हौसले की जंग अभी जारी है







विदेश में राहुल गाँधी ने देश का अपमान किया है उन्हें संसद में माफ़ी मांगना चाहिये इस मांग को लेकर सत्ता पक्ष संसद नहीं चलने दे रहा है तो कॉंग्रेस सहित विपक्ष संसद में माइक बंद करने का आरोप लगा रहा है।बहरहाल संसद की कार्यवाही में गतिरोध क़ायम है।लोकसभा में शुक्रवार को सांसदों का माइक बंद हो जाना ऐसे ही क्षणों में से एक है। कांग्रेस ने राहुल गांधी को बोलने देने की मांग जैसे ही शुरू की तो माइक बंद हो गए और अध्यक्ष मुस्कुरा कर इसे देखते रहे। यह संयोग था कि संकेत है?भारत में लोकतंत्र खत्म करने की जो बात कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत के गांवों से लेकर सुदूर इंग्लैंड तक कर रहे रहे थे, मोदी सरकार ने उस पर अंतिम मुहर लगा दी हैज्? इस संकेत को अगर देश नहीं समझ पा रहा है तो इसके पीछे सरकार समर्थक मीडिया और सरकार का मजबूत प्रचार-तंत्र है।उनकी भूमिका का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने इसे एक तकनीकी खराबी बता कर झट से ढंक दिया। क्या देश को संचालित करने वाली सर्वोच्च संस्था का एक महत्वपूर्ण क्षण पर मौन हो जाना गुस्सा का सबब नहीं होना चाहिए? यह भी उस समय होता है जब सरकार विपक्ष के एक प्रमुख नेता पर देशद्रोह का आरोप लगा रही है और वह अपना जवाब देना चाहता है।दिलचस्प यह है कि घटना के पीछे तकनीकी खराबी होने की खबर भी सूत्रों के हवाले से आई है। अभी तक कोई अधिकारिक बयान नहीं आया? इतनी बड़ी चूक के लिए किसी ने माफी नहीं मांगीअगर हम थोड़ी देर को यह मान भी लें कि विदेशी धरती पर राहुल के बयान देश के खिलाफ थे तो क्या उनका पक्ष सुने बगैर उन्हें सजा दे दी जाए? लोगों ने सत्ता पक्ष की चालाकी को नहीं देखा कि मोदी सरकार के मंत्रियों ने राहुल के खिलाफ किसी कानूनी लड़ाई के बदले मीडिया और संसद में मोर्चा खोला है।दोनों जगह फैसले उसके हाथ में हैं। मीडिया में मतदान की जरूरत नहीं है और फैसला पहले से उसके पक्ष में है। संसद में फैसला उसके पक्ष में ही होना है क्योंकि बहुमत उसके पास है। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि संसद की कार्यवाही की समीक्षा अदालत में नहीं हो सकती है और संसद को अपने अपमान के खिलाफ कार्रवाई का अधिकार है।लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने इस मामले में शुरू से यही तरीका अपनाया है कि राहुल गांधी को संसद में उनका पक्ष रखने नहीं दिया जाए। भाजपा के सांसद और मंत्री संसद में हंगामा करते हैं और विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका आने के पहले ही सदन की कार्यवाही स्थगित हो जाती है। सत्ता पक्ष यह सुनियोजित ढंग से कर रहा है। भाजपा का आचरण प्राकृतिक न्याय के उस बुनियादी सिद्धांत के खिलाफ है जोआरोपी को अपना पक्ष रखने का अधिकार देता है। माइक बंद करने की कार्रवाई क्या आरोप सिद्ध होने के पहले ही दोषी करार देने की कार्रवाई का हिस्सा है? तानाशाही की इस खुली घोषणा के बाद मीडिया में चल रही इस बहस का कोई अर्थ नहीं रह जाता कि राहुल ने लंदन में क्या कहा थाइस बहस में सिर्फ भाजपा ही नहीं, कुछ मीडिया हॉउस भी झूठ का सहारा ले रहे हैं । राहुल गाँधी ने कही नहीं कहा कि भारत का लोकतंत्र बचाने के लिए बाहरी लोग हस्तक्षेप करें। उन्होंने यह भी नहीं कहा है कि भारत में लोकतंत्र खत्म हो चुका है।उन्होंने सिर्फ इतना बताया कि भारत का लोकतंत्र दबाव में है और इसे मिटाने वाले काम हो रहे हैं। उन्होंने इंग्लैड में अपने श्रोताओं को लोकतंत्र पर विश्व भर में हो रहे हमलों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें सोचना चाहिए कि वे अपने मुल्क में इसके लिए क्या करना चाहिए। साथ ही, उन्होंने अपने श्रोताओं को भारत में हो रहे परिवर्तनों की जानकारी रखने के लिए कहा। राहुल की राय में यह इसलिए जरूरी है कि लोकतंत्र के साये में रहने वाली कुल आबादी का आधा हिस्सा भारत में निवास करता है। सच तो यह है कि राहुल ने लंदन में साफ-साफ कहा कि भारत में जो समस्याएं हैं वे आंतरिक हैं और इसका हल भी देश के भीतर से ही निकलेगा।इधर संसद में बोलने से रोके जाने के बाद उन्होंने विदेश मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति में स्पष्ट किया कि जो प्रचारित किया जा रहा है उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा।इधर संसदीय परंपरा में यह पहली बार हो रहा है कि सत्ता पक्ष संसद की कार्यवाही को ठप कर रहा है। संसद में कार्य रोक कर किसी अन्य विषय पर चर्चा कराने का काम विपक्ष का होता है। संसद में विपक्ष की उपस्थिति को सत्ता पक्ष खारिज कर रहा है। यह एक गंभीर बात है। इसे मोदी सरकार के आम रवैये के साथ जोड़ कर देखना चाहिए। प्रधानमंत्री विपक्ष से कभी बात नहीं करते हैं। संसद के साथ भी उनका रवैया वैसा ही है। उन्होंने नीतिगत संबंधी कोई घोषणा संसद में नहीं की है।नोटबंदी हो या फिर लॉकडाउन, वह सारी घोषणाएं संसद से बाहर करते रहे हैं। ये घोषणाएं वह प्रेस के सामने भी नहीं करते हैं और न ही ऐसी घोषणाओं में कैबिनेट के सदस्यों की कोई हिस्सेदारी होती है?मीडिया ने भले ही क्लीन चिट दे रखी हो उनसे यह सवाल तो होना ही चाहिए कि उन्होंने नौ साल के अपने कार्यकाल में कोई प्रेस कांफ्रेंस क्यों नहीं किया।राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव के समय भी उन्होंने केवल अडानी को लेकर उठाए गए राहुल के ही सवालों का जवाब नहीं दिया बल्कि प्रस्ताव पर बोलने वाले किसी सांसद की बात का कोई नोटिस नहीं लिया। संसद में विपक्ष के किसी सवाल का उन्होंने कभी जवाब नहीं दिया है। संसद में ÷एक अकेला सब पर भारी÷ वाला डॉयलाग भी चर्चा में रहा है। लोकतंत्र में कोई भी संसद से भारी नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस-मुक्त भारत और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा क्षेत्रीय दलों की समाप्ति का नारा दे चुके हैं।किसी भी लोकतंत्र में क्या ऐसी कामना कोई पी?म कर सकता हैज् लेकिन मोदी ऐसा बार बार कह चुके हैं।

## राहुल की लोस सदस्यता समाप्त की गई

मानहानि केस में सजा मिलने के बाद कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को एक और झटका लगा है। उनकी लोकसभा सदस्यता खत्म कर दी गई है। राहुल गांधी को दो साल की सजा मिली थी।केरल के वायनाड से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को उनकी 'मोदी सरनेम' टिप्पणी पर आपराधिक मानहानि के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद लोकसभा सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया। अगर इस मसले पर राहुल गांधी को स्टे नहीं मिलता है तो वो छह साल तक चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। लोकसभा से अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से 2019 में मोदी सरनेम को लेकर की गई टिप्पणी के मामले में सूरत की अदालत ने राहुल गांधी को दोषी करार दिया है। धारा 504 के तहत राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई गई है इसी के बाद यह चर्चा तेज है कि क्या राहुल की सांसदी भी जाएगीज्लोक-प्रतिनिधि

अधिनियम 1951 की धारा 8(3) के मुताबिक अगर किसी नेता को दो साल या इससे ज्यादा की सजा सुनाई जाती है तो उसे सजा होने के दिन से उसकी अवधि पूरी होने के बाद आगे छह वर्षों तक चुनाव लड़ने पर रोक का प्रावधान है। अगर कोई विधायक या सांसद है तो सजा होने पर वह अयोग्य ठहरा दिया जाता है। उसे अपनी विधायकी या सांसदी छोड़नी पड़ती है। संविधान विशेषज्ञ कहते हैं कि राहुल गांधी को दो साल की सजा जरूर हुई है, लेकिन सजा अभी निलंबित है। ऐसे भी फिलहाल उनकी सांसदी पर कोई खतरा नहीं है। राहुल को अगले तीस दिन के भीतर ऊंची अदालत में फैसले को चुनौती देनी होगी। अगर वहां भी कोर्ट निचली अदालत को बरकार रखती है तो राहुल की संसद सदस्यता जा सकती हैज.?पर राहुल गांधी की लोस सदस्यता समाप्त कर ही दी गई।

## छग मीडियाकर्मी सुरक्षा विधेयक और भूपेश का वादा पूरा



छत्तीसगढ़ मिडिया कर्मी सुरक्षा विधेयक विधानसभा में सर्व सम्मति से पारित हो गया। इस विधेयक में स्वतंत्र पत्रकार,मिडिया संस्थान में कार्यरत मिडिया कर्मियों से लेकर गांव में काम करने वाले पत्रकारों को सुरक्षा देने का प्रावधान है। सीएम भूपेश बघेल ने इस चुनावी वादे को निभाकर देश में पत्रकार हित में एक अनुकरणीय कदम उठाया है, इसके लिये वे साधुवाद के पात्र हैं। वैसे पत्रकार हित में उन्होंने सम्मान निधि बढ़ाया, पत्रकार अधिमान्यता का दायरा भी बढ़ाया है, पत्रकारों के आवास के लिये ऋण अनुदान की उन्होंने पहले ही पहल की है। मिडिया कर्मी सुरक्षा विधेयक छ्ग में लागू करना देश के अन्य प्रदेशों के लिये नजीर बनेगा, यह तय है। बधाई भूपेशजी।

## सुनील का एनडीटीवी से इस्तीफा



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्य सचिव सुनील कुमार ने एनडीटीवी बोर्ड के एडीशनल डाइरेक्टर के पद से इस्तीफा दे दिया है। इन्होंने 9 मार्च को अपना त्यागपत्र टीवी चैनल की संचालक कंपनी अडाणी ग्रुप को भेज दिया था। सुनिल कुमार ने अपने इस्तीफा में हाल के कुछ घटनाक्रमों का उल्लेख किया है। उन्होंने कहा है कि एनडीटीवी के साथ अपने जुड़ाव पर पुनर्विचार करने के लिए मुझे प्रभावित किया है।वैसे भी देश की आईएएस लाबी में अपनी कार्यप्रणाली और ईमानदार छवि के लिये जाने,जानेवाले सुनील कुमार को ज़ब एनडी टीवी में एडीशनल डायरेक्टर बनाया गया था तभी उन लोगों को आश्चर्य हो रहा था,जो सुनील को अच्छे से जानते हैं। इधर पूर्व सी?म रमन सिंह के खास एक और पूर्व प्रमुख सचिव अमन सिंह भी अडाणी समूह की ओर से एनडीटीवी बोर्ड में एडीशनल डॉयरेक्टर के पद के लिए मनोनित किए गए थे। वे अभी आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में छ्ग के आर्थिक अपराध विभाग के जाँच के दायरे में हैं।

## रिटायर अफसरों की मौज है छग में



छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव जैसे जैसे करीब आते जा रहे हैं वैसे वैसे शह और मात का खेल तेज होता जा रहा है। अपने पसंदीदा अफसरों को तो सेट किया ही जा रहा है वहीं रिटायरअफसरों को भी समायोजित करने का सिलसिला जारी है। हाल ही में छ्ग मंत्रिमंडल की बैठक में पुलिसमुख्यालय में एक ओएसडी का पद स्वीकृत किया गया है, सूत्र कहते हैं कि जल्दी ही रिटायर होने वाले एक वरिष्ठ आईपीएस अफसर को उपकृत करने की तैयारी है? नान घोटाले में चर्चित सेवा निवृत आईएएस डॉ आलोक शुक्ला को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है तो आदिवासी समाज के एक रिटायर प्रमोटी आईएएस को भी महत्वपूर्ण पद दिया गया है। हाल ही में सेवानिवृत आईएएस निरंजन दास को उसी पद पर संविदा में नियुक्त किया गया है. सबसे दिलचस्प बात यह है कि उनका पुनर्वास आदेश भी एक सेवानिवृत संविदा अधिकारी ने जारी किया है। छ्ग के मूल निवासी, पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढांड को भी इस सरकार ने नवाचार आयोग का चेयरमैन बना दिया है। मुख्य सचिव पद से रिटायर होने के पहले ही डॉ रमन सरकार ने रेरा का चेयरमैन बना दिया था और रेरा से रिटायर होते ही उन्हें नवगठित 'नवाचार आयोग' का चेयरमैन बना दिया गया और उनकी ही मर्जी पर जल्दी ही रिटायर होने वाले एक आईएफएस की रेरा में ताजपोशी की तैयारी है।

## और अब बस

» महादेव एप से सट्टा खिलाने के मामले की ईडी जाँच में कौन से 2 एडीशनल एसपी निशाने पर हैं?

» भाजपा नेता यही नहीं समझ पा रहे हैं कि विस चुनाव में टिकट वितरण में किस स्थानीय नेता की चलेगीज्?

» कलेक्टरों के तबादले में क्या राजधानी भी प्रभावित होगी?

» छ्ग में विस चुनाव के चलते अचार संहिता लगने के पहले क्या अक्टूबर तक तबादला होता रहेगा..?

---

## एक नजर

### महिला के साथ की दुर्व्यवहार करने वाला टीआई निलंबित

**रायपुर, 26 मार्च ।** राजधानी रायपुर में पदस्थ ट्रैफि क टीआई राकेश चौबे पर आखिरकार गाज गिर गई है। आदिवासी महिला के साथ हॉस्टल में घुसकर मामले में उसे एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने 7 दिनों की भीतक डीएसपी से जांच रिपोर्ट भी मांगी है। दरअसल, राजधानी के देवेंद्र नगर इलाके की रहने वाली हॉस्टल संचालिका ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 24 मार्च को ट्रैफि क टीआई राकेश चौबे ने वर्दी में आकर जबरदस्ती ऑफिस घुसपैठ की और महिला के साथ विशेष जातिसूचक अभद्र गाली-गलौज की। महिला ने आरोप लगाया है कि उसके साथ मारपीट भी की गई है। हॉस्टल संचालिका की लिखित शिकायत में इस बात का भी उल्लेख है कि ट्रैफि क टीआई ने उसे यौन हमले की धमकी दी और अधिकारियों से जोड़कर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। ट्रैफि क टीआई ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

### एरोबिक्स को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं: कुलपति



**रायपुर 26 मार्च।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय फिटनेस एवं एरोबिक्स कार्यशाला तृतीय दिवस एवं समापन सत्र सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. केशरी लाल वर्मा, कुलपति थे। डॉ. शैलेन्द्र कुमार पटेल,कुलसचिव, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय , प्रो. रीता वेणुगोपाल, प्रो. राजीव चौधरी, डॉ. आर. के. मिश्रा तथा उपस्थित थे। कार्यशाला मे स्वागत उद्बोधन प्रो.रीता वेणुगोपाल ने दिया। विश्विद्यालय के कुलपति वर्मा ने व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य को बरकरार रखने के लिए एरोबिक्स को अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का प्रतिभागियों से आग्रह किया। उन्होंने एरोबिक व्यायाम शाला में हिस्सा लिया। जिससे छात्र छात्राओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ।सफ़ल आयोजन के लिए शारीरिक शिक्षा विभाग को साधुवाद एवं शुभकामनाएं दी। कार्यशाला के तृतीय दिवस में रिसोर्स पर्सन डॉ. विद्या राय ने कहा फिटनेस एवं एरोबिक्स के माध्यम से हमारे शरीर के विभिन्न अंगों को मजबूती प्रदान करने के लिए बेहतर एक्सरसाइज है। कार्यशाला में प्रो. राजीव चौधरी, डॉ. आर. के. मिश्रा, प्रो. आलेख साहू, प्रो. वेणुधर रौतिया, डा सुनील कुमेटी , प्रदीप कुमार मिश्र गणेशराम बैनर्जी , मुकेश भटपहरी , अवधेश गंधर्व आदि गणमान्य नागरिकगण , छात्रगण आदि उपस्थित रहे।

## सूखे मेवे व मिठाई दुकान में आग, लाखों का नुकसान

**रायपुर 25 मार्च।** अग्रसेन चौक और रामसागरपारा के बीच होलसेल सूखा मेवा, नमकीन, मिठाई एवं कंफेक्शनरी की दुकान गुरुदेव सेल्स कॉर्पोरेशन में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। दुकान के मालिक गौतम चंद जैन डी.डी.नगर में रहते हैं। उनको रवि सिंघानिया एवं दुकान के आसपास के लोगों द्वारा लगभग एक बजे कॉल के माध्यम से बताया कि उनकी दुकान में आग लग गयी है। एक अन्य दुकान मणिधारी स्टोर्स की संचालिका पत्नी बदहवास हो गई। पुलिस पेट्रोलिंग ने बिजली विभाग एवम फायर ब्रिगेड को सूचित किया। दुकान के संचालक, पुलिस प्रशासन, अग्निशमन कर्मी और विद्युतकर्मी मौके पर तुरंत पहुंच गये। सुबह साढे आठ बजे तक आग पर काबू पाया जा सका तब तक दुकान का फर्नीचर, स्टॉक कंप्यूटर आदि, लाखों का सामान सबकुछ जलकर खाक हो गया था। अग्निशमन विभाग के अथक प्रयासों से आग फैली नहीं वरना आजू बाजू में और भी बड़ी दुर्घटना हो जाती। आग से हुये नुकसान से सभी स्तब्ध हैं। क्षेत्रीय विधायक विकास उपाध्याय भी हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर उपस्थित होकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया।



## गोधन न्याय योजना को मिला एक और राष्ट्रीय अवार्ड

**रायपुर 26 मार्च।** छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना को फिर से एक राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने प्रदेशवासियों एवं कृषि विभाग के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

दिल्ली टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी नई दिल्ली के डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना को ई-गवर्नेंस अवार्ड 2022 से नवाजा गया है। यह पुरस्कार कम्प्यूटर सोसायटी ऑफ इंडिया (स्पेशल इंटरेस्ट ग्रुप ऑन ई-गवर्नेंस) द्वारा दिया जाता है।

## मन की बात प्रेरणादायी: अशोक बजाज

**रायपुर, 26 मार्च।** जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ क्रमांक 179 बस्ती में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का प्रसारण सुना। श्री बजाज ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मन की बात का 99 वा एपिसोड हमेशा की तरह प्रेरणादायी रहा। उन्होंने आज अनेक प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से देशवासियों का ज्ञानवर्धन किया श्री बजाज ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने आज विशेष रूप से अंगदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इस महत्वपूर्ण विषय पर सबका ध्यान आकर्षित किया जो दिल को छूने वाला है. इसी प्रकार उन्होंने नारी शक्ति के बढ़ते प्रभाव का जिक्र किया और देश भर की महिलाएं कैसे कामयाबी हासिल कर रही है इसकी जानकारी दी. प्रधानमंत्री श्री



मोदी ने सौर ऊर्जा से होने वाले फायदे बताते हुए कहा कि इससे पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। उन्होंने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पर बल देते हुए कहा सौराष्ट्र-तमिल संगमम के आयोजन से एक भारत श्रेष्ठ की धारणा मजबूत होगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से कुंदन बघेल, शांतनु सिन्हा, किशोर गिरिपुंजे, सूरज साहू, गुनीराम साहू, पुष्पा सिन्हा, मीना साहू, चेतन ध्रुव, शिवनारायण बघेल, नेहरू साहू, शिव कुमार सिन्हा, टिकेश्वर साहू, विमला साहू, लक्ष्मी बाई, सुरेखा यादव, ममता धीवर,चंद्रकांता यादव, यज्ञकुमार धीवर आदि लोग उपस्थित थे।

## कमल विहार का नाम कौशल्या नगरी करने पर विचार

**रायपुर 26 मार्च।** देश में कई शहरों के नाम पूर्व में बदले गए हैं। अब राजधानी में विकसित की जा रही कमल विहार कालोनी का भी नाम बदले जाने पर विचार किया जा रहा है। हालांकि इस प्रस्ताव को रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़ ने सिरे से खारिज कर दिया है लेकिन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इस प्रस्ताव को सरकार के स्तर पर ले जाने का मूड बना रहे हैं। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि कमल विहार आवासीय योजना भाजपा शासन में लांच की गई थी। इसे सर्वसुविधायुक्त, प्रदूषण मुक्त, खूबसूरत व अत्याधुनिक आवासीय इलाका बनाने की योजना थी। यह छोटा शहर कमल की तरह खिल पाता और लोग यहां विहार कर पाते इससे पूर्व भाजपा सरकार की विदाई हो गई। दरअसल इस कालोनी का नाम भाजपा के चुनाव चिन्ह कमल पर रखा गया है। दुर्भाग्य से कमल विहार अभी भी कली के रूप में है। यह पूरी तरह से मूर्त रूप नहीं ले पाया है। कालोनी का नाम कमल विहार होना कांग्रेसियों को तब से खटकने लगा जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी। कांग्रेसियों का तर्क है कि हम क्यों कमल छाप का प्रचार करें। जब बड़े-बड़े शहरों के नाम बदल दिए गए तो कमल विहार का क्यों नहीं? इन कांग्रेसियों की आवाज बनकर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शिव सिंग ठाकुर सामने आए हैं। पिछले दिनों राविप्रा के संचालक मंडल की बैठक में शिवसिंग ठाकुर ने यह प्रस्ताव लाया था कि कमल विहार का नाम बदलकर मां कौशल्या नगरी किया जाए। चूंकि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या का मायका है लिहाजा उनके नाम पर कालोनी का विकास उचित रहेगा। दलगत राजनीति से हटकर इस नाम का विरोध भाजपा भी नहीं करेगी। भाजपा वैसे भी राम नाम की राजनीति करती है। मां कौशल्या से बढ़कर कमल नहीं हो सकता। कमल विहार का कमल भाजपा का कमल छाप है न की भगवान विष्णु का कमल। शिवसिंग के इस प्रस्ताव को आरडीए अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़ ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह सरकार के स्तर का मामला है। इसे मुख्यमंत्री की जानकारी में लाना होगा। प्रस्ताव को सरकार के पास भेजने की भी जरूरत महसूस नहीं की गई। शिवसिंग अब प्रस्ताव की जानकारी मुख्यमंत्री को देने तथा सरकारी स्तर परप्रयास करने की तैयारी कर रहे हैं। शिवसिंग यह भी चाहते हैं कि ईडब्ल्यूएस या एलआईजी मकानों को दस वर्ष तक नहीं बेच पाने की शर्त उन हितग्राहियों पर लागू नहीं होनी चाहिए जिन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तह डेढ़ लाख की छूट नहीं ली है या छूट की राशि वापस कर दी है। वैसे भी रजिस्ट्री करने व फ्री होल्ड के बाद उक्त शर्त बेमानी है। मकान बेचने का अधिकार इन हितग्राहियों को मिलना चाहिए। पैसे की अत्याधिक जरूरत पड़ने पर ऐसे हितग्राही शर्त के कारण अपनी ही संपत्ति नहीं बेच पाएंगे।

## कोयले की मांग बनी रहेगी: वर्मा

**रायपुर 26 मार्च।** भारत की सबसे बड़ी बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड कोलकाता में 16वीं इंडियन कोल मार्केट्स कॉन्फ्रेंस (भारतीय कोयला बाजार सम्?मेलन) का आयोजन कर रही है। आईटीसी सोनार में 20-21 मार्च 2023 के बीच इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। तेजी से बदलती ऊर्जा गतिशीलता को समझने के लिए, इस सम्मेलन की थीम ÷कोल रश ‑ ग्रोइंग इन ए ग्रीन वर्ल्ड रखी गई है। इसी थीम के मुताबिक, यह सम्मेलन कोयला और नवीकरणीय क्षेत्रों में विकास और इस क्षेत्र में नए निवेश की व्यवहार्यता के मायने समझने के लिए संवाद का मंच मुहैया कराएगा। एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एक?जीक्यूटिव ऑफिसर विनय वर्मा ने 16वीं इंडियन कोल मार्केट कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र के दौरान सभी गणमान्य अतिथियों और उद्योग जगत की नामचीन हस्तियों का स्वागत किया।

## सभापति ने युवती को दी नई जिंदगी

**रायपुर 26 मार्च।** राजनीति से जुड़े लोगों में ऐसे भी नेता हैं जिनके भीतर मानवता का दिल स्पंदित होते रहता है। ऐसे लोग न जाने कितने ही जरूरतमंदों का खामोशी से भला कर जाते हैं। ऐसे ही चंद समाजसेवी नेताओं की छोटी परंतु महत्वपूर्ण फेहरिस्त में नगर निगम के सभापति व पूर्व महापौर प्रमोद दुबे का नाम है। बलौदाबाजार की एक 21 वर्षीया युवती का लीवर ट्रांसप्लांट किया जाना था। आपरेशन के लिए खून की जरूरत थी। चूंकि युवती का ब्लड ग्रुप ओ निगेटिव है लिहाजा इस दुर्लभ ब्लड ग्रुप का इंतजाम करना परिवार के लिए न केवल चुनौती थी बल्कि उनके लिए टेढ़ीखीर थी। परिजन बेहद परेशान थे। लीवर ट्रांसप्लांट समय पर नहीं होता तो युवती के जीवन के लिए खतरा था। इसकी जानकारी जब प्रमोद दुबे को लगी तो वे तत्काल निजी अस्पताल पहुंच गए जहां युवती भर्ती थी। प्रमोद दुबे का भी ब्लड ग्रुप ओ निगेटिव है। उन्होंने युवती की जिंदगी के लिए रक्तदान किया। प्रमोद दुबे का कहना है कि यदि मेरे रक्त से किसी की जिंदगी बचती है तो इससे बड़ी सेवा और क्या हो सकती है। इसी बहाने वैमनस्य के इस काल में रक्त संबंध बन जाते हैं। दुबे का यह कार्य प्रेरणादायक है।






कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23